सूर्योदय 6:52 सूर्यास्त 5:24

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 8.5 न्यू | 16.0 अधि |
| धर्मशाला | 10.5 न्यू | 23.0 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79117.11 |
| निफ्टी | 23907.25 |
| सोना 78,820 | चांदी 93,744 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




विराट कोहली ने लगाया 30वां टेस्ट शतक

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | सोमवार, 25 नवंबर 2024 | 10 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 339, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### गौतम अडानी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर



**नई दिल्ली।** उद्योगपति गौतम अडानी के खिलाफ अमेरिका में रिश्वतखोरी और धोखाधड़ी के आरोप में अभियोग चलाने के संबंध में जांच का अनुरोध करते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है। याचिका में कहा कि इस कदम से समूह की ओर से किए गए कदाचार का खुलासा हुआ है। यह याचिका अधिवक्ता विशाल तिवारी ने अडानी-हिंडनबर्ग विवाद में भारतीय कॉरपोरेट दिग्गज की ओर से शेयरों के मूल्य में हेरफेर के आरोपों से संबंधित याचिकाओं के समूह में एक अंतरिम आवेदन के रूप में दायर की गई है।

### छत्तीसगढ़ में आईईडी ब्लास्ट, 1 जवान घायल

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सलियों की ओर से लगाए आईईडी में रविवार को विस्फोट होने से जिला रिजर्व गार्ड का एक कांस्टेबल घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक, सुरक्षाकर्मियों ने जिले के उसी इलाके में एक अलग स्थान पर नक्सलियों की ओर से लगाया गया एक अन्य आईईडी भी बरामद किया। आईईडी विस्फोट पूर्वाह्न करीब 11 बजे चिंतलनार थाना क्षेत्र के तहत नव स्थापित रायगुडा पुलिस शिविर के पास उस समय हुआ, जब जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) की एक टीम वहां पहुंची। डीआरजी राज्य पुलिस की एक इकाई है, जो घटना के समय अभियान पर निकली थी।

### बारामूला में आतंकी ठिकाने से ग्रेनेड बरामद



**अशोक ठाकुर, श्रीनगर।** उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के कुंजर इलाके में सुरक्षाबलों ने एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया है और वहां से कारतूस, ग्रेनेड समेत आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सूचना मिलते के बाद तलाशी अभियान चलाया गया। इसके बाद सुरक्षाबलों ने आतंकी ठिकाने का पता लगाकर ग्रेड व कारतूस को बरामद कर नष्ट कर दिया। सेना के जवानों ने आतंकियों के हमले की साजिश को नाकाम कर दिया। (अनंत ज्ञान)


**अनंत ज्ञान**

**अनुभवी स्टाफ चाहिए**

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

**संपादकीय विभाग**

उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। डेस्क पर अनुभवी सब एडिटर चाहिए।

**मार्केटिंग विभाग**

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com


## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- 6 दिन में 5,215 वाहनों की जांच, 570 के काटे चालान -पेज 3
- सुरंगानी में भीषण अग्निकांड एनएचपीसी के 8 क्वार्टर स्वाह -पेज 7
- प्रदेशभर में गायब हो गए डीपीई प्रोमोशन कोटे के 133 पद -पेज 9
- अजित पवार को महाराष्ट्र विधानसभा में पार्टी का नेता चुना -पेज 13
- कपिल ने टीम की अगुआई करने के लिए बुमराह की सराहना -पेज 14


# भारतीय मूल के लोग दुनिया में हर क्षेत्र में आगे : मोदी

## युवाओं से किया एनसीसी से जुड़ने का आह्वान, विदेश में बसे भारतीयों की तारीफ

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम के 116वें एपिसोड को संबोधित किया। उन्होंने स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती, एनसीसी, गयाना यात्रा, लाइब्रेरी जैसे मुद्दे पर बात की। पीएम मोदी ने युवाओं से एनसीसी से जुड़ने की अपील की। पीएम ने कहा कि आज एनसीसी दिवस है। मैं खुद एनसीसी का कैडेट रहा हूं और इसके अनुभव मेरे लिए अनमोल हैं। एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और सेवा की भावना पैदा करती है। देश में कहीं भी आपदा होने पर एनसीसी कैंडेट्स आगे बढ़कर मदद करते हैं।

उन्होंने कहा कि 11-12 जनवरी को दिल्ली में 'विकसित भारत युवा नेता संवाद' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा और यह पहल उन युवाओं को राजनीति से जोड़ने के प्रयासों का हिस्सा है, जिनकी कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं है। लोगों से उन प्रवासी भारतीयों की प्रेरक कहानियों का जश्न मनाने का भी

**'मन की बात' का 116वां एपिसोड**



आह्वान किया, जिन्होंने विश्व स्तर पर अपनी छाप छोड़ी, स्वतंत्रता संग्राम में योगदान दिया और 'हमारी विरासत' को संरक्षित किया। उन्होंने कहा कि विदेशों में रहने वाले भारतीय समुदायों के व्यक्तित्व में भारतीयता गहराई से समाहित है। भारतीय मूल के लोग अपने निवास वाले देशों में हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमने भारतीय विरासत को जीवित रखा है। पीएम ने गुयाना यात्रा का भी जिक्र किया।

### सामाजिक समूहों को सराहा

**प्रधानमंत्री** ने एक पेड़ मां के नाम अभियान का भी जिक्र किया और कहा कि इस अभियान के तहत पांच महीने में ही 100 करोड़ पेड़ लगाए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री ने चेन्नई के कूडुगल ट्रस्ट का जिक्र किया, जो गौरेया चिड़िया की आबादी बढ़ाने के लिए काम कर रहा है। यह चिड़िया हमारे आसपास बायोडायवर्सिटी बनाए रखने में अहम है। प्रधानमंत्री ने कचरा प्रबंधन के लिए शुरू हुए इनोवेशन की भी तारीफ की और मुंबई की दो युवतियों का जिक्र किया, जो कतरन से फैशनेबल कपड़े बना रही हैं। प्रधानमंत्री ने ऐसे ही कई एनजीओ और सामाजिक समूहों का जिक्र किया, जो देश के विकास के लिए काम कर रहे हैं।

### किताबों से करिए दोस्ती

**पीएम** मोदी हमेशा देश के युवाओं को कोई न कोई संदेश देते हैं। उन्होंने 'मन की बात' कार्यक्रम में इस बात का जिक्र किया कि सभी को किताबों से दोस्ती बढ़ानी चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि पढ़ाई को लेकर कई प्रयोग हो रहे हैं। कहते भी हैं कि किताबें इंसान की सबसे अच्छी दोस्त होती हैं। चेन्नई में बच्चों के लिए ऐसी लाइब्रेरी तैयारी की गई है, जो अब क्रिएटिविटी का सेंटर बन चुकी है। इसमें 3000 से अधिक किताबें हैं। इसके अलावा इसमें कई तरह की एक्टिविटी भी बच्चों को लुभाती है। बिहार का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि गोपालगंज के प्रयोग लाइब्रेरी की चर्चा कई शहरों में हो रही है। इससे करीब 12 गांव के युवाओं को किताबें पढ़ने की सुविधा मिलने लगी है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में 'वेस्ट टू वेल्थ' की धारणा बहुत पुरानी है। देश के कई हिस्सों में युवा बेकार समझी जाने वाली चीजों को अलग-अलग तरीकों से संपदा में बदल रहे हैं। वे न केवल बेकार वस्तुओं को उपयोगी बना रहे हैं, बल्कि इससे पैसे भी कमा रहे हैं। मैं चाहता हूं कि युवा इस दिशा में और ज्यादा प्रयास करें और पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आर्थिक लाभ के इस मॉडल को आगे बढ़ाएं।

# पंत बने आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी, लखनऊ ने 27 करोड़ में खरीदा

## नीलामी : श्रेयस अय्यर 26.75 करोड़ रुपए में पंजाब किंग्स से जुड़े

**एजेंसी, जेद्दा ( सउदी अरब )**



**भारत** के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत आईपीएल में सबसे महंगे बिकने वाले खिलाड़ी बन गए। लखनऊ सुपर जाइंट्स ने रविवार को मेगा नीलामी में 27 करोड़ रुपए में खरीदा।

वहीं, केकेआर को इस साल खिताब दिलाने वाले कप्तान श्रेयस अय्यर 26 करोड़ 75 लाख रुपए में पंजाब किंग्स से जुड़े। पंत के लिए सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ के बीच जमकर होड़ लगी। स्टार्क को 11 करोड़ 75 लाख में दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा को गुजरात टाइटंस ने 10 करोड़ 75 लाख व इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर को गुजरात टाइटंस ने 15 करोड़ 75 लाख रुपए में खरीदा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा को आईपीएल नीलामी में 11 करोड़ में खरीदा है।

**पंत के लिए सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ में जमकर लगी होड़**





| वेंकटेश अय्यर | अर्शदीप सिंह | युजवेंद्र चहल | लोकेश राहुल | मोहम्मद सिराज |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता नाइट राइड्स | पंजाब किंग्स | पंजाब किंग्स | दिल्ली कैपिटल्स | गुजरात टाइटंस |
| 23.75 करोड़ | 18 करोड़ | 18 करोड़ | 14 करोड़ | 12.25 करोड़ |

# जामा मस्जिद सर्वेक्षण के विरोध में पथराव, 3 की मौत

## वाहनों को जलाने की कोशिश, पुलिस ने 15 उपद्रवी हिरासत में लिए

**एजेंसी, संभल ( उप्र )**

**संभल** की जामा मस्जिद में अदालत के आदेश पर रविवार को किए जा रहे सर्वेक्षण का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारी पुलिस से भिड़ गए और तीन लोगों की मौत हो गई।

वहीं, प्रदर्शनकारियों ने वाहनों को जलाने की कोशिश की और पुलिस पर पथराव किया, जिसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले दागे और लाठीचार्ज किया। मुरादाबाद मंडल के आयुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने कहा कि इस मामले में उपद्रवियों के दो तीन समूह थे, जो लगातार गोलीबारी कर रहे थे। पुलिस प्रशासन ने सर्वे करने आई टीम को सुरक्षित तरीके से बाहर निकाला। समूहों में उपद्रव करने वालों में एक समूह के लोग नखासा में चले गए और पथराव शुरू कर दिया। मंडल



आयुक्त ने कहा कि इस हिंसा, गोलीबारी और पथराव में पुलिस अधीक्षक के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) के पैर में गोली लगी है, जबकि उप जिलाधिकारी का पैर टूट गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस क्षेत्राधिकारी को भी छर्रे लगे हैं और अब स्थिति नियंत्रण में है। आयुक्त ने कहा कि पथराव में शामिल दो महिलाओं को पकड़ा गया है और लगभग 15 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# 4जी कनेक्टिविटी से जुड़ा लाहौल-स्पीति का 'रॉरिक' गांव

## बीएसएनएल के सहयोग से मिली यह उपलब्धि : सीएम सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि लाहौल-स्पीति जिले के दूरवर्ती गांव रॉरिक को हाई-स्पीड 4जी ब्रॉडबैंड सेवा सुविधा प्रदान कर दी है। यह उपलब्धि बीएसएनएल के सहयोग से संभव हुई है, जिससे इस ठंडे और दूरदराज क्षेत्र के निवासियों की आधुनिक दूरसंचार बुनियादी ढांचे तक पहुंच सुनिश्चित हुई है।

इस क्षेत्र में तापमान शून्य डिग्री से नीचे चला जाता है और आधुनिक दूरसंचार अवसंरचना तक पहुंच सीमित रहती है। सुक्खू ने कहा कि रारिक गांव में नव स्थापित 4जी साइट को उपग्रह संचार प्रणाली (वीएसएटी) तकनीक का उपयोग करके स्थापित किया गया है। राज्य सरकार ने इस पहल की सफलता सुनिश्चित करने में सक्रिय भूमिका निभाई है, क्योंकि हिमाचल प्रदेश 4जी संतृप्ति परियोजना के तहत भूमि हस्तांतरण के लिए 100 प्रतिशत अनापत्ति प्रमाण पत्र देने वाला देश का पहला राज्य है। राज्य के संबंधित विभागों से सभी आवश्यक स्वीकृतियां समयबद्ध और व्यवस्थित रूप से प्रदान की गईं, जिससे प्रदेशभर के दूरदराज गांवों में 4जी टावरों की स्थापना संभव हो पाई है, जहां अब तक कवरेज नहीं थी।

उन्होंने कहा कि अब तक 366 वन स्थलों और 46 सरकारी स्थलों के लिए मंजूरी प्रदान की गई है, जो कुल 658 स्थानों को कवर करती हैं। अब तक 294 टावर कार्यशील हो चुके हैं, जबकि 37 अतिरिक्त टावरों पर कार्य प्रगति पर है।

### दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए उठाए कई कदम

**सुक्खू** ने कहा कि सरकार जनजातीय और दूरदराज के क्षेत्रों में लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए गुणवत्तायुक्त और उच्च प्रौद्योगिकी सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने जनजातीय और दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के दृष्टिगत कई कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने ऐतिहासिक पहल करते हुए अपने कार्यकाल के दौरान अप्रैल, 2023 में पहला हिमाचल दिवस स्पीति घाटी के काजा में मनाया था।

### मायावती का ऐलान अब कोई भी उपचुनाव नहीं लड़ेगी बसपा



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने राज्य की नौ सीट पर हुए उपचुनाव में पार्टी को करारी शिकस्त मिलने के बाद रविवार को चुनाव में धांधली का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अब उनकी पार्टी कोई उपचुनाव नहीं लड़ेगी। यूपी में नौ सीट पर हुए उपचुनाव में बसपा के उम्मीदवार तीसरे स्थान पर रहे, जबकि दो सीट पर आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) और एआईएमआईएम के उम्मीदवारों से भी पीछे पांचवें स्थान पर रहे।

# हिमाचल के मैदानी क्षेत्रों में 26 तक घने कोहरे का येलो अलर्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**ऊंची चोटियों पर बर्फबारी से बढ़ी ठंड**

हिमाचल की ऊंची चोटियों पर शनिवार को हुई बर्फबारी के बाद शीतलहर बढ़ गई है। वहीं, मैदानी इलाकों में सूखी ठंड पड़ रही है। प्रदेशभर में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। ऊपरी क्षेत्रों में हुई बर्फबारी के कारण लोगों को राहत मिली है, लेकिन निचले क्षेत्रों में अभी भी शुष्क ठंड से लोग त्रस्त हैं। नवंबर माह में अभी तक सामान्य से 100 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है। प्रदेश में सूखे के हालत देखने को मिल रहे हैं। इसके अलावा, कोहरे के कारण भी मैदानी क्षेत्रों में लोग परेशान हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, 4 से 5 दिनों तक बारिश होने की कोई संभावना नहीं है। 24 से 26 नवंबर तक प्रदेश के कई हिस्सों में घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान बिलासपुर, सुंदरनगर और मंडी में सुबह और शाम के समय घना कोहरा छाया रहेगा, जिस कारण विजिबिलिटी भी कम रहेगी। वहीं, ऊना और हमीरपुर के कुछ हिस्सों में घने कोहरे को लेकर अलर्ट जारी किया गया है।



धूप के बीच रिज मैदान पर घूमने का आनंद लेते पर्यटक।

# संसद सत्र आज से, अडानी मुद्दे पर हंगामे के आसार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**संसद** का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से शुरू होगा। गृहमंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रविवार को सर्वदलीय बैठक हुई। बैठक में 30 पार्टियों के 42 नेता मौजूद रहे। कांग्रेस समेत विपक्षी नेताओं ने लोकसभा में पहले दिन अडाणी मामले पर बहस की मांग की है। संसद का शीतकालीन सत्र 20 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान 19 बैठकें होंगी। सरकार ने सत्र में वक्फ संशोधन विधेयक सहित 16 विधेयक की लिस्ट तैयार की है। लोकसभा बुलेटिन के मुताबिक लोकसभा में 8 और राज्यसभा में 2 विधेयक लंबित हैं। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि चर्चा के मुद्दों पर फैसला कार्य मंत्रणा समिति करेगी। विपक्ष सदन की कार्यवाही सुचारु रूप से चलने दे।






# हेमंत सोरेन 28 नवंबर को चौथी बार लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ

**एजेंसी, रांची**



**झामुमो** नेता हेमंत सोरेन ने रविवार को झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की और सरकार बनाने का दावा पेश किया। सोरेन 28 नवंबर को चौथी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। इससे पहले दिन में राज्य में विपक्षी गठबंधन के नेताओं ने सर्वसम्मति से सोरेन को विधायक दल का नेता चुना।

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेताओं ने बताया कि सरकार बनाने का दावा पेश करने से पहले सोरेन ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। सोरेन ने कहा कि मैंने सरकार बनाने का दावा पेश किया है और राज्यपाल को गठबंधन सहयोगियों का समर्थन पत्र सौंप दिया है। उन्होंने हमें सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया है। शपथ ग्रहण समारोह 28 नवंबर को होगा। हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्यपाल संतोष गंगवार ने कार्यवाहक सीएम नियुक्त किया है। शपथ ग्रहण समारोह 28 नवंबर को होगा। समारोह सुबह 11.30 बजे होगा। सूत्रों के अनुसार, गठबंधन 5 विधायक पर एक मंत्री पद का फॉर्मूला तय कर सकता है। इसमें जेएमएम को 6, कांग्रेस को 1 और राजद को 1 मंत्री पद मिल सकता है। शपथ ग्रहण समारोह में राहुल गांधी और तेजस्वी यादव शामिल हो सकते हैं।

### महाराष्ट्र में अभी सीएम की घोषणा नहीं

**मुंबई।** महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव के रिजल्ट आने के बाद अब साफ हो गया है कि राज्य में महायुति की सरकार बनेगी। महायुति से ष्टरूपद के उम्मीदवार की अभी तक घोषणा नहीं हुई है। विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को खत्म हो रहा है, इसलिए इससे पहले सरकार गठित होनी है। ऐसा न होने पर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाना पड़ेगा। सरकार का चेहरा यानी मुख्यमंत्री का नाम तय करने के लिए देवेंद्र फडणवीस, एकनाथ शिंदे और अजित पवार रविवार दिल्ली रवाना होंगे। भाजपा आलाकमान के साथ मीटिंग के बाद ष्टरूके नाम का ऐलान हो सकता है।




## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री 25 को चलौंठी व कोटि के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, शिमला।** मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश सुखविंद्र सिंह सुक्खू 25 नवंबर को चलौंठी व कोटि के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री प्रातः 11 बजे जिला परिषद भवन पंचायत संसाधन केंद्र का उद्घाटन करेंगे। इसके उपरांत वह दोपहर 12.30 बजे राजकीय डिग्री कॉलेज कोटी के भवन तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोटी के विज्ञान ब्लॉक का उद्घाटन करेंगे। वह जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह भी उपस्थित रहेंगे।

### मिसेज इंडिया की प्रथम रनरअप अक्षिता ने सीएम से भेंट की



**अनंत ज्ञान, शिमला।** यूएमबी मिसेज इंडिया की प्रथम रनरअप अक्षिता शर्मा ने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट की और प्रतियोगिता के बारे में अपने अनुभव साझा किए। मुख्यमंत्री ने अक्षिता को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई दी और हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश की बेटियां हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके राज्य को गौरवान्वित कर रही हैं। मूल रूप से शिमला जिले के रोहडू की रहने वाली अक्षिता शर्मा वर्तमान में चंडीगढ़ में बैंकर के रूप में कार्यरत हैं। भेंट के दौरान अक्षिता के साथ उनके पति प्रद्युत सुंटा, उनका बेटा अबीर और परिवार के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

### पर्यटन व आतिथ्य सत्कार कोर्स शुरू करने की मांग

**जुन्गा (शिमला)।** मुख्यमंत्री बनने के बाद कुसुंपटी निर्वाचन क्षेत्र की तहसील जुन्गा में पहली बार 25 नवंबर को सुखविंद्र सुक्खू के आगमन पर हिमाचल प्रदेश किसान सभा ने स्वागत किया है। किसान सभा के राज्याध्यक्ष डॉ. कुलदीप सिंह तंवर ने सीएम से मांग की है कि राजकीय डिग्री कॉलेज चायल कोटी में साइंस विषय, संगीत में वोकल विषय तथा पर्यटन और आतिथ्य सत्कार का कोर्स आरंभ किया जाए ताकि कॉलेज से शिक्षा ग्रहण करने के उपरांत युवा पर्यटन एंव आतिथ्य सत्कार को व्यवसाय के रूप में अपना सके। उन्होंने बताया कि कूफरी, शिलोनबाग, कोटी, चायल में हर वर्ष हजारों की तादाद में सैलानी प्रकृति की छटा का आन्नद लेने आते हैं। यदि इस कॉलेज में यह कोर्स आरंभ किया जाता है तो बच्चों को घरद्वार पर रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकते हैं । उन्होंने बताया कि कॉलेज में साइंस विषय ने होने से बच्चों को इस विषय पढ़ने के लिए सोलन अथवा शिमला जाना पड़ता है। डॉ. तंवर ने कहा कि जुन्गा तहसील की 10 पंचायतों का यह एक मात्र कॉलेज है परंतु बच्चों को कॉलेज आने के लिए समय पर बस सेवाएं न उपलब्ध होने पर ग्रामीण परिवेश के अधिकांश बच्चे उच्च शिक्षा ग्रहण करने से वंचित रह जाते हैं ।

### जुब्बल स्कूल के स्वयंसेवकों ने निकाली स्वच्छता रैली




**अनंत ज्ञान, जुब्बल।** ठाकुर रामलाल राजकीय स्वर्ण जयंती उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जुब्बल में सात दिन तक चलने वाले शिविर में 45 स्वयं सेवको ने भाग लिया। यह शिविर 19 से 25 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा हैं। सात दिन तक चलने वाले इस शिविर के पांचवें दिन स्वयं सेवकों द्वारा स्वच्छता के प्रति रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही साथ मंदिर परिसर व बावड़ियों की भी साफ सफाई की गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य केशव शर्मा, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी पूजा, दमिता व भगवान सिंह मौजूद रहे।

### नयना देवी मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं ने टेका माथा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश के विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी में रविवार को 35 हजार के करीब श्रद्धालुओं ने माताजी के दर्शन किए व अपने घर परिवार के लिए सुख समृद्धि की कामना की। रविवार की छुट्टी के चलते मंदिर में श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा रहा। माता जी का मंदिर ऊंचे जयकारों से गुंजित हो उठा। हालांकि मंदिर के द्वार सुबह 4 बजे दर्शनों के लिए खोल दिए गए थे। सुबह से ही श्रद्धालुओं की मंदिर में भीड़ लगी रही। पंजाब हिमाचल हरियाणा दिल्ली और अपने प्रदेशों से काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने आज मां के दर्शन करके मंदिर में पूजा-अर्चना की और अपनी मनोकामनाएं मांगी। मंदिर न्यास द्वारा तैनात सुरक्षा कर्मियों और होमगार्ड के जवानों ने भारी भीड़ पर नियंत्रण बनाए रखा और पंजाब के श्रद्धालुओं के द्वारा मंदिर के मुख्य और निकासी द्वार पर चाय- पानी की लंगर सेवा भी की, जिसकी श्रद्धालुओं ने काफी सराहना की।

### बरमाणा में बास्केटबॉल प्रतियोगिता आयोजित



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरमाणा अंडर-14 बास्केटबॉल एक दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें दस टीमों ने भाग लिया। इस खेलकूद प्रतियोगिता में ग्राम पंचायत के पूर्व उपप्रधान जतीश ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने प्रतिभागी खिलाड़ियों के लिए नेट व बॉल उपलब्ध करवाए। उन्होंने बच्चों को नशे से दूर रहने व खेलों से जुड़ने की सीख दी। इस दौरान प्रतिभागी खिलाड़ियों ने बास्केटबॉल मैदान की मरम्मत की मांग की, जिसे मुख्यातिथि ने पूर्व विधायक बंबर ठाकुर के माध्यम से धन उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। मुख्यातिथि ने प्रतियोगिता के आयोजन के लिए अपनी ओर से 3100 रुपए की राशि प्रदान की।

### सुक्खू सरकार ने लोगों को ठगा: महेंद्र धर्माणी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** कांग्रेस सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए इसे प्रदेश के इतिहास का सबसे असफल कार्यकाल करार दिया है। धर्माणी ने कहा कि प्रदेश सरकार के दो वर्ष के इस कार्यकाल को झूठ और लूट के तौर पर याद किया जाएगा, क्योंकि इन पिछले दो वर्षों में जिस तरह से गारंटियों के नाम पर लोगों के साथ झूठ और फरेब किया गया है, उसको प्रदेश के लोग कभी नहीं भूलेंगे। दूसरी तरफ प्रदेश में कांग्रेस सरकार खनन माफिया तथा नशा माफिया को संरक्षण देकर प्रदेश को लूटने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार अपने 2 वर्ष पूरे होने पर बिलासपुर में एक समारोह आयोजित कर रही है, लेकिन यह समारोह प्रदेश की वास्तविक स्थिति से एकदम विपरीत प्रतीत होता है, क्योंकि चुनाव के दौरान कांग्रेस ने सत्ता में आने के बाद प्रदेश के विकास को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का दावा किया था, लेकिन पिछले दो वर्षों में प्रदेश में विकास के नाम पर केवल जनता के अधिकारों का हनन हुआ है। धर्माणी ने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता हथियाने के लिए प्रदेश की जनता से 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने का वादा किया था, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण भाजपा सरकार द्वारा दी जा रही 125 यूनिट निशुल्क बिजली को भी सरकार ने बंद कर दिया। यही नहीं गांव में लोगों को पानी के बिल जारी कर ग्रामीण लोगों पर भी आर्थिक दबाव डाला गया। दूसरी तरफ सुक्खू सरकार की महिलाओं को हर महीने 1500 रुपए देने की गारंटी भी कागजों तक ही सीमित कर रह गई। प्रदेश की महिलाएं, जिन्होंने इस वादे से बड़ी उम्मीदें थी, आज खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही हैं।

---

### लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य ने रोहडू बाजार में नवनिर्मित पार्किंग का किया लोकार्पण

# पीपीपी मॉडल पर बना रहा भवन

## 120 वाहनों की पार्किंग, फूड कॉर्नर, होटल और सिनेमा हॉल बनेंगे

**दशमी रावत, रोहडू**

रोहडू बाजार में पब्लिक पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल में चार मंजिला पार्किंग का लोकार्पण लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री ने किया।

यहां बना पार्किंग भवन सात मंजिला होगा। पहली चार मंजिलों पर वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था रखी गई है, जिनमें करीब 120 वाहनों को पार्क करने का प्रावधान है, जबकि अन्य तीन मंजिलों में दुकानें, सिनेमा हॉल, होटल की सुविधा होगी।

बहुउद्देशीय भवन के पहले चरण में चार मंजिलों में पार्किंग बनाई गई है। इन तीन मंजिलों में करीब 30 दुकानें बनाने का प्रस्ताव है। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि क्षेत्र के लोगों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार पूरी तरह प्रयासरत है। रोहडू क्षेत्र के लोगों के लिए बहुउद्देशीय भवन में पार्किंग व अन्य सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी। (अनंत ज्ञान)



नवनिर्मित पार्किंग का लोकार्पण करते हुए विक्रमादित्य व अन्य।

### 14 करोड़ आएगी लागत

**नगर** परिषद रोहडू और शिकडू महाराज बिल्डर प्राइवेट लिमिटेड रोहडू के सहयोग से ये भवन बनाया जा रहा है। भवन की अनुमानित लागत करीब 14 करोड़ रुपए होगी।

### पार्किंग की मिलेगी सुविधा

**रोहडू** बाजार में वाहन पार्क करने के लिए वाहन चालकों को काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ता था। लेकिन पार्किंग की सुविधा आरंभ होने से क्षेत्र के लोगों को राहत मिलेगी।

### मिलेगी सिनेमा हॉल की सुविधा

**इस** पार्किंग की एक मंजिल पर 100 लोगों की बैठने की क्षमता वाला अत्याधुनिक सिनेमा हॉल भी प्रस्तावित है। फिलहाल रोहडू में कोई भी सिनेमा हॉल नहीं है। ऐसे में यहां के लोगों की शहरों की तर्ज पर अत्याधुनिक सिनेमा हॉल मिलेगा। फूड कॉर्नर और रेस्टोरेंट की सुविधा पार्किंग में ऊपरी मंजिलों में फूड कॉर्नर और रेस्टोरेंट की सुविधा होगी।

### स्नो ब्लोअर लोक निर्माण विभाग रोहडू को सौंपा

**इस** अवसर पर लोक निर्माण और शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने करीब 2 करोड़ 17 लाख रुपए की लागत से खरीदे गए स्नो ब्लोअर को लोक निर्माण विभाग रोहडू को सौंपा। इस स्नो ब्लोअर से बर्फ के दिनों में क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। चांशल क्षेत्र जोकि बर्फबारी के कारण कई महीनों तक बंद रहता है, इस क्षेत्र में बर्फ को हटाने में कारगर साबित होगा है। वहीं बर्फबारी के चलते डोडरा क्वार का क्षेत्र तीन से चार महीनों के लिए प्रदेश के अन्य हिस्से से पूरी तरह हर साल कट जाता है। ऐसे में उक्त स्नो ब्लोअर से क्षेत्र के मार्ग को खोलने में तीव्रता आएगी। वहीं रोहडू खंड में जहां पर भी बर्फबारी के दिनों में उक्त मशीनरी की आवश्यकता होगी, वहां इसका इस्तेमाल किया जाएगा।



# बर्फबारी वाले क्षेत्रों में वाहन में एंटी-स्किड टायर, स्नो चेन व लगवाएं अच्छी ब्रेक

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश पुलिस ने सभी पर्यटकों, यात्रियों, और दैनिक यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। पुलिस ने आग्रह किया है कि वे राज्य के जनजातीय क्षेत्रों, बर्फबारी वाले क्षेत्रों, और पहाड़ी इलाकों की यात्रा की योजना बनाते समय अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता दें। आगामी सर्दियों के मौसम को ध्यान में रखते हुए एक सुरक्षित और आनंददायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए जो सलाह दी है उसका पालन करें।

पुलिस ने यह सलाह दी है कि वाहन का रखरखाव और सुरक्षा की दृष्टि से अपने वाहन को सर्दी के लिए तैयार करें। जैसे कि एंटी-स्किड टायर, स्नो चेन, और ठीक से काम कर रहे ब्रेक लगवाएं। वहीं बैटरी की स्थिति, ईंधन स्तर, और कूलेंट सिस्टम की जांच करें ताकि दूरस्थ क्षेत्रों में खराबी से बचा जा सकें। अतिरिक्त टायर, जैक, और आपातकालीन उपकरण अपने साथ रखें। बर्फबारी वाले क्षेत्रों में हर साल पर्यटक फंस जाते है। ऐसे में पुलिस ने इस बार पहले ही एडवाइजरी जारी की है।

### अगर कोई परेशानी है तो 112 में करें कॉल

**अगर** आपको कोई भी परेशानी आती है तो आपातकालीन संपर्क नंबर 112 पर कॉल करें। आपातकालीन संपर्क नंबर 112 हमेशा अपने पास रखें। विशेष रूप से सीमित आवास विकल्प वाले क्षेत्रों में अंतिम समय की असुविधा से बचने के लिए पहले से बुकिंग की पुष्टि कर लें। पर्यावरण का सम्मान करें और कचरा न फैलाएं। हिमाचल प्रदेश की प्राकृतिक सुंदरता को बनाए रखने के लिए जिम्मेदार पर्यटन के सिद्धांतों का पालन करें।

> पर्यटकों सहित अन्य लोगों के लिए बर्फबारी से संबंधित एडवाइजरी जारी की है। इसकी सभी को पालना करनी होगी। पर्यटकों से यह भी अनुरोध है कि वे हिमाचल प्रदेश पुलिस और अन्य अधिकारियों के साथ सहयोग करें ताकि उनकी यात्रा सुरक्षित और सुखद हो सके। बर्फबारी के अगर कही पर भी कोई परेशानी आती है तो आपातकालीन नबंर जरूर याद रखें।
>
> –नरवीर सिंह राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक, टूरिस्ट और रेलवे विंग हिप्र।

# भाजपा ने महाराष्ट्र एवं झारखंड के उपचुनावों को लेकर मनाया जश्न

**अनंत ज्ञान, शिमला**



भाजपा जिला शिमला द्वारा आयोजित महाराष्ट्र एवं झारखंड के विधानसभा चुनाव और अन्य राज्यों में हुए उपचुनावों में पार्टी को अभूतपूर्व आर्शीवाद देने के लिए जनता का आभार एवं जश्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रेम ठाकुर द्वारा की गई, जिसमें प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा, सह प्रभारी शिमला संसदीय क्षेत्र संजय सूद विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर भाजपा मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने कहा देश के अलग-अलग भागों में कांग्रेस के पुराने लोग हैं जो अपने जमाने की कांग्रेस को ढूंढ रहे हैं, लेकिन आज की कांग्रेस की आदत, व्यवहार से साफ पता चल रहा है कि ये वो कांग्रेस नहीं है। कांग्रेस में आतंरिक रूप से असंतोष की ज्वाला भड़क चुकी है। एक परिवार को कांग्रेस चलाने का हक है, केवल वही काबिल हैं, बाकी सब नहीं। इनकी इसी सोच ने कांग्रेस के समर्पित कार्यकर्ता के लिए वहां काम करना मुश्किल कर दिया है। कांग्रेस का परिवार सत्ता के बिना जी नहीं सकता। चुनाव जीतने के लिए ये कुछ भी कर सकते हैं।

### देश को तोड़ने की बात करने वालों को लोगों ने सबक सिखाया : कंगना

**शिमला।** कंगना रनौत ने कहा कि देश तोड़ने की बात करने वालों को लोगों ने करारा सबक सिखाया है। उन्होंने महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों का जिक्र किया, जहां उनकी पार्टी के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने कांग्रेस के नेतृत्व वाले एमवीए को करारी शिकस्त दी।

मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए अभिनेत्री-राजनेता ने कहा कि उनका मानना है कि उनका जन्म देश के उद्धार के लिए हुआ है और वे अजेय हैं। नई दिल्ली रवाना होने से पहले भुंतर हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बात करते हुए रनौत ने कहा कि महाराष्ट्र के लोगों ने विकास और स्थिर सरकार के लिए वोट दिया है। उन्होंने महायुति की चुनावी सफलता के लिए मोदी को बधाई दी।

# रोहित ठाकुर ने दो सड़कों का किया भूमि पूजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर अपने दो दिवसीय प्रवास के पहले दिन कोटखाई के रावला क्यार पंचायत के अंतर्गत कीथ गांव में थे जहां पर उन्होंने विधायक प्राथमिकता के आधार पर पक्की होने वाली कीथ बस स्टैंड से काली माता मंदिर, गाहन सड़क का भूमि पूजन किया।



भूमि पूजन करते हुए रोहित ठाकुर व अन्य।

इस सड़क की मेटलिंग और टायरिंग पर 80 लाख रुपए खर्च होंगे, जिससे की स्थानीय जनता की एक मुख्य मांग जो काफी लम्बे समय से लंबित थी वह पूरी होगी। रोहित ठाकुर ने अपने सम्बोधन में बताया कि रावला क्यार पंचायत विशेषकर कीथ गांव से उनके भावनात्मक सम्बन्ध है और ठाकुर रामलाल के समय से है उन्हें इस क्षेत्र से आशीर्वाद मिलता रहा है। उन्होंने बताया कि शिक्षा मंत्री के रूप में उन्हें जुब्बल नावर कोटखाई की जनता की सेवा करने का जो अवसर उन्हें मिला है उसके लिए वे जनता के आभारी है।

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना चरण-3 के अंतर्गत सर्वाधिक सड़के जुब्बल नावर कोटखाई क्षेत्र के लिए स्वीकृत हुई हैं। इसके अतिरिक्त वर्तमान कांग्रेस सरकार के लगभग 2 वर्षों के कार्यकाल में इस विधानसभा सभा में 99 सड़कों की पासिंग हो चुकी है और कल यानि 25 नवंबर 2024 को कोटखाई क्षेत्र के अंतर्गत गरावग पंचायत में एक और सड़क की पासिंग की जाएगी जिससे कि इन सड़कों के पासिंग का शतक पूरा हो जाएगा जोकि इस विधानसभा सभा क्षेत्र के लिए एक बहुत बढ़ी उपलब्धि होगी।

अपने दौरे के अगले चरण में शिक्षा मन्त्री कोटखाई की दरकोटि पंचायत पहुंचे जहां पर उन्होंने 8 करोड़ 50 लाख रुपए की राशि से पक्की होने वाली कुड़ी ,हड़याना से राज दरबार संपर्क मार्ग का भूमि पूजन किया ।

# बिलासपुर में पर्यटन विकास को मिलेगी नई रफ्तार

## अब हफ्ते में तीन दिन बिलासपुर उपायुक्त कार्यालय परिसर में बैठेंगे मंडी में कार्यरत एडीटीओ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर जिले में चल रहे और भविष्य के लिए प्रस्तावित करोड़ों रुपए की लागत के पर्यटन आधारित प्रोजेक्ट्स को गति देने के लिए राज्य सरकार ने एक अहम निर्णय लिया है। उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक के अनुसार, मंडी में कार्यरत सहायक पर्यटन विकास अधिकारी (एटीडीओ) अब हफ्ते में तीन दिन बिलासपुर मुख्यालय स्थित उपायुक्त कार्यालय परिसर में बैठेंगे। इस निर्णय से जिले में पर्यटन परियोजनाओं की निगरानी और कार्यान्वयन में सुधार होगा।



**उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने दी जानकारी**

उपायुक्त ने बताया कि जिला बिलासपुर में पर्यटन संबंधी गतिविधियों को देखते हुए प्रशासन द्वारा सरकार के समक्ष यह प्रस्ताव भेजा गया था जिसे अनुमति मिल गई है। यह कदम बिलासपुर में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव पर्यटन विभाग के स्थानीय समन्वय और परियोजनाओं की गति में सुधार के उद्देश्य से राज्य सरकार को भेजा गया था, जिसे मंजूरी मिल गई है। इससे न केवल वर्तमान में चल रही योजनाओं को लाभ मिलेगा, बल्कि भविष्य में प्रस्तावित परियोजनाएं भी समय सीमा के भीतर पूरी हो सकेंगी। इस कदम से बिलासपुर जिले के निवासियों को पर्यटन गतिविधियों में भाग लेने और होमस्टे जैसी सुविधाएं स्थापित करने के लिए सभी आवश्यक जानकारी और परमिशन अब अपने जिले में ही मिल जाएगी। पहले स्थानीय निवासियों को इन कार्यों के लिए मंडी जाना पड़ता था, लेकिन अब यह असुविधा समाप्त हो जाएगी। इससे न केवल स्थानीय लोगों की भागीदारी बढ़ेगी, बल्कि पर्यटन से जुड़े नए उद्यमों को भी बढ़ावा मिलेगा।

### प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित होगा बिलासपुर

**बिलासपुर** जिले में वर्तमान में कई प्रमुख पर्यटन परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। इनमें वाटर टूरिज्म सबसे बड़ा प्रोजेक्ट है। गोबिंदसागर झील में क्रूज, शिकारा और अन्य जलक्रीड़ा गतिविधियां शुरू कर दी गई हैं, जिनका शुभारंभ मुख्यमंत्री द्वारा किया गया था। अब जल्द ही कोलडैम में वाटर टूरिज्म और एडवेंचर स्पोर्ट्स गतिविधियां शुरू होंगी, जो बिलासपुर को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करेंगी। इसके अलावा मंडी भराड़ी में व्यू प्वाइंट, वे-साईड एम्युनिटीज, स्काई ग्लास ब्रिज और फ्लाइंग होटल जैसी योजनाएं प्रस्तावित हैं। इन परियोजनाओं का उद्देश्य बिलासपुर जिले को हिमाचल प्रदेश के प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करना है।

### बिजली के बिल जमा करवाने में लोगों को उठाना पड़ रहा जोखिम

**झंडूता।** झंडूता उपमंडल के आनंदघाट के समीप स्थित बिजली विभाग के भवन में पहली मंजिल पर चढ़ने वाली सीढ़ियों पर लगी रेलिंग की ऊंचाई मात्र एक से दो फुट है। इससे यहां बिल जमा करवाने आने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि अगर यहां से नीचे कोई गिर जाए और किसी को चोट लग जाए तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। सतपाल चंदेल का कहना है कि पहले भी मैंने मीडिया के माध्यम से विभाग को सूचित किया था लेकिन आज दिन तक कोई कार्रवाही नहीं हो पाई। उधर, सहायक अभियंता राजेश धीमान विद्युत विभाग झंडूता का कहना है कि हमने सिविल इंजीनियरिंग और अधिशाषी अभियंता को इसके बारे में जानकारी दें दी गई है।

# नेहा मानव सेवा सोसायटी के कैंप में 70 ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, दधोल**

नेहा मानव सेवा सोसायटी ने 27वां रक्तदान शिविर गोमाता सेवा समिति के नवनिर्मित भवन पडयालग, दधोल में आयोजित किया। यह शिविर स्वर्गीय लक्ष्मण दास बरुर को श्रद्धांजलि स्वरूप उनके भाई रामचंद्र बरुर द्वारा समर्पित किया गया। इस अवसर पर ब्यास चैरिटेबल ट्रस्ट बिलासपुर के अध्यक्ष अशोक सैनी जी ने मुख्यातिथि के रूप में कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। विशेष अतिथि के रूप में राजन कुमार अध्यक्ष हिमाचल प्रदेश व्हीलचेयर क्रिकेट टीम, रफ्तार ठाकुर बलवंत ठाकुर जी ने शिरकत की। इस मौके पर 70 रक्तवीरों ने रक्तदान कर समाज सेवा में विशेष भूमिका निभाई। रक्तदाताओं में विशेष रूप से 3 बहनों ने रक्तदान कर समाज को एक सुंदर संदेश देते हुए रक्तदान शिविर की शोभा बढ़ाई। यहां पर रक्त एकत्रित करने के लिए एम्स अस्साल बिलासपुर से डॉक्टर अलीशा की अगुवाई में 7 चिकित्सकों ने रक्तदान महाकुंभ में अपनी सेवाओं का योगदान दियाद्य अंत में सोसाइटी के सचिव श्री पवन वरुर ने समस्त रक्त वीर-वीरांगनाओं के साथ-साथ एम्स बिलासपुर से आई हुई टीम धन्यवाद करते हुए कहा कि हम सब इसी समाज का एक अभिन्न अंग हैं यह समाज हमारा ही एक परिवार ही है इसलिए समय समय पर हमें सामाजिक कार्यों में हमेशा हिस्सा जरूर लेते रहना चाहिए और एक दूसरे के काम अवश्य आना चाहिए।



### सुंदरनगर में एक दिसंबर को होगा महिला हैंडबॉल टीमों का चयन

**बिलासपुर।** तमिलनाडु के डिंडीगुल में 23 से 27 दिसंबर तक होने वाली राष्ट्रीय जूनियर तथा 5 से 9 जनवरी तक बिहार होने वाली राष्ट्रीय सीनियर महिला हैंडबॉल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली हिमाचल प्रदेश की महिला हैंडबॉल टीमों का चयन एक दिसंबर को महाराज लक्ष्मण सिंह मेमोरियल महाविद्यालय सुंदरनगर के हैंडबॉल मैदान में सुबह 11 बजे किया जाएगा। हिमाचल प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के महासचिव नंदकिशोर ने बताया कि जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 1 जनवरी, 2005 या उसके बाद पैदा हुए खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। चयनित टीमों का प्रशिक्षण शिविर सुंदरनगर में ही आयोजित किया जाएगा।

**सेलिब्रेशन** | महाराष्ट्र विस चुनाव और कई राज्यों में हुए उपचुनावों में बीजेपी को मिली ऐतिहासिक जीत: जम्वाल

# मिठाई बांटकर मनाया भाजपा की जीत का जश्न

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव के साथ ही कई राज्यों में हुए उपचुनावों में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए की ऐतिहासिक जीत की खुशी में रविवार को भाजपा के बिलासपुर कार्यालय में मिठाई बांटकर जश्न मनाया गया।

सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल और जिला भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान इस मौके पर विशेष तौर पर मौजूद रहे। एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाने के साथ ही विजयी उद्घोष भी जोर-शोर से लगाए गए। भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने इस जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के साथ ही भाजपा के शीर्ष नेतृत्व तथा कर्मठ व समर्पित कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह विकास, सुशासन और सामाजिक न्याय की जीत है। जनता ने नकारात्मक राजनीति करने वालों को सबक सिखाया है। मिठाई बांटकर खुशी का इजहार करने के बाद कार्यकर्ताओं ने 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचार भी सुने। त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा बिलासपुर जिला के रहने वाले हैं। उनके नेतृत्व में एक बार फिर से पार्टी के ऐतिहासिक प्रदर्शन से इस जिला के लोग भी खुद को गौरवांवित महसूस कर रहे हैं। इन चुनावी नतीजों से जनता ने फिर से यह संदेश दिया है कि लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर पूरा भरोसा है।





# नेरचौक अस्पताल में जल्द स्थापित होगी एमआरआई मशीन : मुख्यमंत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने ओक ओवर शिमला में मंडी जिला के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ जिला से संबंधित विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंडी जिला के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और राज्य सरकार की सभी विकासात्मक योजनाओं का लाभ जिला के लोगों तक पहुंचाना सुनिश्चित करेगी।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल नेरचौक में प्राथमिकता के आधार पर सुविधाएं उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करेगी।

इस अस्पताल में जल्द ही एमआरआई मशीन स्थापित की जाएगी। सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार हर विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी राजकीय डे बोर्डिंग स्कूल का निर्माण चरणबद्ध तरीके से कर रही है और मंडी जिला में इन स्कूलों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों को सुविधा प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार हर विधानसभा क्षेत्र में लोक



निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग और विद्युत बोर्ड के अलग-अलग मंडल बनाने पर विचार कर रही है।

बैठक के दौरान सभी विधानसभा क्षेत्रों के नेताओं ने अपने-अपने क्षेत्र की प्राथमिकताएं मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं। बैठक में विधायक चंद्रशेखर, पूर्व मंत्री ठाकुर कौल सिंह एवं प्रकाश चौधरी, एपीएमसी मंडी के अध्यक्ष संजीव गुलेरिया, पूर्व विधायक सोहन सिंह ठाकुर, कांग्रेस नेता चंपा ठाकुर, लाल सिंह कौशल, नरेश चौहान, पवन ठाकुर, एडवोकेट जीवन ठाकुर, चेतराम ठाकुर आदि उपस्थित रहे।



सीएम सुक्खू ने डॉ. राकेश कुमार शर्मा द्वारा लिखित पुस्तक 'लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल का जीवनवृत्त' का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने लेखक के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस पुस्तक के माध्यम से पाठकों को सरदार पटेल के व्यक्तित्व, भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका और राष्ट्र निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान को गहराई से समझने का अवसर प्राप्त होगा।

## राष्ट्रीय युवा महोत्सव 11 जनवरी से नई दिल्ली में

**शिमला।** राष्ट्रीय युवा महोत्सव-2025 का आयोजन 11 जनवरी से 12 जनवरी 2025 तक नई दिल्ली में किया जाएगा। यह जानकारी इरा प्रभात राज्य निदेशक हिमाचल प्रदेश, नेहरू युवा केंद्र संगठन (युवा मामलों और खेल का एक स्वायत्त निकाय, भारत सरकार) ने दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष प्रतिभागियों के चयन की प्रक्रिया बदल दी गई है।

इस वर्ष युवा मामले और खेल मंत्रालय एक ऑनलाइन क्विजप्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है, जिसमें चार चरण शामिल होंगे। जो प्रतिभागी इन सभी चार चरणों को पार कर लेंगे, उन्हें राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 के लिए चुना जाएगा। देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कुल 1500 प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा।

## सहकारिता क्षेत्र में महिलाओं को आरक्षण प्रदान कर सकती है सरकार : अग्निहोत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने रविवार को हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी विकास संघ के सौजन्य से कनैड के समीप तरोट गांव में आयोजित राज्य स्तरीय सहकारी समारोह में बतौर मुख्यातिथि भाग लिया। हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक के अध्यक्ष देवेंद्र श्याम इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हिमाचल सहकारिता का जनक रहा है और यहां से की गई पहल के बाद ही यह देशभर में एक आंदोलन के रूप में उभरा। वर्तमान प्रदेश सरकार सहकारिता क्षेत्र को सुदृढ़ करने और इसमें महिलाओं की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के दृष्टिगत अनेक ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि सहकारिता




उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री को स्मृति चिन्ह देते हुए गणमान्य।

क्षेत्र में महिलाओं को आरक्षण प्रदान करने पर विचार किया जा रहा है और इस बारे में वे विभाग के माध्यम से मामला प्रदेश मंत्रिमंडल के समक्ष लाया जाएगा। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि सहकारिता क्षेत्र का कम्प्यूटरीकरण कर इसमें बदलाव लाया जा रहा है। प्रदेश में सभी प्राथमिक सहकारी सभाएं कंप्यूटरीकृत होंगी, जिससे इनके कार्यों में और तेजी तथा पारदर्शिता सुनिश्चित हो सकेगी। उन्होंने कहा कि कम्प्यूटरीकरण के इस कार्य पर लगभग 80 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं।उप-मुख्यमंत्री ने महिला सशक्तिकरण योजना के तहत सहकारी सभाओं से जुड़ी 61 महिलाओं को राज्य सहकारी बैंक के माध्यम से कोलेटरल फ्री ऋण भी वितरित किए।

## 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान ने बदला पर्यावरण के प्रति लोगों का नजरिया : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम में देश और देशवासियों की अपेक्षाओं को एक नया मंच दिया है, जिसके माध्यम से लोग प्रधानमंत्री से और प्रधानमंत्री लोगों से अपील कर अपनी बातें कहते हैं।

इन अपील का समाज पर बहुत व्यापक प्रभाव पड़ रहा है। देश में स्वच्छता हो या पर्यावरण के प्रति जागरूकता या देश के विकास में सहभागिता प्रधानमंत्री के आह्वान पर पूरा देश उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चल पड़ता है। जिसका लाभ यह है कि जो काम हजारों करोड़ों रुपए खर्च करके भी नहीं किए जा सकते वह काम जनजागरण और प्रधानमंत्री महोदय के मार्गदर्शन से ही संपन्न हो जाते हैं। एक पेड़ मां के नाम का अभियान की पर सफलता



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकप्रियता का प्रमाण है। देश भर में मात्र 5 महीने में अब तक 100 करोड़ से ज्यादा पेड़ 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत लगाए जा चुके हैं। सबसे सुखद पहलू है कि लोग उन पेड़ों की रखवाली भी स्वयं करते हैं जिन्हें लगाते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर ही 100 करोड़ से ज्यादा पेड़ लगाना और लोगों द्वारा उनका स्वयं संरक्षण करना पर्यावरण के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। अब यह सिलसिला अब रुकने वाला नहीं है। इसके लिए जयराम ठाकुर ने प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि पर्यावरण के संरक्षण के लिए प्रधानमंत्री के इस मार्गदर्शन हेतु मानवता आभारी रहेगी। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से जितने भी विषय प्रधानमंत्री द्वारा उठाए गए हैं उसमें समस्त देशवासियों का संपूर्ण सहयोग और सहभागिता प्राप्त हुई है। जिसकी वजह से देश में एक के बाद एक बड़े जन भागीदारी के कार्यक्रम प्रारंभ हुए और बड़े लक्ष्यों की प्राप्ति हुई।

स्वच्छता से जुड़े तमाम कार्यक्रम इसके उदाहरण हैं। जब प्रधानमंत्री जी के आह्वान मात्र से भी देश के करोड़ों लोग आगे आए और असंभव से लगने वाले लक्ष्य आसानी से हासिल हो गए।

## महिला से मारपीट पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, अंब।** पुलिस थाना अंब में सुषमा पत्नी सुरेंद्र निवासी दलोह ने शिकायत दर्ज करवाई है कि जब वे मलकीयती भूमि देखने के लिए निकले तो दलोह खड्ड पुल से आगे मोहम्मद अशरफ उनकी मलकीयती खड्ड से अवैध खनन कर रहा था। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस कंट्रोल रूम ऊना को दी। वापस आते समय लियाकत अली मोहम्मद अशरफ, रियाज नसीब मोहम्मद व गोहला वीवी ने उनसे मारपीट की। जब मेरे पति मुझे बचाने आए तो उन पर भी हमला कर दिया।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**अनिल नेगी, किन्नौर।** किन्नौर जिले के छोटा कम्बा में हुई सड़क दुर्घटना में एक की मौके पर मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घायलों को नजदीकी चिकित्सालय भर्ती करवाया।

कहानी-25

अनंत ज्ञान


# हर गांव कुछ कहता है

अपने सामाजिक दायित्वों को निभाते हुए 'अनंत ज्ञान' ने हिमाचल के विभिन्न गांवों के ऊपर 'हर गांव कुछ कहता है' नाम से एक सीरीज शुरू की है। सीरीज के तहत पाठकों को हिमाचल के गांवों की खूबियों से रू-ब-रू करवाया जाता है। इसमें गांवों की कई रोचक और प्रेरक जानकारियों से आज की पीढ़ी को अवगत करवाने का प्रयास रहता है।

पाठक भी अपने गांव के ऐसे रोचक प्रसंग/जानकारीपरक सामग्री अपने नाम और फोटोग्राफ्स के साथ हमें भेज सकते हैं। कृपया सामग्री ई-मेल (editoranantgyaan@gmail.com) अथवा व्हाट्सऐप नं. 8894521702 पर भेजें। सामग्री से संबंधित अगर आपसे कोई संपर्क करना हो तो अपना मोबाइल नं. भी अवश्य भेजें।

## सर्वाधिक प्रतिष्ठित पदों से सुशोभित नाया पंन्जोड गांव

### 150 घरों में से 100 परिवारों के लोग सरकारी कर्मचारी एवं अधिकारी





'हर गांव कुछ कहता है' सीरीज में आज हम बात करने जा रहे हैं सिरमौर जिले के शिलाई विधानसभा क्षेत्र के एक ऐसे दुर्गम गांव की, जो घने वनों से घिरा हुआ है। प्राकृतिक सुंदरता से लबरेज इस खूबसूरत गांव का नाम है नाया पंन्जोड। गांव की उपजाऊ मिट्टी में अदरक, आलू, मटर, सेब, कीवी इत्यादि की पैदावार बहुत अच्छी मात्रा में होती है। गांव की खासियत यह है कि यहां के नौजवान पढ़-लिखकर सर्वाधिक प्रतिष्ठित पदों पर सुशोभित हुए हैं। ये होनहार और प्रतिभाशाली शख्सियतें विभिन्न क्षेत्रों में अपनी काबिलियत का परचम लहरा रही हैं। इन्होंने देश-प्रदेश में अपनी अलग पहचान स्थापित की है। नाया पंन्जोड गांव में करीब 150 घर हैं, जिसमें से करीब 100 परिवारों से सरकारी कर्मचारी एवं अधिकारी दशकों से प्रदेश की सेवा कर रहे हैं। गिरीपार का यह गांव बहुत ही खास और अनुसरणीय है। इस गांव से अन्य गांवों के युवा और समाज भी निःसंदेह प्रेरणा लेता है। यह गांव आपसी भाईचारा और सौहार्द के लिए दूर-दूर तक जाना जाता है।



हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक
सिरमौर

### 1999 से 2000 के बीच मिली सड़क सुविधा

**गांव** में काफी सालों बाद 1999 से 2000 के बीच सड़क सुविधा उपलब्ध हुई। वो भी तब जब इसी क्षेत्र के हललाह गांव के रणबांकुरे कल्याण सिंह ने कारगिल युद्ध में शहादत पाई। उस वक्त तत्कालीन सरकार एवं विभाग ने सड़क सुविधा और स्कूल को भी अपग्रेड करने की घोषणा की थी। इसके बाद ही इस क्षेत्र को मूलभूत सुविधाएं मयस्सर हुईं। गांव के शिक्षाविदों एवं युवाओं ने दशकों से विपरीत परिस्थितियों में रहकर भी कड़ी मेहनत और जज्बे के साथ अपने क्षेत्रों में जो महारथ हासिल की वह कदाचित अन्य क्षेत्रों के समाज के लिए ही नहीं, अपितु जिला सिरमौर के लिए भी प्रेरणादाई है।

### आचार्य बारू राम शर्मा ने जगाई शिक्षा की अलख



आचार्य
बारू राम शर्मा

**इस** गांव के ज्यादातर लोग विभिन्न विभागों में प्रशासनिक उच्चाधिकारियों के पदों पर कार्यरत हैं। इस क्रम में सबसे पहले नाम आता है ऐसे व्यक्तित्व एवं शिक्षाविद का जिन्होंने समाज में अपनी अलग पहचान बनाई। यह नाम है शिक्षक आचार्य बारू राम शर्मा (शास्त्री), जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में शिक्षा की अनोखी अलख जगाई तो वहीं, अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और संस्कारों की बदौलत अमिट छाप छोड़ी। गांव के शिक्षाविद और होनहार युवा भी इनके मार्गदर्शन और सानिध्य में अपने-अपने क्षेत्रों में धाक जमाते गए। बारू राम ने 1974 से 2010 तक विद्यार्थियों को पढ़ाने के साथ उनका चहुमुखी विकास कर जागरूकता का परिचय दिया।

### पहाड़ी संस्कृति और परंपराओं के लिए प्रसिद्ध

**गांव** अपनी पहाड़ी संस्कृति और परंपराओं के लिए भी बहुत प्रसिद्ध माना है। यहां हर वर्ष पंचमी, दिवाली आदि त्योहारों को बहुत ही शानदार तरीके से मनाया जाता है। गांव की आर्थिकी खेतीबाड़ी और बगीचों पर निर्भर है। युवा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए शिमला, सोलन, नाहन इत्यादि क्षेत्रों में कड़ी मेहनत और अपने गांव के अनमोल मोतियों के मार्गदर्शन और सानिध्य में आगे बढ़ने का प्रयास कर रहे हैं, परंतु गांव में अभी तक कोई विशेष सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं।

### गिरीपार के पहले आईएएस और विधानसभा सचिव



यशपाल शर्मा

**आचार्य** बारू राम शास्त्री के परिवार से ही संबंध रखने वाले यशपाल शर्मा (आईएएस) जो वर्तमान में विधानसभा सचिव जैसे गरिमापूर्ण पद को सुशोभित कर रहे हैं। यशपाल शर्मा सिरमौर से पहले आईएएस और विधानसभा सचिव हैं, जिन्होंने इतने बड़े पद तक पहुंचने में कामयाबी हासिल की। इन्होंने हिमाचल के विभिन्न जिलों में प्रशासनिक पदों पर बखूबी जिम्मेदारी निभाई। यशपाल हमेशा अपने क्षेत्र में समाजसेवा करने और शालीन स्वभाव के लिए जाने जाते हैं।

### कुशल अधिकारी और समाजसेवी



केवल राम

**गांव** के ही केवल राम कन्याल(एचएएस) जो वर्तमान में अतिरिक्त रजिस्ट्रार को-ऑपरेटिव सोसायटी हिमाचल प्रदेश के पद पर कार्यरत हैं। वह प्रदेश के विभिन्न जिलों एवं क्षेत्रों में अपनी बेहतरीन सेवाएं प्रदान करते आ रहे हैं। केवल राम कुशल अधिकारी के साथ प्रसिद्ध समाजसेवी भी हैं और जरूरतमंद छात्रों तथा युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। वह पूर्व सरकार में तत्कालीन मुख्यमंत्री के निजी उप सचिव के पद पर भी सेवाएं भी प्रदान कर चुके हैं।

### रिकॉर्डधारी एचपीएस अनिल शर्मा



अनिल शर्मा

**अनिल शर्मा** (एचपीएस) वर्तमान में जो (डीएसपी) बैजनाथ के पद पर कार्यरत हैं। अनिल शर्मा ने हिमाचल प्रदेश में अभी तक 22 वर्ष में एचपीएस जैसी कठिन परीक्षा उत्तीर्ण करने का रिकॉर्ड भी कायम किया है।

### इन हस्तियों ने भी बनाई गांव की पहचान



संतोष शर्मा

**संतोष शर्मा** (एचपीएस) वर्तमान में एडिशनल सुपरिंटेंडेंट पुलिस विजिलेंस हिमाचल प्रदेश हैं। इनके अलावा दिनेश शर्मा प्रोफेसर संस्कृत, जगत राम शर्मा पूर्व शास्त्री अध्यापक एवं पूर्व राज्यस्तरीय शिक्षक अवार्ड से सम्मानित होने का गौरव, कुलदीप शर्मा एक्साइज इंस्पेक्टर, संदीप शर्मा प्रोफेसर ज्योग्राफी, जोगी राम कन्याल स्कूल प्रिंसिपल)।

डॉ. धर्मपाल शर्मा नौणी यूनिवर्सिटी में उच्च पद पर कार्यरत हैं। वह अपनी सादगी और कड़ी मेहनत के लिए जाने जाते हैं और उन्हें बागवानी के क्षेत्र में महारथ हासिल है। भरत भूषण मोहिल वर्तमान में को-ऑपरेटिव बैंक हिमाचल प्रदेश के निदेशक पद पर आसीन हैं। पृथ्वी चंद मोहिल ने भी अपने कार्यों से गांव में पहचान बनाई। विनोद शर्मा प्रोफेसर गणित, जगदेव शर्मा प्रोफेसर समाजिक विज्ञान वर्तमान में धर्मपुर सोलन में कार्यरत हैं। इस प्रकार इस गांव में अनमोल मोतियों की एक लंबी फेहरिस्त देखने को मिलती है।

### बिजट महाराज और माता ठारी मंदिर गांव की शान

**इस** गांव में बिजट महाराज और माता ठारी का ऐतिहासिक प्राचीन एवं वर्तमान में सुंदर मंदिर बनाया गया है। मंदिर में हाल ही में भव्य एवं विशाल शात महायज्ञ का भी आयोजन किया गया था, जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु और विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई थी।

**कार्रवाई** | पुलिस ने चलाया ओवरलोडिंग और ट्रैफिक उल्लंघनों के खिलाफ विशेष अभियान

## 6 दिन में 5,215 वाहनों की जांच, 570 के काटे चालान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**


हिमाचल प्रदेश पुलिस ने डॉ. अतुल वर्मा आईपीएस पुलिस महानिदेशक के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा को प्रोत्साहन देने और ट्रैफिक उल्लंघनों को रोकने के उद्देश्य से एक 15 दिवसीय विशेष अभियान की शुरुआत की है। पुलिस अभियान की उपलब्धियां को लेकर 6 दिन के आंकड़े जारी किए हैं। आंकड़ों के मुताबिक 6 दिन में कुल 5,215 वाहनों का औचक निरीक्षण और नाकाबंदी के दौरान जांच की गई है। वहीं कुल 570 उपरोक्त नियमों के उल्लंघन मामलों में चालान जारी किए गए। इस दौरान बिना परमिट के 38 मामले और बिना बीमा के 34 मामले सामने आए हैं।

इसके अलावा जांच के दौरान वाणिज्यिक वाहनों में ओवरलोडिंग के 52 मामले, असुरक्षित माल परिवहन के 45 मामले, सार्वजनिक वाहनों में अतिरिक्त यात्री लोडिंग के



फाइल फोटो

365 मामले और माल वाहनों में यात्री लोडिंग के 26 मामले सामने आए है। वहीं कार्यान्वयन और निगरानी के लिए जिला पुलिस अधीक्षकों और रेलवे पुलिस को यह निर्देश दिए गए है कि अभियान के लिए ठोस रणनीति तैयार करना, नियम उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना और अभियान की दैनिक समीक्षा करना है। यह अभियान 18 नवंबर से 2 दिसंबर 2024 तक चलाया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क पर ओवरलोडिंग, असुरक्षित माल परिवहन और माल वाहनों में अवैध यात्री परिवहन जैसी समस्याओं को नियंत्रित करना है। अभियान के प्रमुख उद्देश्य सड़क सुरक्षा नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, सड़क संरचना की रक्षा, ओवरलोडिंग से सड़कों को होने वाले नुकसान को रोकना, दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात नियमों का पालन कर जान-माल की हानि को रोकना है।



> हिमाचल प्रदेश पुलिस नागरिकों और वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील करती है। यह अभियान सभी सड़क उपयोगकर्ताओं को सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के विभाग की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह अभियान 18 नवंबर से 2 दिसंबर 2024 तक चलाया जाएगा।
>
> –नरवीर सिंह राठौर
> अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, ट्रैफिक, टूरिज्म, और रेलवे हिमाचल प्रदेश

## सिरमौर के गिरीपार क्षेत्र के गाता धार में 111 विभूतियों को किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, सोलन**

सिरमौर जिले के गिरीपार क्षेत्र के गाता धार में बीएसएन संस्था द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 111 लोगों को एक साथ सम्मानित करके एक नया रिकॉर्ड कायम किया गया। इस दूरदराज क्षेत्र का यह अपनी तरह का पहला विशाल सम्मान समारोह था।

संस्था के संस्थापक डॉक्टर बलवीर वर्मा के अथक प्रयासों के द्वारा पहली बार इस दूर दराज क्षेत्र में अलौकिक कार्यक्रम हुआ। समारोह में मुख्यातिथि रेसलिंग के विश्व चैंपियन द ग्रेट खली उर्फ दिलीप सिंह राणा व सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं संविधान विशेषज्ञ अध्यक्ष डॉक्टर एचसी गनेशिया विशेष रूप से उपस्थित रहे, जबकि विशेष अतिथि भारत सरकार से पद्मश्री से सम्मान प्राप्त कर चुके विद्यानंद सरैक रहे।

सम्मानित किए गए विभूतियों के स्वागत के लिए यहां पर लोक संस्कृति की भी झलक देखने को मिली जो मुख्य रूप से अलौकिक थी, जिसमें अंतरराष्ट्रीय बुढ़ियाच दल क्यारी गुंडाह अंधेरी का मशहूर सांस्कृतिक दल वाद्य यंत्र, नरसिंघा ढोल, पारंपरिक वेशभूषा में इनके द्वारा उन सभी सम्मानित लोगों का भव्य स्वागत किया गया।

हिमाचल के प्रसिद्ध पहाड़ीकलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्य, म पेश किए गए। इस सम्मान समारोह में 111 सिरमौर रत्न दिए गए, जिसमें 15 विशिष्ट सेवा, 19 राष्ट्र निर्माता, 10 सामाजिक सेवा, 20 यूथ आइकॉन, 13 पत्रकारिता सिरमौर रत्न, 10 खेल नायक, 15 कला ए संस्कृति सिरमौर रत्न, नौ विविध सेवा देने वाले लोगों को सम्मानित किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### 255 छात्रों ने दी नॉन मेडिकल टेट परीक्षा

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला फतेहपुर में रविवार को शिक्षा बोर्ड की तरफ से नॉन मेडिकल की टेट परीक्षा का आयोजन किया गया। इस दौरान 255 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इस बारे में जानकारी देते हुए पाठशाला प्रिंसिपल मदन लाल ने बताया शिक्षा बोर्ड की तरफ से 278 परीक्षार्थियों की सूची उपलब्ध करबाई गई थी। 23 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कुल 255 परीक्षार्थियों ने 10 परीक्षा हॉल में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा दी है।

### नगरोटा में मनाया सत्य साईं का जन्मदिवस



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** श्री सत्य साईं समिति नगरोटा बगवां द्वारा शनिवार को श्री सत्य साईं आनंदम मंदिर में श्री सत्य साईं बाबा का 99वां जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में नगरोटा कॉलेज के प्रिंसिपल एसके सोनी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम का आयोजन दोपहर बाद 2 बजे से शाम 6 बजे तक किया गया। मुख्यातिथि ने कार्यक्रम में विभिन्न प्रस्तुतियां देने वाले करीब 50 बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया। इस उपलक्ष्य में श्री सत्य साईं समिति के सदस्यों ने साईं संध्या का आयोजन भी किया, जिसमें संस्था के सदस्यों द्वारा भजन-कीर्तन किया। समिति के संयोजक हरीश आनंद ने बताया कि साईं बाबा भगवान सत्य साईं की अनुकंपा से सभी श्रद्धालुओं के सहयोग से जन्मदिवस कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया गया। आशा है कि हम सभी भविष्य में भी इसी प्रकार स्वामी के मिशन को आगे बढ़ाने में पूरा सहयोग करेंगे व प्रेमपूवक अपना जीवन सफल बनाएंगे। उन्होंने बताया कि रविवार शाम 3 बजे नगरोटा अस्पताल में फल एवं प्रसाद का वितरण किया गया। उसके उपरांत श्री सत्य साईं आनंदम मंदिर में रुटीन भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया।

### सत्य साईं बाबा का 99वां जन्मदिवस मनाया

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** सत्य साईं बाबा का 99वां जन्मदिवस सत्य साईं संस्था जयसिंहपुर द्वारा धूमधाम से मनाया गया। इस उपलक्ष्य में सत्य साईं संस्था जयसिंहपुर के सदस्यों ने साईं संध्या का आयोजन किया, जिसमें संस्था के सदस्यों द्वारा भजन-कीर्तन किया। संस्था के संयोजक चुनी लाल सुमन ने बताया कि साईं बाबा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में चार महिलाओं को सम्मानित भी किया। चुनीलाल सुमन ने बताया कि संस्था के सदस्य समय समय पर ऐसे कार्यक्रम चलते रहते हैं। कोरोना काल मे भी सत्य साई संस्था जयसिंहपुर ने ऑक्सिजन कन्सन्ट्रेटर, मास्क, ऑक्सिमेटर भेंट किए थे।



### बरडाम स्कूल में लगाया स्वास्थ्य शिविर

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** द हंस फाउंडेशन एमएमयू थुरल इकाई- 3 द्वारा राजकीय उच्च विद्यालय बरडाम में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल के सभी बच्चों का रूटीन चैकअप किया गया व किशोरियों के खून की जांच की गई। जिन किशोरियों में अनीमिया पाया गया उनको दवाई दी गई। इस मौके पर स्कूल के अध्यापकों के स्वास्थ्य की भी जांच की गई। वहीं किशोरियों को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता के बारे मे बताया व उन्हें सेनेटरी पेड भी बांटे गए। स्कूल के प्रधानाचार्य ने इस योगदान के लिए द हंस फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया।

# 1600 मीटर दौड़ में रवि राणा फर्स्ट

## चंबी में आयोजित जिला स्तरीय रेड रिबन प्रतियोगिता में पठानिया ने नवाजे विजेता

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

रैत के चंबी खेल मैदान में शनिवार को एचआईवी व नशे के विरुद्ध जिला स्तरीय रेड रिबन प्रतियोगिता का आयोजन शाहपुर विधानसभा वेलफेयर सोसायटी व चंबी यूथ एवं स्पोर्ट्स अकादमी द्वारा करवाया गया। इस प्रतियोगिता में उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम में सीएमओ कांगड़ा ने मुख्यातिथि को शाल-टोपी और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गईं।

लड़कों की 1600 मीटर दौड़ में रवि राणा प्रथम, जॉनी द्वितीय, जबकि लक्की तृतीय स्थान पर रहे। लड़कियों की 800 मीटर दौड़ में नैंसी पहले, अदिति चौधरी दूसरे तथा संगम तीसरे स्थान पर रही। उपमुख्य सचेतक ने विजेता प्रतिभागियों को नकद धनराशि, स्मृति चिन्ह तथा प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर एसडीएम शाहपुर करतार चंद, सीएमओ डॉ. राजेश गुलेरी, बीएमओ शाहपुर डॉ. कविता, डॉ. अनुराधा, प्रधानाचार्य आईटीआई शाहपुर चैन सिंह राणा, प्रधानाचार्य रावमापा शाहपुर अनिल जरयाल, रैत अजय समयाल,शमसेर भारती,अधिशासी अभियंता विद्युत ट्रांसमिशन रैत संदीप, उपमुख्य सचेतक के सलाहकार विनय, अमित शर्मा, बैंक मैनेजर जेआर शर्मा, विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्य, शारीरिक प्रवक्ता, खाद्य निरीक्षक सुरेश के इलावा अन्य गणमान्य लोग एवं बड़ी संख्या में प्रतिभागी बच्चे उपस्थित रहे।



रेड रिबन प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों के साथ मुख्यातिथि केवल सिंह पठानिया।

### युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए खेलें जरूरी

**उपमुख्य** सचेतक केवल पठानिया ने युवाओं से रू-ब-रू होते हुए कहा कि जिला कांगड़ा में 75 रेड रिबन क्लब कार्य कर रहे हैं और इस तरह की प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को खेलकूद के माध्यम से रचनात्मक कार्यों से जोड़ना है और नशे जैसी बुराई से दूर रखना है । देश के विकास के लिए युवा वर्ग का रचनात्मकता कार्यों से जुड़ाव अतिआवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस पुनीत कार्य में शाहपुर विधानसभा वेलफेयर सोसायटी और चंबी यूथ एवं स्पोर्ट्स अकादमी महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं, जो कि सराहनीय एवं सार्थक पहल है।

# पपरोला में मनाया गुरु तेग बहादुर जी का शहीदी दिवस



**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

भारत विकास परिषद शाखा बैजनाथ पपरोला के बैनर तले रविवार को गुरु श्री तेग बहादुर जी का शहीदी दिवस पपरोला में मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित शाखा सदस्यों ने गुरु श्री तेग बहादुर जी की तस्वीर के समक्ष नतमस्तक होकर पुष्पांजलि अर्पित की और हिंदू धर्म के लोगों की रक्षा हेतु उनके बलिदान को याद किया। शाखा अध्यक्ष प्रीतम भारती ने बताया कि आगामी वर्ष से भारत विकास परिषद शाखा बैजनाथ पपरोला द्वारा शहीदी दिवस को बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा, ताकि स्थानीय समाज को गुरु जी की शहीदी बारे जानकारी और प्रेरणा मिले और सामाजिक सद्भाव एवं समरसता का संचार हो। शाखा सचिव अनुज आचार्य ने शहीदी दिवस के बारे में जानकारी देते हुए गुरु श्री तेग बहादुर जी की जीवनी पर प्रकाश डाला जबकि स्थानीय सिंह सभा के सदस्य जोगिंद्र सिंह ने गुरु श्री तेग बहादुर जी के बलिदान, तत्कालीन समय की परिस्थितियों, हिंदू समाज के उत्पीड़न एवं गुरुओं द्वारा दी गई शहीदी पर विस्तारपूर्वक अपने विचार रखे, अरदास की और स्थानीय गुरुद्वारा साहिब द्वारा तैयार कड़ाह प्रसाद का भोग लगाकर उपस्थित लोगों में वितरित किया। (अनंत ज्ञान)

# मिड-डे मील वर्कर्स के लिए बनाई जाए स्थायी नीति : सुरेंद्र



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

### फतेहपुर में मिड-डे मील वर्कर्स ने उठाई मांग

भारतीय मजदूर संघ समर्थित ब्लॉक फतेहपुर के भिन्न-भिन्न स्कूलों में कार्यरत मिड-डे मील वर्कर्स की बैठक रविवार को ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र कौर की अध्यक्षता में रेस्ट हाउस फतेहपुर में संपन्न हुई। इस दौरान बैठक में उपस्थित मिड-डे वर्कर्स ने अपनी समस्याओं पर चर्चा करते हुए समस्यायों को सरकार तक पहुंचाने की रणनीति बनाई गई। बैठक के बारे में जानकारी देते हुए ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र कौर ने बताया कि एक तो मिड-डे मील वर्कर्स को समय पर मानदेय नहीं मिलता है, दूसरा जो स्कूल बंद हो रहे हैं, उनमें तैनात मिड-डे मील वर्कर्स को कहीं अन्य जगह नियुक्त करने की बजाए घर भेज दिया जा रहा है, वह भी बिना किसी लाभ के।

उन्होंने सरकार से अपील की है कि एक तो उनका मानदेय एकमुश्त उन्हें दिया जाए, दूसरा बंद हो रहे स्कूलों में तैनात वर्कर्स को किसी अन्य स्थान पर तैनात किया जाए। साथ ही उन्होंने सरकार से मिड-डे मील वर्कर्स के लिए स्थायी नीति बनाने की भी अपील की।

### चिट्टे के साथ दो आरोपी काबू

**कांगड़ा।** पुलिस थाना कांगड़ा के तहत चिट्टे की बरामदगी का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना कांगड़ा की टीम जब गश्त पर थी तो घाट पुराना कांगड़ा में कार नंबर एचआर 21आर- 1523 से 5.30 ग्राम हेरोइन बरामद की है। कार चालक साहिल निवासी भटराला तहसील देहरा व नाईशा निवासी आदर्श नगर मकान नं. 3790 मोहाली पंजाब के खिलाफ पुलिस थाना कांगड़ा में पंजीकृत किया गया है।

### स्ट्रीट वेंडर्स के लिए 26 व 27 को लगेगा शिविर

**धर्मशाला।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत 'स्वनिधि भी और स्वाभिमान भी' पखवाड़ा के तहत धर्मशाला नगर निगम द्वारा 26 और 27 नवंबर को टेंपल रोड पार्किंग मैक्लोडगंज में शिविर लगाकर स्ट्रीट वेंडर्स को सरकार की विभिन्न योजनाओं से अवगत करवाया जाएगा।

# पीटीसी डरोह में अन्वेषण अधिकारियों को दी महिला सुरक्षा कानूनों की जानकारी

**राकेश डोगरा, डरोह**



पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो नई दिल्ली के तत्वावधान में महिला सुरक्षा पर पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय डरोह में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 21 से 23 नवंबर तक किया गया। इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों एवं इकाइयों के 26 अन्वेषण अधिकारियों ने भाग लिया। इस कार्यशाला में संस्थान के अनुभवी प्रशिक्षकों कुलदीप कुमार पुलिस उपअधीक्षक, यशवंत सिंह पुलिस उपअधिक्षक, हरीश कुमार गुलेरिया पुलिस उपअधीक्षक, सुदीप सिंह जिला न्यायवादी, विनोद कुमार शर्मा पुलिस निरीक्षक, टेक चंद पुलिस उपनिरीक्षक, अनिल कुमार सहायक उपनिरीक्षक, सरवण कुमार सहायक उपनिरीक्षक ने महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। इसके अतिरिक्त महिलाओं से संबंधित लैंगिक अपराधों के अन्वेषण एवं कानूनी प्रावधानों, गुमशुदा महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित मानक संचालन प्रक्रिया तथा अन्वेषण में फॉरेंसिक सांइस की भूमिका, डीएनए का महत्व व महिलाओं के विरुद्ध लैंगिक अपराधों में भौतिक साक्ष्यों के सही प्रकार से संग्रहण, आनॅलाइन क्राइम/अब्यूज ऑफ सोशल नेटवर्क साइट तथा महिलाओं का घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम, अन्वेषण में रहने वाली कमियों एवं उनके सुधार, पीड़ितों से परामर्श व उनके कथन को लिखने संबंधी प्रावधानों व उनके चिकित्सा परीक्षण के प्रावधानों, पीड़ितों के पुनर्वास व मुआवजा, कार्यस्थल पर महिलाओं के विरुद्ध योन उत्पीड़न आदि पर भी जानकारी दी गई। इस मौके पर उपरोक्त मामलों में एसएईसी किट प्रयोग करने बारे भी व्यावहारिक एवं प्रेक्टिकल ज्ञान तथा संवेदनशीलता से कार्य करने बारे जानकारी दी गई। इस दौरान हरीश कुमार गुलेरिया पुलिस उप अधीक्षक ने कोर्स डायरेक्टर व अनिल कुमार सहायक उप-निरीक्षक ने सहायक कोर्स डायरेक्टर तथा मिनाक्षी महिला आरक्षी ने कोर्स को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। (अनंत ज्ञान)

# हेल्थ इज वेल्थ



## संतरा एक फायदे अनेक

### सर्दियों का सुपरफूड है यह फल

ठंड की शुरुआत हो चुकी है। ठंड अपने साथ ढेरों बीमारियां लेकर आता है। खासकर भारत की राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण से हालात और बदतर हो जाते हैं। जरा सी लापरवाही हुई तो आप कई गंभीर बीमारियों का शिकार हो सकते हैं। हालांकि इनसे बचाव के लिए कोई और आपकी मदद नहीं कर सकता। आप जितने जागरूक होंगे, उतना ही आप खुद को सुरक्षित रख पाएंगे। अगर आपको ठंड में खुद को किसी भी बीमारी से बचाए रखना है तो आपको अपनी लाइफस्टाइल में कुछ बदलाव करने होंगे। आप हेल्दी डाइट ले सकते हैं। व्यायाम कर सकते हैं, लेकिन आज हम आपको ठंड में संतरा खाने से फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं। अगर आप रोजाना एक संतरा खाते हैं तो आप कई बीमारियों से कोसों दूर रह सकते हैं।

#### इम्युनिटी बूस्टर है संतरा

**बचपन** से हम पढ़ते आए हैं कि संतरे में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में पाया जाता है। यह हमारे शरीर से विषैले पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है। जिन लोगों की कमजोर इम्युनिटी कमजोर होती है उन्हें ठंड के दिनों में संतरे का सेवन जरूर करना चाहिए। अगर आप रोजाना एक संतरा खाते हैं तो आप कड़ाके की ठंड में भी सेहतमंद रह सकते हैं।

#### एनीमिया से करे बचाव

**संतरे** में मौजूद विटामिन सी एनीमिया से बचाव करने में मदद करता है। अगर हम रोज एक संतरा खा रहे हैं तो इससे शरीर में हीमोग्लेबिन का लेवल बढ़ता है और एनीमिया का जोखिम कम होता है। इसीलिए ठंड के दिनों में रोजाना संतरा खाने की सलाह दी जाती है।



#### कैंसर से लड़ने में मददगार

**संतरा** में एंटीऑक्सिडेंट और विटामिन सी जैसे गुण पाए जाते हैं। इसमें फ्लेवोनॉयड और कैरोटीनॉयड जैसे पावरफुल एंटीऑक्सिडेंट्स भी होते हैं। जो सेल्स को डैमेज होने से बचाने में मदद करते हैं। साथ ही ये कैंसर से भी बचाव करता है। इस तरह रोज संतरा खाने से कैंसर का जोखिम कम हो सकता है। इसके अलावा भी संतरा खाने से सेहत को काफी फायदे होते हैं।

#### बीपी को करे कंट्रोल

**अगर** आप ब्लड प्रेशर से जुड़ी समस्या से जूझ रहे हैं तो आपको ठंड के दिनों में एक संतरा रोजाना जरूर खाना चाहिए। दरअसल संतरे में ऐसे कई गुण पाए जाते हैं जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखने में मदद करते हैं। इसके अलावा संतरा खाने से बीपी की समस्या भी कम हो जाती है।

## डायबिटीज से बढ़ जाता है हार्ट अटैक का खतरा

### रोजाना सब्जियों, फल, फलियों, साबुत अनाज का करें सेवन

*हिमाचल में डायबिटीज़ की समस्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में बीमारी के प्रति जागरूकता बेहद जरूरी है। हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. एनके गुप्ता का कहना है कि यह बीमारी तब होती है जब शरीर के अंदर रक्त में ग्लूकोज या शुगर की मात्रा जमा होने लगती है। इससे पीड़ित लोगों को हार्ट अटैक और हार्ट स्ट्रोक हो सकता है। इसके साथ-साथ डायबिटीज से अंधापन, किडनी फेल और पैरों के निष्क्रिय होने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, दुनिया भर में इस समय 42.2 करोड़ लोग डायबिटीज यानी मधुमेह से पीड़ित हैं। रोजाना की डाइट में सब्जियां, फल, फलियां, साबुत अनाज का सेवन से हार्ट अटैक और हार्ट स्ट्रोक के खतरे को कम किया जा सकता है। बीते 40 सालों में मधुमेह की चपेट में आने वाले लोगों की संख्या चार गुना बढ़ गई है। लेकिन इसके बाद भी आम लोगों में इस बीमारी के लक्षणों, बचाव और कारणों को लेकर जागरूकता नहीं है।*

#### क्या है डायबिटीज

जब हम खाना खाते हैं तो हमारा शरीर कार्बोहाइड्रेट तोड़कर ग्लूकोज में बदलता है। पैंक्रियाज से इंसुलिन नामक हार्मोन निकलता है, जिसकी मदद से हमारे शरीर की कोशिकाएं शुगर को सोख कर ऊर्जा बनाती है। जब हमारे शरीर में इंसुलिन का बनना कम हो जाता है या वह ठीक से काम नहीं करता है तो कोशिकाएं खून में मौजूद शुगर की मात्रा को सोखने में असमर्थ हो जाती हैं। दुनियाभर में हर साल डायबिटीज़ से दस लाख से ज़्यादा लोगों की मौत हो रही है और यह बीमारी किसी को कभी भी है। एक ऐसी बीमारी के तौर पर उभरी है जो बेहद तेज़ी से बच्चों से लेकर युवाओं को अपनी चपेट ले रही है।



डॉ. एनके गुप्ता
हेल्थ एक्सपर्ट

#### कारण और लक्षण

मधुमेह के अनुवंशिक कारणों में वंशागत संक्रमण और परिवार में मधुमेह के संक्रमित होने की वजह से होने वाला मधुमेह शामिल होता है। इसके लिए कुछ विशेष जीनों के मुद्रण में बदलाव होता है जो इंसुलिन के उत्पादन, उपयोग या इंसुलिन के प्रतिरक्षा की क्षमता को प्रभावित करते हैं। पर्यावरणिक कारणों में अवज्ञात लाइफस्टाइल, खुराक विकार, मोटापा, शारीरिक निष्क्रियता, खाद्य पदार्थों की गलत आदतें शामिल हैं। शरीर इंसुलिन के उत्पादन और उपयोग में असमर्थ हो जाता है।



#### ऐसे करें बचाव

**विंटर** डायबिटीज आनुवांशिक होने के बावजूद आप अपने खून में ग्लूकोज की मात्रा को नियंत्रित करके खुद को डायबिटीज से बचा सकते हैं। संतुलित डाइट और व्यायाम करने से ऐसा किया जा सकता है। प्रोसेस्ड फूड और ड्रिंक्स के इस्तेमाल बंद करके सफेद ब्रेड और पूरे भोजन के लिए पास्ता खाना इस दिशा में पहला कदम हो सकता है। आप अपनी रोजाना की डाइट में सब्जियां, फल, फलियां, और साबुत अनाज शामिल कर सकते हैं। इसके साथ-साथ सेहतमंद तेल, बादाम के साथ-साथ सार्डाइंस, सालमन और मेकेरल जैसी मछलियों को भी अपने आहार में शामिल कर सकते हैं क्योंकि इनमें ओमेगा 3 तेल की मात्रा बहुत ज़्यादा होती है। नियमित अंतराल पर खाना खाना ज़रूरी है और जब पेट भरा हो तो कुछ नहीं खाना चाहिए।

**प्रस्तुतिः आर मोहन चौहान, सोलन।**

## आपको बीमार कर सकती है शुष्क ठंड



ऋतु परिवर्तन के साथ ही वातावरण में तापमान में गिरावट से श्वास रोगों के होने की संभावना बढ़ जाती है। चार वर्ष पूर्व कोरोना संक्रमण की शुरुआत के बाद और इसके विकृत रूपों के संक्रमण, अब जिंदगी पूर्णता सामान्य रूप से चल रही है। शरद ऋतु में वातावरण का तापमान कम होने लगता है। साथ ही कम वर्षा के कारण वायु में नमी की कमी हो जाती है। इस शुष्क ठंड की वजह से अनेक रोग होने की संभावना बढ़ जाती है। अधिकतर रोगी हल्के बुखार, खांसी, नाक का चलना, बार-बार छींकों का आना, माथे पर भारीपन जैसे लक्षणों (सामान्य फ्लू) से ग्रसित होते हैं। सामान्य फ्लू होने पर ज्यादातर लोग 7 से 10 दिन में इस रोग से स्वयं ठीक हो जाते हैं। यदि व्यक्ति तेज बुखार, गले में दर्द व चीजों को निगलने में दर्द होना, सर में दर्द, गले व छाती में खरखराहट और छाती से सिटी जैसी आवाज, सांस का फूलना मांसपेशियों में दर्द, शरीर में आक्सीजन की कमी, बार-बार उल्टी होना जैसे लक्षणों से ग्रसित होने पर डॉक्टरी परामर्श लेना जरूरी है। सभी उम्र के लोग इन बीमारियों से ग्रसित हो सकते हैं। छोटे बच्चे, बड़े-बुजुर्ग, कमजोर रोग प्रतिरक्षण शक्ति वाले व्यक्ति जो किसी भी कारण से हो, डायबिटीज, किडनी रोगों, हृदय रोगों, लीवर के रोग, कैंसर, अधिक मात्रा में स्टेरॉयड लेने वाले रोगियों में इस रोग से होने वाली विकृतियों के होने का खतरा ज्यादा रहता है। विकृतियां होने पर व्यक्ति साइनसाइटिस, लैरिंजाइटिस, ब्रोंकाइटिस, ब्रोंकोलियमोनिया, अस्थमा जैसे रोगों से ग्रसित हो जाते हैं। फ्लू से ग्रस्त रोगी को मास्क पहनना, अन्य लोगों से उचित दूरी, हाथों को बार-बार धोएं, अनावश्यक भीड़भाड़ वाली जगह न जायें। ठंड से बचें।



डॉ. आनंद कुमार
औषधि विशेषज्ञ

## एयर पॉल्यूशन का किडनी पर बुरा असर


*एयर पॉल्यूशन दिन पर दिन तेजी से बढ़ रहा है। इसके कारण स्वस्थ लोग भी बीमार पड़ रहे हैं। हवा में मौजूद कॉपर और लेड जैसे धातु के कण सांस के जरिए शरीर में प्रवेश करते हैं, जो किडनी को नुकसान पहुंचाते हैं। ये सिस्ट नेफ्रॉन में जमा होकर किडनी के फंक्शन को डिस्टर्ब कर देते हैं। फिर किडनी काम करना बंद कर देती है, जिसके बाद डायलिसिस-ट्रांसप्लांट जरूरी हो जाता है। इसी वजह से किडनी कैंसर भी बढ़ रहा है, जबकि पहले से ही किडनी के कई दुश्मन हैं। यूरिन इन्फेक्शन, प्रोस्टेट की समस्या, मोटापा, हैवी मेडिसिन, शुगर और बीपी, ये सभी बीमारियां किडनी को नुकसान पहुंचाती है। जब दुश्मन हजारों हों तो एक ही उपाय नजर आता है, योग और यौगिक फिल्टर।*

#### किडनी फेलियर के लक्षण

यूरिन इंफेक्शन-जलन, कम या ज्यादा पेशाब, कमर दर्द, पैरों में सूजन, सांस लेने में दिक्कत॰ थकान॰ मांसपेशियों में ऐंठन।

#### रोकथाम के उपाय

चीनी, नमक, चावल, मैदा आदि का सेवन करने से बचें। अपनी किडनी को स्वस्थ बनाने के लिए अपने वजन को नियंत्रित करने, तनाव से बचने और चीनी के सेवन को नियंत्रित करने का प्रयास करें। महीने में एक बार गोखरू का पानी पिएं। पंचामृत एक रामबाण औषधि है जो किडनी को स्वस्थ बनाती है। गिलोय, तुलसी, नीम, गेहूं घास और एलोवेरा का सेवन भी मदद करेगा।



(ये आर्टिकल सामान्य जानकारी के लिए है, किसी भी उपाय को अपनाने से पहले डॉक्टर से परामर्श अवश्य लें)

## न्यूज ब्रीफ

### कराटे अकादमी देहरा ने जीते 11 मेडल



**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** ऊना में हुई ओपन नॉर्थ इंडिया कराटे चैंपियनशिप में कराटे अकादमी देहरा ने 4 गोल्ड, 6 सील्वर और 1 ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। 24 नवंबर को ऊना में अयोजित प्रतियोगिता में अथर्व सरोच, अंगद, तेनजिन, आयुष्मान ने गोल्ड मेडल और लाविश, शिवार्थ, अमोघ वालिया, अथ्रव शर्मा ने सील्वर मेडल जीतकर देहरा का नाम रोशन किया है! तेनजिन नेगी ने ओपन फाइट में भी स्वर्ण पदक जीता है।

### स्वयंसेवियों को समझाया समय का महत्व



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धर्मशाला में सात दिवसीय एनएसएस शिविर के छठे दिन के मुख्यातिथि सेवानिवृत्ति वरिष्ठ कार्यकारी अभियंता हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड पंकज शर्मा रहे। स्कूल के प्रधानाचार्य एवं एनएसएस शिविर के सभी स्वयंसेवियों द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। मुख्य अतिथि पंकज शर्मा ने बताया कि वो भी इसी स्कूल के छात्र रहे हैं। इस स्कूल से कई बड़े-बड़े अधिकारी तथा नेता यही से पढ़कर निकले हुए हैं। साथ में एनएसएस शिविर के सभी स्वयंसेवियों को समय के महत्व को समझना और उसे अपने जीवन में लागू करने और जो दिल में जो लक्ष्य रखा है उसे पाने का जज्बा होना चाहिए। उन विषयों पर अवगत करवाया गया। इस मौके पर स्कूल के उप प्रधानाचार्य महोदय विवेक जमवाल, लेक्चर फिजिकल एजुकेशन शिवदेव ठाकुर, एनएसएस शिवर की प्रभारी डिंपल, टीजीटी भगवान दास तथा शिवर के 25 स्वयंसेवक विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### बैजनाथ कॉलेज में मनाया एनसीसी दिवस



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में रविवार को एनसीसी दिवस मनाया गया। महाविद्यालय के एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि एनसीसी दिवस हर साल नवंबर के चौथे रविवार को मनाया जाता है। इस उपलक्ष्य में बैजनाथ महाविद्यालय मे एनसीसी कैडेट्स द्वारा विभिन्न गतिविधियां करवाई गई जिसमें एनसीसी कैडेट्स द्वारा कॉलेज परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके बाद एनसीसी कैडेट्स को लेफ्टिनेंट डॉक्टर विक्रम सिंह द्वारा एनसीसी से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गई। साथ ही महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स द्वारा चौधरी श्रवण कुमार विश्वविद्यालय में 5 हिमाचल प्रदेश एनसीसी स्वतंत्र कंपनी धर्मशाला द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान किया गया। इसके बाद महाविद्यालय में एनसीसी कैडेट्स द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां प्रस्तुत की गई। एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉक्टर विक्रम सिंह ने एनसीसी कैडेट्स को एकता एवं अनुशासन में रहने पर प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कौंडल ने कैडेट्स को एनसीसी दिवस पर बधाई संदेश दिया।

# ग्रामीण क्षेत्रों में सुदृढ़ की जाएगी शिक्षा व्यवस्था : कमलेश ठाकुर

## विधायक ने देहरा पब्लिक स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में नवाजे मेधावी

**अनंत ज्ञान, देहरा**



विधायक कमलेश ठाकुर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी, ताकि बच्चों को घर के नजदीक की पढ़ाई के अवसर मिल सकें। रविवार को देहरा पब्लिक स्कूल खबली के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि पहुंची क्षेत्र की विधायक कमलेश ठाकुर ने ये उद्गार प्रकट किए।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सोच से शिक्षा में सुधार लाने के लिए ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के ढांचे को सुदृढ़ किया जाएगा। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार गुणवत्ता शिक्षा प्रदान के लिए कृतसंकल्प है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक-एक मॉडल डे बोर्डिंग स्कूल स्थापित किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं तथा बच्चों को गुणवान बनाने से देश तथा समाज भी आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि बच्चों को नैतिक शिक्षा प्रदान करने पर विशेष बल दिया जाएगा, इसमें शिक्षकों का अहम योगदान रहेगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि व्यायाम एवं खेल इत्यादि में नियमित रूप से भाग लेते हुए नशे से दूर रहें।

उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे संघर्ष, परिश्रम एवं लगन को अपना साथी बनाएं। उन्होंने कहा कि युवावस्था में संघर्ष एवं परिश्रम के माध्यम से ही जीवन के उच्च लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। कायक्रम में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए तथा मुख्यातिथि ने मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर भी सम्मानित किया। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए बच्चे दिन रात मेहनत करते हैं। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ साथ खेल कूद प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी भाग लेना चाहिए जिससे बच्चों का समग्र विकास होता है। विधायक ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए विद्यालय को 51 हजार देने की घोषणा की।

### मीडिया की आवाज दबाने का प्रयास कर रही सरकार : चक्षु

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश भाजपा के प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने मुख्यमंत्री सुक्खू के मीडिया सलाहकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जिस प्रकार से एक मीडिया कर्मी ने जनता की



आवाज को उन तक पहुंचाने का कार्य किया तथा उसके साथ कांग्रेस नेता ने जिस प्रकार का व्यवहार किया है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। चक्षु ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कहा कांग्रेस सरकार सत्ता का दुरुपयोग कर रही है। स्वतंत्र मीडिया की आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है। सुक्खू सरकार पत्रकारों पर झूठे केस बनाकर उन्हे डरा धमका रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब पत्रकारिता पर विश्वास की बात आती है तो आज के दौर में अपनी बात कहना इतना आसान नहीं लगता। इस वक्त एक भय का वातावरण है। उन्होंने कहा कि मीडिया का प्रश्न पूछना सरकार को इतना परेशान क्यों कर रहा, इस परेशानी का सबब जानना जरूरी है। प्रश्न के बीच छुपी प्रदेश की जन भावनाओं ने सरकार को आखिर इतना विचलित क्यों कर दिया है यह प्रदेशवासी जानना चाहते हैं। चक्षु ने कहा कि क्या सोशल मीडिया पर प्रदेश की वर्तमान मित्रों की सरकार की विदाई की धुन ने प्रदेश की वर्तमान सरकार के मीडिया सलाहकार विद कैबिनेट रैंक को परेशान तो नहीं कर दिया है?

## अवैध खनन करने पर जेसीबी पोकलेन और टिप्पर जब्त

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**



पुलिस जिला नूरपुर के एसपी अशोक रत्न द्वारा अवैध खनन के खिलाफ चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस चौकी कंडवाल के अंतर्गत चक्की दरिया में खनन माफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध खनन में शामिल एक जेसीबी मशीन तथा एक टिप्पर को अवैध खनन अधिनियम के तहत चालान करके जब्त कर दिया गया है तथा आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

दूसरे मामले में पुलिस चौकी रे द्वारा मंड क्षेत्र के ब्यास दरिया में कुछ अज्ञात लोगों द्वारा अवैध खनन किया जा रहा था तथा जिसके चलते गांव रेतपुर के पास एक पोकलेन मशीन को जब्त किया गया है। हालांकि इस का ड्राइवर मौके पर भागने में सफल हो गया। इसकी पुष्टि करते हुए एएसपी नूरपुर धर्मचंद वर्मा ने बताया कि पुलिस द्वारा पुलिस जिला नूरपुर द्वारा इस वर्ष अवैध खनन के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए अब तक 13 मामले दर्ज किए जा चुके हैं जिसके तहत 60 वाहन पुलिस द्वारा जब्त किए गए हैं तथा अब तक कुल 734 चालान अवैध खनन अधिनियम के तहत किए जा चुके हैं। आरोपियों से कुल 87 लाख 64800 रुपए का जुर्माना भी वसूल किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। (अनंत ज्ञान)

## जनता की मांग पर गांवों में लगेंगे मेडिकल कैंप : सुधीर

### खनियारा में मेगा मेडिकल कैंप में 2196 मरीजों की हुई जांच, रोगियों को फ्री दवाइयां भी बांटी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**




धर्मशाला के निकटवर्ती खनियारा में रविवार को मेगा मेडिकल कैंप में 2196 मरीजों की जांच हुई। रोगियों की फ्री में जांच करवाई गई, साथ ही उन्हें निशुल्क दवाएं भी बांटी गई हैं। इनमें गंभीर रोगियों का इलाज पीजीआई जैसे अस्पतालों में करवाया जाएगा। धर्मशाला में अब तक लगे सबसे बड़े मेडिकल कैंप में विधायक सुधीर शर्मा विशेष तौर से मौजूद रहे।

सुधीर शर्मा ने कार्यक्रम के दौरान ऐलान किया कि धर्मशाला हलके में जहां से भी डिमांड आएगी, वहां इस तरह के कैंप आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने खनियारा के मेहर चंद महाजन भवन नज़दीक पटौला मैदान में सर्व कल्याणकारी संस्था और नवजीवन फाउंडेशन के सौजन्य से लगे मेगा मेडिकल कैंप की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि आज देश के नामी आर्थो, डर्माटालॉजिस्ट, गायनी, ईएनटी व आई स्पेशलिस्ट ने इस कैंप में मरीजों को अपनी सेवाएं दीं। कैंप में विशेषज्ञ परामर्श, निशुल्क एक्स-रे भी करवाया गया। शाम आठ बजे तक चले कैंप में ऑर्थोपेडिक्स के लिए डॉ. राज बहादुर, स्त्री रोग के लिए डॉ. मीनाक्षी, ईएनटी के लिए डॉ. भिनिया राम, त्वचा रोग के लिए डॉ. थामी और नेत्र देखभाल के लिए डॉ. जितिंदर सहित विभिन्न चिकित्सा विशेषज्ञों ने अपनी शानदार सेवाएं प्रदान कीं।

विश्व प्रसिद्ध चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. राज बहादुर ने सर्दियों में स्वस्थ कैसे रहें विषय पर सत्र लिया। उन्होंने हड्डियों के स्वास्थ्य और संतुलित आहार के महत्व पर जोर देते हुए मूल्यवान स्वास्थ्य सुझाव दिए। यह शिविर उन लोगों के लिए लाभदायक रहा, जो महंगे अस्पतालों में अपना इलाज नहीं करवा पाते।

#### जारी रहेगी यह मुहिम

**सर्व** कल्याणकारी संस्था और नवजीवन फाउंडेशन की ओर से खनियारा के पटोला मैदान में लगा यह कैंप मील का पत्थर साबित हुआ है। दिग्गज भाजपा नेता व धर्मशाला से विधायक सुधीर शर्मा ने कहा कि यह मुहिम चलती रहेगी। आने वाले समय में जनता की मांग पर कई जगहों पर ये कैंप आयोजित किए जाएंगे। धर्मशाला के लोगों को बेहतर सेवाएं देना उनकी प्राथमिकता है।

## डीएसपी अंकित शर्मा ने किया टी टेन संडे क्रिकेट लीग का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**



ओल्ड क्रिकेट स्टार क्लब पुराना कांगड़ा द्वारा टी-टेन संडे क्रिकेट लीग कॉस्को टूर्नामेंट का आगाज हो गया। इसका शुभारंभ डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में किया। ओल्ड क्रिकेट स्टार क्लब पुराना कांगड़ा द्वारा मुख्यातिथि का स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया। खिलाड़ियों से रू-ब-रू होकर उन्होंने कहा कि यह बहुत अच्छा प्रयास है खेल प्रतियोगिताओं में युवा अधिक से अधिक भाग लें, ताकि वह नशे से दूर रह सकें। इस तरह की प्रतियोगिताओं के लिए आयोजन करता बधाई के पात्र हैं । टीम में एक जुट होकर किस तरह काम किया जाता है यह प्रेरणा भी खिलाड़ियों को मिलती है। वही टी-टेन संडे क्रिकेट लीग कॉस्को टूर्नामेंट का पहला मैच जयंती क्लब ओल्ड कांगड़ा व मुन्ना इलेवन ओल्ड कांगड़ा के बीच खेला गया। जयंती क्लब पुराना कांगड़ा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 106 रन बनाए। वहीं मुन्ना इलेवन 90र न बना कर ढेर हो गई। जयंती क्लब पुराना कांगड़ा ने टूर्नामेंट का पहला मैच जीत लिया। ओल्ड क्रिकेट स्टार क्रिकेट कलवार के सदस्यों ने बताया कि यह प्रतियोगिता केवल रविवार और 10-10 ओवरों की होगी। प्रतियोगिता केवल नॉकआउट स्तर पर होगी, जिसमें विजेता टीम को 11000, उपविजेता टीम को 8000 रुपए तीसरे स्थान पर आने वाली टीम को 5000 रुपए नकद इनामी राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि फाइनल व सेमी फाइनल मैच 12-12 ओवरों में खेला जाएग। इस मौके पर मनोनीत पार्षद अनिल कुमार, समाज सेवी सतीश चौधरी,सूरज कमल भाटिया, अरविंद्र, सुभाष काला, राकेश, हेमराज, कमल, उमेश, राजीव, अजय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## मोगा में 11 जनवरी को होगा मैट्टी जयंती समारोह: उत्तम चंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



सर्वोदय भवन बगली धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश इलेक्ट्रोहोम्योपैथिक चिकित्सक संघ की मासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष डॉ. उत्तम चंद कौंडल ने की। उन्होंने बताया कि इस बार पद्धति के जनक काउंट सीजर मैट्टी जयंती समारोह 11 जनवरी को पंजाब राज्य के मोगा जिले में राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाएगा। इसमें हिमाचल प्रदेश के साथ पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड तथा राजस्थान के चिकित्सक प्रतिनिधित्व करेंगे। राज्य संयोजक सुरेंद्र ठाकुर ने कहा कि मैट्टी जयंती समारोह पर कई चिकित्सकों को राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा और इलेक्ट्रोहोम्योपैथी के विकास के लिए उच्च स्तरीय समिति भी गठित की जाएगी।

डॉ. सुरेंद्र ने बताया कि प्रदेश में पद्धति के विकास के लिए अलग से शासकीय बोर्ड की मांग को लेकर शिष्टमंडल शीघ्र ही मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिलने की तैयारी में है। संघ ने प्रशासन से आग्रह किया है कि जो इलेक्ट्रोहोम्योपैथ अपनी पद्धति में प्रैक्टिस नहीं कर रहे हैं, उन चिकित्सकों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।

## तेजदार हथियारों से व्यक्ति पर कर दिया हमला

**पठानकोट।** पठानकोट जिले के थाना तारागढ़ के अधीन आते गांव पक्खोचक्क में एक व्यक्ति और कुछ लोगों के बीच झगड़ा हो गया। इस झगड़े में एक अश्विनी निवासी गांव पक्खोचक्क नाम का व्यक्ति गंभीर रूप में घायल हो गया है। इसके परिवार ने घायल को चारपाई पर डाल सड़के के बीच रखकर पुलिस प्रशासन खिलाफ रोष भी जताया। थाना तारागढ़ के जांच अधिकारी बलकार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि अश्विनी नाम के व्यक्ति पर तीन लोगों ने तेजधार हथियारों से हमला कर उसे गंभीर रूप में घायल कर दिया है। वहीं, पुलिस ने मौके पर पहुंच घायल को सिविल अस्पताल पठानकोट उपचार के लिए भर्ती करवाया। हालांकि अभी दोनों पक्षों में किसी ने भी पुलिस को बयान दर्ज नहीं करवाए हैं।

## पर्यटन राज्य हिमाचल को सुक्खू सरकार की लगी नजर : परमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

पर्यटन राज्य हिमाचल प्रदेश को सुक्खू सरकार की काली नज़र लग गई है। सुलह से भाजपा विधायक एवं पूर्व विधान सभा अध्यक्ष विपिन सिंह परमार ने कहा कि कांग्रेस सरकार हिमाचली हितों को निजी



हाथों में सौंपकर जनता को गुमराह करने का काम कर रहे हैं, जिसका अब न्यायपालिका के सार्वजनिक मंच पर खुलासा हो गया है। पूर्व विस अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश की पर्यटन स्थिति खराब करने के लिए एचपीटीडीसी के चैयरमेन केबिनेट रैंक को पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। एचपीटीडीसी संघ ने प्रदेश की राजधानी शिमला में चैयरमेन पर गंभीर आरोप लगाते हुए पद से हटाए जाने की जोर-शोर से मांग की है। ऐसे में अब सरकार को इस विषय में अपनी स्थिति स्पष्ट करनी होगी, जिसमें पर्यटन निगम के चैयरमेन पर लगे गंभीर आरोपों की सरकार को जांच करवानी होगी। विपिन सिंह परमार ने कहा कि पर्यटन निगम कर्मचारी संघ ने सीधे शब्दों में स्पष्ट कर दिया है कि निजी हाथों में सौंपने व हड़पने को लेकर साजिश के तहत ही गलत आंकड़ा हाई कोर्ट के समक्ष रखा गया है। ऐसे में सरकार को न्यायपालिका सहित प्रदेश की जनता से माफी भी मांगनी चाहिए। श्री परमार ने होटलों को बंद होने के सीधे-सीधे कांग्रेस की प्रदेश सरकार की नाकामी बताया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की आर्थिक स्थिति को गर्त में पहुंचाने के बाद अब दुख- भरे दो सालों का जश्न बनाने की भी तैयारी की जा रही है, जोकि सरासर राज्य की जनता के साथ अन्याय है।

#### होटलों का बंद होना सरकार की नाकामी

**परमार** ने प्रेस विज्ञप्ति के द्वारा सुक्खू सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि आज दो सालों में प्रदेश की वो हालत हो चुकी है, जिनकी कल्पना भी किसी ने नहीं की थी। सुक्खू सरकार ने जानबूजकर कोर्ट में राज्य पर्यटन विकास निगम के होटलों को घाटे में दिखाया, जिसके कारण आज 18 होटलों पर ताला लगने जा रहा है। जिन होटलों को बंद करने के आदेश हुए हैं, उनमें कार्यरत कर्मचारियों तथा उनके परिवार की नींदें उड़ी हुई हैं। अब उनकी ओर से लगाए गए गंभीर आरोपों पर सरकार उचित कदम नहीं उठाती है, तो भाजपा सड़कों पर उतरकर सरकार के खिलाफ उग्र आंदोलन करेगी। अब सुक्खू सरकार की नाकामियों के कारण पर्यटन निगम के होटलों को सेल करने की नौबत आ गई है।

## आपदा से हुए नुकसान की भरपाई के लिए राशि दे केंद्र: सुभाष

**नगरोटा बगवां।** हिमाचल जन क्रांति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष शर्मा एवं अन्य राज्य के पार्टी नेताओं ने केंद्र की भाजपा सरकार को अपने बजट सत्र में वित्त मंत्री द्वारा हिमाचल प्रदेश को आपदा के हुए नुकसान की भरपाई करने की घोषणा को अमलीजामा पहनाने के लिए शीघ्र घोषित राशि को प्रदेश सरकार को भुगतान करे, ताकि प्रदेश की वित्तीय स्थिति सुदृढ़ हो सके। नगरोटा बगवां में अक्षय पैलेस में प्रदेश स्तरीय बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की वित्तीय स्थिति का तब तक सुधार नहीं हो सकता जब तक कु प्रबंधन करने वाले राजनेताओं और अफसरशाही की जिम्मेदारी सुनिश्चित नहीं की जाती। उन्होंने कहा कि एक दूसरे पर आरोप पर्याय आरोप लगाने की बजाए सभी राजनीतिक पार्टियां प्रदेश हित के लिए केंद्र सरकार के साथ सामूहिक रूप से यदि विचार-विमर्श करें तो प्रदेश की माली हालत को सुधारा जा सकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार प्रदेश हित को देखते हुए प्रदेश सरकार को वित्तीय सहायता जारी करे ताकि प्रदेश के कर्मचारियों के रुके डी ए ओर वेतन आयोग की रुकी बकाया राशि का कर्मचारियों को भुगतान हो सके।

## लड्डू बांटकर मनाई महाराष्ट्र में भाजपा की जीत की खुशी

**धर्मशाला।** महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत की ख़ुशी में भाजपा मंडल धर्मशाला में विधायक सुधीर शर्मा व सभी कार्यकर्ताओ ने लड्डू बांटकर जीत की ख़ुशी मनाई। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सचिन शर्मा, मंडल अध्यक्ष डॉ. विशाल नैरिया, उप महापौर बिजेंद्र कौर, मंडल उपाध्यक्ष आनंद शर्मा,मंडल महामंत्री अरविंद कुमार, मंडल सचिव अशोक जरयाल, सुशील कपूर, शमशेर नैरिया, दिनेश कपूर, कैलाश वालिया, सर्वजीत धीमान, आशु बलौरिया, सपना भारद्वाज, तरुण शर्मा, चंद्र भारद्वाज राकेश भारद्वाज, शुभम सूद, मीनाक्षी ठाकुर इत्यादि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## पूर्व मंत्री विद्यासागर की याद में बनाए टियाले का किया उद्घाटन



**आशीष दमीर, कांगड़ा**

पूर्व मंत्री स्वर्गीय चौधरी विद्यासागर की स्मृति में पुराना कांगड़ा के ऐतिहासिक मसीत खेल मैदान पर नवनिर्मित टियाला का निर्माण उनकी पत्नी द्वारा करवाया गया। रविवार को इस टियाला का उद्घाटन उनकी पत्नी विमलेश चौधरी द्वारा किया गया, जिसमें स्थानीय लोगों में महिलाओं, युवाओं तथा बच्चों के अतिरिक्त उनके परिवार के सदस्य ने भाग लिया। इस अवसर पर नगर परिषद पुराना कांगड़ा के वार्ड नंबर 3 की पार्षद पुष्पा चौधरी, मनोनीत पार्षद अनिल कुमार, सूरज कमल भाटिया, शशि भूषण, विनोद चौधरी, एचडी चौधरी, सुभाष वासी, सतीश कुमार, चौधरी दविंदर, चौधरी बालकृष्ण, चौधरी जीवन कुंडल एवं महिला मंडल के सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। (अनंत ज्ञान)

## अगाहर के लापता बुजुर्ग का शव मिला

**फतेहपुर।** पुलिस थाना फतेहपुर के तहत पड़ते कस्बा अगाहर के लापता हुए बुजुर्ग का शव छत्राल के समीप खाई में पड़ा मिला है। पुलिस ने इसे कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। मिली जानकारी अनुसार अगाहर का करीब 70 वर्षीय बुजुर्ग युगल किशोर गत शुक्रवार को घर से फतेहपुर के लिए निकला था, जोकि शाम तक वापस घर नहीं पहुंचा, जिस पर परिजनों ने खूब तलाश करने उपरांत पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवा दी थी। रविवार को उक्त बुजुर्ग का शव छत्राल के समीप खाई में पड़ा किसी व्यक्ति ने देखा जिसकी इसकी सूचना परिजनों व पुलिस को दी गई। पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में शव को खाई से बाहर निकाल पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

**स्वास्थ्य** आध्यात्मिक सेवा मिशन विवेकानंद केंद्र ने गोपाल बाग घुरकड़ी में ओपीडी का किया आयोजन

## 193 मरीजों का किया चेकअप, 91 ऑडियोमेट्री टेस्ट किए

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**



आध्यात्मिक सेवा मिशन विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा कांगड़ा ने रिपुदमन चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से गोपाल बाग घुरकड़ी में रविवार को ओपीडी का आयोजन किया, जिसमें डॉ. संजय सचदेवा प्रिंसिपल डायरेक्टर ईएनटी हेड एंड नेक सर्जरी मैक्स ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स दिल्ली द्वारा 193 मरीजों का चेकअप (इलाज) किया गया।

इस निशुल्क ईएनटी शिविर में राज्य के विभिन्न हिस्सों से मरीज इलाज करवाने के लिए पहुंचे। हियरक्लियर इंडिया के ऑडियोलॉजिस्ट द्वारा 93 ऑडियोमेट्री टेस्ट किए गए। अधिकांश मरीज वरिष्ठ नागरिक और छोटे बच्चे थे। कांगड़ा के 87 वर्षीय व्यक्ति शिविर में आए सबसे बुजुर्ग मरीज थे। अगले दो महीनों के दौरान शिविरों में की जाने वाली सर्जरी के लिए 21 से अधिक मरीजों की पहचान की गई। यह कार्यक्रम विवेकानंद केंद्र की मासिक विशेषता है, जिसका उद्देश्य मानव सेवा ईश्वर सेवा है।

डॉ. सचदेवा ने यूएनआई को बताया कि बहरापन एक छिपी हुई विकलांगता है और एक बहरे बच्चे को संचार, भाषण विकास, सीखने की विकलांगता और अधिकांश मील के पत्थरों के वैश्विक विकास में समस्या होगी। उन्होंने कहा कि वयस्कों में, सुनने की विकलांगता वाला व्यक्ति एकांतप्रिय, गैर-संचारी, अलग-थलग, उदास हो जाता है और धीरे-धीरे मानसिक तीक्ष्णता, स्मृति और सामाजिक रूप से शर्मिंदा हो जाता है। उन्होंने कहा कि इस विकलांगता का समय रहते निदान और उपचार करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इसके लिए समस्या में गहरी दिलचस्पी और वैज्ञानिक दिमाग की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मूक-बधिर बच्चों के लिए कोकलियर इंप्लांट वरदान है, बशर्ते यह सर्जरी बच्चों में शुरुआती दिनों में की जाए। अधिकांश बच्चों में इसका निदान नहीं हो पाता या बहुत देर से निदान होता है, इसलिए नियमित चिकित्सा जांच से इसका जल्दी निदान हो सकता है और बेहतर जीवन गुणवत्ता के लिए सुधारात्मक सर्जरी की जा सकती है। उन्होंने कहा कि सफलता सुनिश्चित करने वाले मुख्य कारकों में सर्जिकल तकनीक के अलावा सही उम्मीदवार का चयन, सही मूल्यांकन और इंप्लांट की अच्छी गुणवत्ता शामिल है। सफलता सुनिश्चित करने वाला एक अन्य कारक पोस्ट-ऑपरेटिव पुनर्वास, स्पीच थेरेपी है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि बच्चा सुनना और बोलना शुरू कर दे।

## न्यूज ब्रीफ

### 'परख' को लेकर शिक्षा उपनिदेशक ने किया प्रेरित



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कांगू में शिक्षा उपनिदेशक गुणवत्ता शिक्षा एवं जिला परियोजना अधिकारी हमीरपुर नवीन शर्मा ने छठी और नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों की बुनियादी स्तर पर गणित, विज्ञान, हिंदी एवं तार्किक आधार सबंधित विषयों पर दक्षता हासिल करने के लिए राज्य शिक्षा विभाग द्वारा चलाए गए अभियान मिशन परख -2024 का जायजा लिया। नवीन शर्मा ने गणित विषय पर कुछ प्रश्न पूछे। बच्चों के सकारात्मक उत्तरों से शिक्षा उपनिदेशक ने संतुष्टि जताते हुए अध्यापकों को बच्चों पर और मेहनत करने और सबंधित विषयों पर प्रश्न बैंक तैयार करने का परामर्श दिया। शिक्षा उपनिदेशक ने बच्चों को अग्रिम माह में 4 दिसंबर को होने वाली परख परीक्षा के लिए तैयारी करने को प्रेरित किया।

### हमीरपुर कॉलेज में सुहानी का नारा सबसे प्यारा



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मारक राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन सड़क सुरक्षा क्लब के द्वारा क्लब के समन्वयक प्रोफेसर विनोद चंद की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें 16 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। प्रोफेसर अल्पना शर्मा, प्रोफेसर अपूर्वा ठाकुर, डॉ. भानु प्रिया बतौर निर्णायक उपस्थित रहे। सुहानी भूषण ने प्रथम, नेहा ने द्वितीय व पलक ठाकुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. प्रमोद पटियाल ने विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया और सड़क सुरक्षा के ऊपर जोर देते हुए कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

### डीएवी भड़ोली में धूमधाम से मनाया एनसीसी दिवस



**नादौन।** डीएवी स्कूल भड़ोली में एनसीसी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने की। कार्यक्रम के दौरान एनसीसी कैडेट्स ने सर्वप्रथम एनसीसी ध्वज को सलामी देकर परेड की। तत्पश्चात एनसीसी कैडेट्स ने देश भक्ति गीत, भाषण एवं नृत्य आदि प्रस्तुत कर समां बांध दिया। इस अवसर पर प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने सभी कैडेट्स को एनसीसी दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि एनसीसी छात्रों को विद्यार्थी जीवन से ही एकता और अनुशासन सीखकर भविष्य के लिए तैयार करती है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से किया गया। इस अवसर पर स्कूल का सभी स्टाफ मौजूद रहे।

### पूर्व पंचायत प्रतिनिधियों ने थामा कांग्रेस का हाथ



**नादौन।** नादौन विधानसभा क्षेत्र की बूणी पंचायत के भाजपा समर्थक दो पूर्व पंचायत प्रतिनिधियों ने भाजपा छोड़ कर कांग्रेस का दामन थाम लिया है। भाजपा छोड़ने वाले बूणी बूथ के निवासी पूर्व पंचायत प्रतिनिधि कृष्ण देव व रघुवीर सिंह ने मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा लिए जा रहे जनहित के फैसलों व कांग्रेस सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। ब्लॉक कांग्रेस के प्रधान कैप्टन पृथ्वी चंद ने दोनों को हार पहनाकर कांग्रेस में शामिल करके उनका स्वागत किया है। दोनों ने स्वेच्छा से कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली है। इस अवसर पर कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के डायरेक्टर एवं वरिष्ठ कांग्रेसी मोती जोशी, शहरी कांग्रेस एवं नगर पंचायत नादौन के अध्यक्ष शम्मी सोनी, पूर्व प्रधान रविंद्र गद्दी, महिंद्री जैन, कपिल शर्मा व नानक चंद आदि उपस्थित रहे। ब्लॉक कांग्रेस के प्रधान कैप्टन पृथ्वी चंद ने कहा कि मुख्यमंत्री सरकार की नीतियों, योजनाओं व जनहित में लिए जा रहे फैसलों से आम जनता काफी खुश है और सुक्खू सरकार की नीतियों का खुले दिन से समर्थन कर रही है।

### ब्याड़ स्कूल के छात्रों ने किया श्रमदान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ब्याड़ में रविवार को एनएसएस इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल रत्न चंद शर्मा व विशिष्ट अतिथि श्याम लाल शर्मा उपस्थित हुए। शिविर में छात्रों के द्वारा विभिन्न स्थानों पर साफ-सफाई अभियान चलाया गया। इसमें विद्यालय परिसर, धार्मिक स्थलों का सौंदर्यीकरण, गांव के रास्तों की सफाई करवाई गई।उ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे कर्नल रतन चंद शर्मा ने स्वयंसेवियों द्वारा किए गए श्रमदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमें बच्चों से सीख लेनी चाहिए। उन्होंने स्वयंसेवियों को अनुशासन में रहना व मिलजुलकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अध्यापक संजय कुमार प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा, टीजीटी बीना देवी, टीजीटी आशीष कुमार, टीजीटी संस्कृत मनोज कुमार, जूनियर ऑफिस अस्सिटेंट दिनेश वनियाल भी उपस्थित रहे, साथ ही साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील दत्त शर्मा द्वारा बच्चों को एनएसएस की गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर भाग लेने के लिए उत्साहित किया गया और देश की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। इस अवसर पर उपप्रधान ग्राम पंचायत ननावां जोगिंद्र सिंह व एनएसएस प्रोगाम ऑफिसर राजेश शर्मा व निशा कुमारी समापन समारोह में मौजूद रहे।

# दख्योड़ा स्कूल के शिक्षक का डेपुटेशन रद्द

## शिक्षा विभाग ने लिया फैसला, छात्रों के साथ-साथ अभिभावकों ने शिक्षा विभाग का जताया आभार

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

बड़सर उपमंडल के तहत आने वाले प्राथमिक पाठशाला दख्योड़ा के शिक्षक को डेपुटेशन पर भेजने के आदेश शिक्षा विभाग ने वापस ले लिए हैं। अनंत ज्ञान में प्रमुखता से मुद्दा उठाए जाने के बाद और छात्रों अभिभावकों की डिमांड को देखते हुए और शिक्षा विभाग ने यह फैसला लिया है, ऐसे में डेपुटेशन पर भेजे गया शिक्षक अब दख्योड़ा स्कूल में ही पहले की तरह सेवाएं देगा। इसके चलते छात्रों और उनके अभिभावकों ने भी राहत की सांस ली है और इसके लिए शिक्षा विभाग का भी आभार जताया है।

शिक्षा विभाग ने हाल ही में प्राथमिक पाठशाला दख्योड़ा में जेबीटी शिक्षिका को डेपुटेशन पर झिरालड़ी स्कूल भेज दिया था। इसके चलते दख्योड़ा स्कूल की एसएमसी, छात्र व उनके



### डेपुटेशन शिक्षक अब दख्योड़ा स्कूल में ही पढ़ाएंगे छात्रों को

अभिभावकों ने शिक्षा विभाग के फैसले का कड़ा विरोध किया था क्योंकि जेबीटी शिक्षिका को झिरालड़ी स्कूल में डेपुटेशन किया गया था, जहां पर पांचवीं कक्षा तक महज 29 छात्रों के लिए पहले से ही दो शिक्षक तैनात थे और तीसरे टीचर की नियुक्ति कर दी थी, जबकि



बदहाल शिक्षा | शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कारनामा, दख्योड़ा स्कूल के एक शिक्षक को झिरालड़ी स्कूल में डेपुटेशन पर भेजा

दख्योड़ा में 60 को पढ़ा रहा एक और झिरालड़ी स्कूल में 29 बच्चों के लिए तीन शिक्षक

अनंत ज्ञान ने बच्चों और अभिभावकों की समस्या को देखते हुए प्रमुखता से उठाया था मुद्दा।

दख्योड़ा स्कूल में 60 छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। ऐसे में उक्त स्कूल में एक ही टीचर रह गया है, ऐसे में एक टीचर कब छात्रों को पढ़ाएगा और कब विभाग की डाक इत्यादि का जवाब देगा।

हालांकि शिक्षा विभाग व सरकार सरकारी स्कूलों मे शिक्षा ढांचे को मजबूत करने के बड़े बड़े दावे कर रही है, लेकिन बिना शिक्षकों के स्कूलों मे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार कैसे आएगा, यह बात न तो अविभावक समझ पा रहे हैं और न ही स्कूलों मे तैनात शिक्षक। आलम यह है कि जिले के अधिकांश प्राथमिक स्कूलों मे शिक्षा का स्तर गिरता जा रहा है। इसके चलते स्कूल की एसएमसी, छात्रों के अभिभावकों ने शिक्षा विभाग ने डेपुटेशन को जल्द से जल्द रद्द करने की गुहार लगाई थी, ताकि छात्रों का भविष्य खराब होने से बचाया जा सके। शिक्षा विभाग ने अपने आदेशों को बदलते हुए डेपुटेशन को अब रद्द कर दिया है, ताकि दख्योड़ा स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों को टीचरों की कमी के चलते परेशान न होना पड़े। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान इंपैक्ट

### छात्रों की पढ़ाई प्रभावित न हो, को लेकर लिया फैसला : अशोक

वहीं प्रारंभिक शिक्षा विभाग हमीरपुर के उपनिदेशक अशोक कुमार का कहना है कि दख्योड़ा स्कूल की शिक्षिका का डेपुटेशन रद्द कर दिया गया है, ऐसे में जेबीटी शिक्षिका दख्योड़ा स्कूल में ही पहले की तरह सेवाएं देंगी, ताकि कम स्टाफ के चलते छात्रों की पढ़ाई प्रभावित न हो सके।

## 31 दिसंबर तक ई-केवाईसी करवाएं राशन कार्ड उपभोक्ता

**अंनत ज्ञान, हमीरपुर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के जिला नियंत्रक अरविंद शर्मा ने बताया कि राशन कार्डधारक उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी की अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 दिसंबर कर दी गई है। उन्होंने बताया कि ई-केवाईसी के लिए विभाग ने ई-केवाईसी पीडीएसएचपी ऐप भी लांच किया है। उपभोक्ता अपने एंड्रॉयड मोबाइल फोन में गूगल प्ले स्टोर से इस ऐप को डाउनलोड करके घर बैठे ही अपनी ई-केवाईसी कर सकते हैं।

इसके अलावा देश में कहीं भी लोकमित्र केंद्र में वेब आधारित एप्लिकेशन के माध्यम से अपने बायोमेट्रिक का प्रमाणीकरण करवाकर ई-केवाईसी प्रक्रिया को पूर्ण करवा सकते हैं। जिला नियंत्रक ने बताया इसके बाद उपभोक्ताओं के राशन कार्ड अस्थायी रूप से ब्लॉक कर दिए जाएंगे, जिसके लिए वे स्वयं उत्तरदायी होंगे।

## सीएम के 'फाइव स्टार' ठहराव और खनन माफिया से रिश्तों पर उठे सवाल : राणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने मुख्यमंत्री पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए प्रदेश की जनता के समक्ष गंभीर सवाल खड़े किए हैं। राजेंद्र राणा ने कहा कि एक तरफ मुख्यमंत्री प्रदेश में आर्थिक संकट का हवाला देकर जनता को कठिनाइयों का संदेश दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर वे 'फाइव स्टार' संस्कृति को खुद बढ़ावा दे रहे हैं, जो प्रदेश के मुखिया होने के नाते उन्हें शोभा नहीं देता है।



राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री चंडीगढ़ स्थित हिमाचल भवन के सीएम सुइट का उपयोग करने की बजाए बार-बार 'फाइव स्टार' होटलों में ठहरना पसंद करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि हाल ही में दिल्ली से चंडीगढ़ लौटने के बाद मुख्यमंत्री ने सरकारी हेलिपैड से सीधे निजी वाहन का उपयोग किया और दो अलग-अलग 'फाइव स्टार' होटलों का दौरा किया, जिनमें से एक होटल 'हयात' में उन्होंने रात बिताई। राजेंद्र ने सवाल उठाया कि मुख्यमंत्री के 'फाइव स्टार' होटलों में रुकने का खर्च कौन वहन करता है। उन्होंने कहा कि यदि यह बिल सरकारी खजाने से अदा किया जा रहा है, तो यह जनता के धन का दुरुपयोग है। यदि कोई अन्य व्यक्ति मुख्यमंत्री के ठहराव का खर्च वहन करता है, तो यह जानना प्रदेश की जनता का अधिकार है कि इसके पीछे क्या मंशा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि जब वे और आठ अन्य विधायक सरकार के दमन चक्र से बचने के लिए मजबूरी में 'फाइव स्टार' होटल में ठहरे थे, तब मुख्यमंत्री ने जांच के आदेश दिए और उनके पीछे पुलिस लगा दी थी, लेकिन अब मुख्यमंत्री की 'फाइव स्टार' ठहराव की आदत पर चुप्पी क्यों है? राणा ने केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा शिकंजे में लिए गए खनन माफिया सरगना ज्ञानचंद ज्ञानू के मुख्यमंत्री के साथ कथित संबंधों पर भी सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि ज्ञानचंद ज्ञानू मुख्यमंत्री की कार में सफर करता रहा है, लेकिन मुख्यमंत्री इस मुद्दे पर अपनी स्थिति स्पष्ट नहीं कर रहे।

## हैप्स के वार्षिकोत्सव-2 में 331 मेधावियों का सम्मान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**






कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि को स्वागत करते गणमान्य, (दाएं) कार्यक्रम में शानदार प्रस्तुति देते स्टेडेंट्स।

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, विकास नगर में आयोजित वार्षिकोत्सव को बड़े धूमधाम से मनाया गया। इसमें विद्यालय के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सुजानपुर के एसडीएम डॉ. रोहित शर्मा (हिम अकादमी हीरानगर के पूर्व छात्र) ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया, साथ ही, विद्यालय के चेयरपर्सन प्रो आरसी लखनपाल, वाइस चेयरपर्सन चंद्रप्रभा लखनपाल, निदेशक पंकज लखनपाल, प्रधानाचार्या इंजीनियर नैना लखनपाल, अकादमिक प्रधानाचार्या डॉ. हिमांशु शर्मा और उपप्रधानाचार्य अश्विनी कुमार, छात्र कल्याण संघ के अध्यक्ष संजीव ठाकुर और उपाध्यक्ष कमल सिंह ने समारोह की गरिमा बढ़ाई।

मुख्य अतिथि ने अपने प्रेरणादायक उद्‌बोधन से अभिभावकों और छात्रों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने विद्यालय द्वारा किए जा रहे समाजसेवा कार्यों की भी सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय के 'हेड ब्वॉय रिषित शर्मा ने मुख्य अतिथि के जीवन पर प्रकाश डालते हुए दर्शकों को उनके व्यक्तित्व से अवगत कराया। इस खास अवसर पर छात्रों ने अपने बहुआयामी कौशल का प्रदर्शन किया और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा आठवीं की छात्राओं ने गणेश वंदना से की, जिसमें भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिली। गणेश वंदना के पश्चात कक्षा दसवीं की छात्राओं ने शिव वंदना की प्रस्तुति देकर सारे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कक्षा 8वीं के छात्रों (लड़के और लड़कियों) ने 'एक नई सुबह ' थीम पर आधारित मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का मन जीत लिया।

इसके बाद 11वीं कक्षा की छात्राओं ने एकलव्य (महाकाव्य) पर आधारित अद्‌भुत प्रस्तुति दी। स्किट और राग जौनपुरी की प्रस्तुति को भी खूब सराहा गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नाट्य प्रस्तुति और संगीत की अनूठी झलक देखने को मिली। सातवीं कक्षा के छात्रों ने सरदार भगत सिंह पर आधारित एक प्रेरणादायक प्रस्तुति दी, जिसने दर्शकों को देशभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया। लड़कों और लड़कियों ने अपनी-अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को और भी खास बना दिया।

विशेष आकर्षण 'यूवी एक्ट' और 'लकी डिप' रहा, जिसने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। लगभग 331 मेधावी छात्रों को प्रधानाचार्या और मुख्य अतिथि ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उत्सव के अंत में 'हेड गर्ल' आराध्य शर्मा ने सभी का धन्यवाद करते हुए समारोह का समापन किया।

### एस्पायर अकादमी ने नवाजे ब्रेन ऑफ हिमाचल परीक्षा के टॉपर

## हमीरपुर के अक्षज शर्मा परीक्षा में द्वितीय जीता 51 हजार रुपए का कैश प्राइज



उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सम्मानित स्टूडेंट्स गणमान्यों के साथ।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

एस्पायर अकादमी हमीरपुर ने हिमाचल के 12 जिलों में आयोजित ब्रेन ऑफ हिमाचल परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। इस आयोजन में हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए। एनआईटी हमीरपुर के प्रोफेसर अनूप कुमार तथा हमीरपुर के जिला परिषद अध्यक्ष बबली देवी भी मौजूद रहीं, जिन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

इस परीक्षा का आयोजन कक्षा छठी से 11वीं तक किया गया था। ब्रेन ऑफ हिमाचल में प्रदेशभर के 15636 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। इसमें हिमाचल के 636 स्कूलों ने भाग लिया। यह पारितोषिक वितरण समारोह एस्पायर अकादमी हमीरपुर द्वारा हमीरपुर के टाउन हॉल में किया गया था। परीक्षा में एडवर्ड शिमला में 9वीं कक्षा के छात्र प्रगवंश मेहता ने प्रथम स्थान हासिल किया और उन्हें एक लाख कैश प्राइज, ट्रॉफी से एस्पायर अकादमी शिमला में सम्मानित किया गया था।

ब्लू स्टार सीनियर सेकेंडरी स्कूल हमीरपुर में 11वीं कक्षा के छात्र अक्षज शर्मा ने दूसरा स्थान हासिल किया और इनको 51 हजार कैश प्राइज, ट्रॉफी से आज हमीरपुर में सम्मानित किया गया। एस्पायर अकादमी के मैनेजिंग डायरेक्टर योगेंद्र कुमार मीणा इस परीक्षा में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को तथा उनके अभिभावकों बहुत-बहुत शुभकामनाएं दीं और बताया कि इस परीक्षा के माध्यम से हिमाचल में दूर-दराज के क्षेत्रों से छुपी प्रतिभा को सम्मानित और प्रोत्साहित करना है।

## आरएसएस की समन्वय बैठक से गरमाई राजनीति

### जयराम, अनुराग और बिंदल ने भी लिया हिस्सा

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हिमाचल में संगठनात्मक चुनावों की प्रक्रिया के बीच हमीरपुर जिला के टिप्पर गांव में हुई आरएसएस की समन्वय बैठक के बाद पार्टी की राजनीति भी अंदरूनी तौर पर गर्माई है। इस बैठक को लेकर कई तरह के कयास भी लगाए जा रहे हैं, लेकिन पार्टी सूत्रों के मुताबिक संगठनात्मक ढांचे के चुनावों की प्रक्रिया हिमाचल में चल रही है। हमीरपुर जिला भी खास है और जिन नेताओं ने इसमें हिस्सा लिया, उनकी मौजूदगी को लेकर भी इस बैठक का उद्देश्य महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर, प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष राजीव बिंदल सहित कई महत्वपूर्ण नेताओं ने इसमें हिस्सा लिया। आरएसएस के जो पदाधिकारी इसमें शामिल हुए, उनमें दिल्ली से आए हुए संगठन मंत्री भी शामिल थे। कल दोपहर बाद शुरू हुई इस बैठक में क्या कुछ हुआ, इसका तो पता नहीं चल पाया, लेकिन आज सुबह यानी रविवार को या बैठक जब खत्म हुई तो जयराम ठाकुर मीटिंग के बाद पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के घर पर भी उनसे मिलने गए।

### बड़सर के टिप्पर में रखी गई थी बैठक

**ऐसी बैठकों से पार्टी पर पड़ता है फर्क**

हिमाचल की पार्टी राजनीति वैसे भी खूब गरमाई हुई है। राज्यसभा सीट के चुनाव के समय ऑपरेशन लोटस के दौरान प्रदेश की पार्टी राजनीति में जो कुछ घटित हुआ, उसके बाद भाजपा यहां कई धड़ों में बंटी हुई नजर आती है। केंद्रीय मंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को लेकर प्रदेश की राजनीति में पिछले काफी समय से जो अलग तरह का माहौल यहां अपना पैनापन दिख रहा है, इसका असर परंपरागत भाजपा के नेताओं पर भी पड़ा है। इसलिए हमीरपुर जिला की राजनीति भी इससे अछूती नहीं रही है।

यही वजह है कि ऐसी बैठकों को लेकर स्वाभाविक रूप में जिले की राजनीति पर भी फर्क पड़ता है। हालांकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पदाधिकारी की बैठकों में क्या हो रहा है। समन्वय बनाने के उद्देश्य से इनका आयोजन होता है, मगर उनके भीतर नेताओं के लिए जो माहौल बनाया जाता है, वह खास रहता है। उसका प्रभाव धीरे-धीरे दिखाना भी शुरू होता है। अब क्योंकि संगठनात्मक चुनावों का दौर जारी है, ऐसे में इस बैठक में किन मुद्दों पर चर्चा हुई। नेताओं ने आपसी माहौल को बेहतर बनाने के लिए कोई जहमत उठाई या नहीं? इस पर तौर साफ तौर पर कुछ कहा नहीं जा सकता, लेकिन इतना जरूर है कि संगठन के चुनावों के मामले को लेकर भी इसमें निश्चित रूप में चर्चा हुई है। (अनंत ज्ञान)

### संगठन चुनाव में किन नेताओं का कद बढ़ेगा या कम होगा, पर हो रही चर्चा

ऑपरेशन लोटस के कारण हिमाचल की राजनीति में न केवल भाजपा पार्टी के भीतर कई तरह के उल्टफेर देखने को मिले हैं, बल्कि आने वाले संगठन चुनाव में भी किन-किन नेताओं का कद बढ़ेगा और किन का छोटा होगा, इसकी भी खूब चर्चा हो रही है। भाजपा के गुटों में बंटे होने का असर कांग्रेस की राजनीति पर भी पड़ता है और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू हमीरपुर से ताल्लुक रखते हैं, इसलिए इस राजनीति के इर्द-गिर उनके प्रभाव पर भी निश्चित रूप में फर्क पड़ता है। इसलिए न केवल जिले की राजनीति में कुछ गर्माहट आई है, बल्कि प्रदेश की राजनीति में भी इसका असर स्वाभाविक रूप में पड़ेगा।

## बेला पंचायत को नगर परिषद में शामिल किए जाने का किया विरोध



**अनंत ज्ञान, नादौन**

सरकार ने नादौन नगर पंचायत को दशकों बाद नगर परिषद का दर्जा दिया है, जिससे जहां लोगों में खुशी का माहौल है, वहीं साथ लगती बेला पंचायत के निवासियों ने नगर परिषद में शामिल किए जाने का विरोध किया है। रविवार को इस बारे में बेला वासियों की बैठक हुई, जिसमें बेला पंचायत के अधिकतर क्षेत्र को नगर परिषद में मिलाए जाने पर रोष जताते हुए विरोध जताया है।

बैठक में बेला पचांयत के पूर्व प्रधान हैप्पी चौधरी, पूर्व उपप्रधान सुनील कुमार के अलावा दौलत राम, बनवारी लाल, सुलेखा देवी, संदीप कुमार, ओंकारा देवी, सुषमा देवी, रूको देवी, राजिंद्र कुमार, तृप्ता देवी, मुनीष कुमार, रूकमणी देवी, सीमा, संजय कुमार, संतोष कुमारी, सुभाष चंद, दलीप चंद, लता कुमारी, वीर सिंह, सुनीता देवी, उत्तम चंद, मीना देवी, अर्चना देवी, अमर सिंह सहित काफी लोगों ने भाग लिया। लोगों का कहना है कि पहले बेला पंचायत के कुछ घरों को शामिल करने का प्रस्ताव था, लेकिन अब बेला के 20-25 घरों व टिल्लू के एक वार्ड को छोड़कर सारे क्षेत्र को शामिल किया जा रहा है, जिसका बेला वासी विरोध करते हैं।

बेला पंचायत की बैठक पंचायत प्रधान अंजना देवी की अध्यक्षता में हुई जिसमें बेला पंचायत की ओर से एक प्रस्ताव पारित किया गया है जिसमें कहा गया है कि बेला पंचायत को प्रस्तावित नगर परिषद में शामिल करने पर लोग विरोध कर रहे हैं। इस संदर्भ में पंचायत ने एक प्रस्ताव मुख्यमंत्री को भेजकर उपरोक्त बारे पुनर्विचार किए जाने का आग्रह किया है।

**आयोजन** हमीरपुर में अब 22 ई-ऑटो, सब्सिडी योजना में खरीदे ई-ऑटो

## कश्मीर और अनमोल की कमाई का जरिया बने ई-ऑटो

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

आबोहवा को प्रदूषण से मुक्त रखने के उद्देश्य से शुरू की गई सरकार की विशेष योजना के तहत हमीरपुर में अब 22 ई-रिक्शा चल रहे हैं। योजना के तहत हमीरपुर के कई लोगों ने इसका लाभ उठाया है और प्रदेश में इलेक्ट्रिकल वाहनों को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश की कमान संभालते ही इलेक्ट्रिकल वाहनों के प्रयोग की दिशा में बड़ी पहल की थी, अब उनकी इस विशेष पहल के बहुत ही अच्छे नतीजे सामने आने लगे हैं।

हिमाचल में परिवहन विभाग देश का पहला ऐसा विभाग बन चुका है, जो पूरी तरह से इलेक्ट्रिक वाहनों का ही इस्तेमाल कर रहा है। अब कई ट्रांसपोर्टर, टैक्सी ऑपरेटर तथा आम लोग बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रिक वाहन खरीद रहे हैं। प्रदेश सरकार ने 680 करोड़ रुपए की राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना भी आरंभ की है,





ई-रिक्शा के साथ खड़े अनमोल और रवि।

### बेरोजगारों के लिए बने वरदान

जिसमें ई-टैक्सी खरीदने के लिए युवाओं को 50 प्रतिशत सब्सिडी और ऋण लेने की शर्तों में ढील प्रदान की जा रही है। परिवहन विभाग ई-रिक्शा एवं ऑटो तथा ई-बसों के लिए परमिट दे रहा है। हमीरपुर जिले में भी कई युवाओं को ई-टैक्सी और ऑटो के परमिट दिए गए हैं। अभी हमीरपुर जिले में 22 युवाओं को ई-ऑटो चलाने के लिए परमिट एवं सब्सिडी प्रदान की जा चुकी है। हमीरपुर शहर में ई-ऑटो की अब खूब रौनक हो गई है। लोगों को भी निश्चित रूप में इसका फायदा मिला है। अंदरूनी और बाहरी क्षेत्रों में आसानी से उन्हें इधर-उधर जाने के लिए राहत मिली है।

ई-रिक्शा की यहां पहले से ही काफी जरूरत महसूस की जा रही थी, लेकिन प्रदेश के अन्य जिला मुख्यालयों सहित हमीरपुर इससे अछूता रहा है। चला रहे वार्ड नंबर-7 के अनमोल कुमार ने बताया कि प्रदेश सरकार से सब्सिडी प्राप्त करके उन्होंने ई-ऑटो खरीदा था और इससे उन्हें काफी अच्छी आय हो रही है। इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए सब्सिडी प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार की योजना की सराहना करते हुए अनमोल कुमार कहते हैं कि बेरोजगार युवाओं के लिए यह योजना बहुत ही फायदेमंद है। इन वाहनों का परिचालन किफायती होने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से भी बहुत ही महत्वपूर्ण है।

उधर, कांगू क्षेत्र के झरेड़ी गाऐ के कश्मीर सिंह ने बताया कि उन्होंने लगभग 4 लाख रुपए में ई-ऑटो खरीदा और प्रदेश सरकार की योजना के तहत उन्हें इस पर लगभग 70 हजार रुपये सब्सिडी मिली। कश्मीर सिंह ने बताया कि इस ई-ऑटो से ही उनके परिवार का गुजारा चल रहा है। उन्होंने कहा कि यह वाहन काफी किफायती और पूरी तरह प्रदूषण मुक्त है। कश्मीर सिंह का कहना है कि बेरोजगार युवाओं के लिए यह योजना वरदान साबित हो सकती है।

## आईटीआई रैल में लगेगा रोजगार मेला, 326 पदों पर होगी भर्ती

**अनंत ज्ञान, नादौन**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू विधानसभा क्षेत्र के युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए बेहद संजीदा हैं। उनका हमेशा प्रयास रहा है कि पढ़े-लिखे युवा नौकरी पाकर आर्थिक रूप से समृद्ध हों। अब मुख्यमंत्री नादौन क्षेत्र के युवाओं के लिए 27 नवंबर को आईटीआई रैल में रोजगार मेला लगवाने जा रहे हैं। चार कंपनियां 326 पदों के लिए भर्ती करेंगी।

उन्हें योग्यता अनुसार 12 से 20 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन मिलेगा। युवाओं के लिए नौकरी पाने का यह सुनहरी अवसर है। विधानसभा क्षेत्र के युवा-युवतियां 27 नवंबर को समय से पहुंचकर रोजगार मेले का लाभ उठाएं। ग्रिपट्रोनिक्स कंपनी प्रोसेस को-ऑर्डिनेटर (महिला) के चार पदों के लिए साक्षात्कार लेगी। योग्यता ग्रेजुएशन रहेगी और वेतन 15 हजार रुपए मिलेगा। यही कंपनी डीईटी-जीईटी (पुरुष) के दो पदों के लिए साक्षात्कार लेगी। शैक्षणिक योग्यता डिप्लोमा या बीटेक इलेक्ट्रिकल होनी चाहिए। वेतन 12 से 15 हजार रुपए मिलेगा।

मासू ब्रेक्स लिमिटेड हेल्पर के 20 पदों के लिए साक्षात्कार करेगी। शैक्षणिक योग्यता 8वीं से 10वीं होनी चाहिए, वेतन 17 हजार रुपए मिलेगा। बेक्टर्स फूड कंपनी ऑपरेटर व हेल्पर के 100 पदों के लिए साक्षात्कार लेगी। शैक्षणिक योग्यता फिटर, मैकेनिस्ट, टर्नर, कोपा, इलेक्ट्रॉनिक्स व ऑपरेटर होना जरूरी है। वेतन 15 हजार रुपए मिलेगा। संधार मानेसर ट्रेनी के 200 पदों के लिए साक्षात्कार लेगी। शैक्षणिक योग्यता दसवीं, बारहवीं व हेल्पर ऑपरेटर होना जरूरी है। वेतन 18 से 20 हजार रुपए मिलेगा।

खुश लोग अपनी आंतरिक दुनिया का निर्माण करते हैं, दुखी लोग अपनी बाहरी दुनिया को दोष देते हैं। -दलाई लामा

## संपादकीय

### प्रकृति से जीवन

जीवन में प्रकृति का बहुत बड़ा रोल होता है। प्रकृति के बिना जीवन संभव नहीं है। दरअसल, प्रकृति हमारे आसपास की दुनिया है, जिसमें जीव-जंतु, पेड़-पौधे, जल, वायु, मिट्टी और अन्य प्राकृतिक तत्व शामिल हैं। प्रकृति हमें सभी आवश्यक संसाधन प्रदान करती है। पेड़-पौधे जहां हमारे लिए ऑक्सीजन का उत्पादन करते हैं और वायु को शुद्ध करते हैं तो वहीं, वर्षा और जल स्रोत हमें पीने के लिए जल प्रदान करते हैं। प्रकृति में उगने वाले पौधे और पशु हमें भोजन प्रदान करते हैं। पेड़-पौधे और मिट्टी हमें आवास बनाने के लिए आवश्यक सामग्री प्रदान करते हैं। प्रकृति में पाए जाने वाले पौधे और जड़ी-बूटियां हमें स्वास्थ्य लाभ प्रदान करते हैं। इसके अलावा प्रकृति में पाए जाने वाले स्थल और गतिविधियां हमें मनोरंजन प्रदान करती हैं। यही नहीं, प्रकृति से प्राप्त संसाधनों का उपयोग करके हम आर्थिक विकास कर सकते हैं। ऐसा भी नहीं है कि प्रकृति का दोहन नहीं करना चाहिए। दोहन जरूर करना चाहिए, लेकिन समुचित मात्रा में नहीं बल्कि जरूरत के लिए करना चाहिए। जरूरत से ज्यादा जो भी चीज की जाती है वह हमेशा हानिकारक ही होती है। हमें प्रकृति का सम्मान करना चाहिए और इसकी रक्षा करनी चाहिए, लेकिन इसे विडंबना ही कहेंगे कि हम अपने जरा से लाभ के लिए प्रकृति से खिलवाड़ करते जा रहे हैं। प्रकृति से खिलवाड़ का अर्थ है प्राकृतिक संसाधनों और पर्यावरण के साथ अनुचित और अवैध तरीके से पेश आना। पेड़ कटान से वन्यजीवों के आवासों का विनाश हो जाता है।

जल स्रोतों में औद्योगिक और घरेलू कचरे का प्रवाह से जल प्रदूषण होता है। वाहनों और औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले धुएं और गैसों के कारण वायु प्रदूषण होता है। देश की राजधानी दिल्ली की हालत किसी छिपी नहीं है। वहां प्रदूषण का स्तर 400 से ऊपर रह रहा है और कई बार तो एक्यूआई 500 तक भी पहुंच जा रहा है। यह स्थिति दिवाली के बाद से लगातार जारी है। एक तरफ जहां पराली जलाने ने वायु प्रदूषण बढ़ाया तो दूसरी तरफ रही सही कसर दिवाली पर फोड़े गए पटाखे और आतिशबाजियों ने पूरी कर दी। कमोबेश हिमाचल में भी स्थिति ऐसी ही हो गई है। हालांकि, पूरे हिमाचल में वायु प्रदूषण नहीं है, लेकिन औद्योगिक क्षेत्र बीबीएन में हालात कुछ ठीक नहीं हैं। दूसरी ओर, मिट्टी का क्षरण और मिट्टी की गुणवत्ता में कमी के कारण खेती की उपजाऊ क्षमता में कमी आ रही है। जैव विविधता की हानि के कारण प्राकृतिक संतुलन बिगड़ जाता है और पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुंचता है। प्रकृति से खिलवाड़ के परिणामस्वरूप हमें कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। जल स्रोतों के प्रदूषण और जल संचयन की कमी के कारण जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। वायु और जल प्रदूषण के कारण स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। ऊर्जा की बचत करने के लिए हमें अपने घरों और कार्यालयों में ऊर्जा-कुशल उपकरणों का उपयोग करना चाहिए। जल संचयन करने के लिए हमें अपने घरों में जल संचयन प्रणाली का उपयोग करना चाहिए।

कचरा प्रबंधन करने के लिए हमें अपने घरों में कचरा प्रबंधन प्रणाली का उपयोग करना चाहिए। पौधरोपण तो बेहद लाजिमी है और उसके लिए हमें अपने आसपास के क्षेत्रों में पौधरोपण करना चाहिए। इन उपायों को अपनाकर हम निश्चित रूप से प्रकृति से खिलवाड़ को रोक सकते हैं और हमारे पृथ्वी ग्रह को सुरक्षित और स्वस्थ बना सकते हैं। अगर हम अब भी नहीं चेते तो हमारा भविष्य बर्बाद हो सकता है। प्रकृति से खिलवाड़ हमें किसी भी सूरत में नहीं करना चाहिए और इसे सुधारने के लिए गंभीरता से सामूहिक प्रयास करने चाहिए। वायु प्रदूषण आज के समय में बहुत बड़ी समस्या बनकर उभर रहा है। इसकी भयावहता को समझने की जरूरत है और इसे नियंत्रित करने की आवश्यकता है। वह कैसे करना है इसके ऊपर विस्तार से प्लानिंग करने की जरूरत है। उम्मीद की जानी चाहिए कि भविष्य में हम प्रकृति को अपना मित्र और जीवनदाता मानेंगे और उसके साथ खिलवाड़ नहीं करेंगे। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत की प्रसिद्ध महिला क्रिकेटर

झूलन निशित गोस्वामी भारत की प्रसिद्ध महिला क्रिकेटर हैं। उन्हें 'नादिया एक्सप्रे' के नाम से भी जाना जाता है। अपनी शानदार गेंदबाजी से वे कई बार भारत को जीत दिला चुकी हैं। झूलन गोस्वामी अंतरराष्ट्रीय एकदिवसीय क्रिकेट मैच में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली महिला क्रिकेटर हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की कैथरीन फिट्जपैट्रिक का एक दशक से चला आ रहा रिकॉर्ड तोड़ कर यह उपलब्धि अपने नाम की है। वे मिताली राज से पहले भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान भी कर चुकी हैं। उनके पिता का नाम निशित गोस्वामी तथा माता का नाम झरना है। अपने कद के कारण झूलन गेंदों को अच्छी उछाल देने में सफल होती हैं। उनकी लंबाई 5 फुट 11 इंच है। सुबह 4.30 बजे उठकर झूलन गोस्वामी नादिया से दक्षिण कोलकाता के विवेकानंद पार्क तक लोकल ट्रेन से जाया करती थीं, जहां कोच उन्हें क्रिकेट का प्रशिक्षण दिया करते थे। एक दिन क्रिकेट खेलकर रात को देर से घर पहुंचने पर उनकी मां ने उन्हें कई घंटे घर के बाहर खड़े रखा था। झूलन गोस्वामी के तेज गेंदबाजी शुरू करने की कहानी कम दिलचस्प नहीं है। बचपन में वे पड़ोस के लड़कों के साथ क्रिकेट खेला करती थीं। उस समय बेहद धीमी गेंदबाजी करने के कारण झूलन का मजाक बनाया जाता था। इससे उन्हें गेंदबाज बनने की प्रेरणा मिली। उन्होंने तेज गेंदबाजी में हाथ आजमाया और जल्द ही अपनी गेंदों की गति से लड़कों को भी चौंकने पर मजबूर करने लगीं। उनकी कद काठी तेज गेंदबाजी के लिहाज से आदर्श है। वनडे क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज बनी झूलन गोस्वामी गति के बावजूद गेंदों की लाइन-लेंथ पर नियंत्रण रखती हैं। उनकी छवि बेहद सटीक तेज गेंदबाज की है। वर्ष 2007 में आईसीसी की महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर से सम्मानित झूलन गोस्वामी एक समय पर दुनिया की सबसे तेज महिला गेंदबाज थीं। ■



झूलन निशित गोस्वामी
जन्म : 25 नवंबर, 1982

## कविता

### गो माता सबसे बड़ी, पूजे नित भगवान



विक्रम कौशल प्रयास

*वेद करे गो वंदना, पुराण करें बखान।*
*गो माता सबसे बड़ी, पूजे नित भगवान।।*
*गाय देह में देव हैं, जानते क्यों न लोग।*
*जंगल गाय खदेड़ दी, मंदिर कैसा भोग।।*
*जब तक देती दूध है, तब तक अपनी गाय।*
*दूध देना बंद किया, वन-वन क्यों भगाए।।*
*अपना धर्म कहां गया, क्या करते हैं लोग।*
*बिना गाय जीवन नहीं, विकट आ रहे रोग।।*
*मरते को भी दूध है, मृत न गिरे मझधार।*
*गाय की पूंछ पकड़ कर, वैतरणी हो पार।।*
*भूखी गाय तड़फ रही, डंडे खाये खेत।*
*दौड़ा-दौड़ा मारते, दर-दर पड़े अचेत।।*
*एक है गाय छोड़ता, दूजा रहा खदेड़।*
*विक्रम गाय कहीं चरे, चरती गाय न छेड़।।*
*गाय का दूध उम्रभर, जननी का छह माह।*
*विक्रम सबसे यह बड़ी, इस बिन न निर्वाह।।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# सड़क हादसों के कारण अनेक, आओ मिलकर लगाएं ब्रेक

## यथार्थ



लेखक : समरजीत
संपादक, अनंत ज्ञान



देश में हो रहे सड़क हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। कातिल और खूनी सड़कों पर चलना अब जान हथेली पर रखकर चलने जैसा हो गया है। जितने लोग सड़क हादसों में मर रहे हैं उतने न तो बीमारियों से मर रहे हैं और न ही आतंकवाद से। या यूं कहें कि सड़क हादसों ने एक महामारी का रूप ले लिया है तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। राज्यों की ओर से केंद्र सरकार के साथ साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल 2023 में करीब पौने दो लाख लोग सड़क हादसों में बेमौत मारे गए। यानी हर दिन औसतन पौने पांच सौ लोग सड़क हादसों में मारे जाते हैं।

स्पष्ट रूप से कहें तो हर 3 मिनट में एक व्यक्ति सड़क हादसे में अपनी जान गंवा बैठता है। केंद्र सरकार की ओर से जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2024 में सड़क हादसों में 12 प्रतिशत इजाफा हुआ है। पिछले कुछ सालों से हर वर्ष बिना हेलमेट पहनकर बाइक और स्कूटी चलाने वाले 50,000 लोग मारे जा रहे हैं। हिमाचल में पिछले 7 सालों में 20,000 से ज्यादा सड़क हादसे हुए हैं और करीब साढ़े आठ हजार लोग मारे गए तथा करीब 34000 से ज्यादा घायल हुए हैं। छोटे से पहाड़ी राज्य हिमाचल में अब 22 लाख से ज्यादा गाड़ियों का बोझ बढ़ गया है। हिमाचल में ज्यादातर दुर्घटनाएं मानवीय भूल के कारण होती हैं। ओवर स्पीड, लापरवाही, नशे में वाहन चलाना, सीट बेल्ट न पहनना तथा ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करना सड़क हादसों के प्रमुख कारण माने गए हैं। हालांकि, सड़क हादसों के लिए किसी एक चीज को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता है। यह एक समग्र समस्या है जिसको गंभीरता से समझने की जरूरत है। हमारी परिवहन व्यवस्था कैसी है ? जो व्यक्ति गाड़ी चलाता है उसको शिक्षित करने की जरूरत है ताकि वह अपने सिवाय यात्रियों की जान का भी ख्याल रख सके और गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचा सके। वहीं, दूसरी ओर हमें अपनी इंजीनियरिंग को भी देखने की जरूरत है । सड़कों पर लगा इंफ्रास्ट्रक्चर कैसा है और उनकी गुणवत्ता कैसी है ? क्या हमारी सड़कें पर्याप्त इंजीनियरिंग से डिजाइन की गई हैं ? क्या हमारी सड़कें सिंगल रोड, टू लेन, हाईवे और नेशनल हाईवे, फोरलेन या सिक्स लेन तथा एक्सप्रेस -वे के हिसाब से सेफ्टी प्रूफ हैं? क्या चालक गाड़ी चलाते समय इंडिकेशन देते हैं ? ऐसे कई सारे पहलू हैं जिन पर सड़क बनाते वक्त गौर नहीं किया जाता है। लोगों को सड़क के नियमों के बारे में जागरूक करना भी आवश्यक है। ऐसी स्थिति में सड़क के लिए जो इंफ्रास्ट्रक्चर दिया गया होता है वह दुर्घटना को रोक नहीं पाता है। एक्सप्रेस -वे 120 की स्पीड के हिसाब से डिजाइन होता है। उसके लिए चौड़ाई कम से कम 7 मीटर होने चाहिए, लेकिन भारत में फंड के अभाव और जमीन की ऊंची कीमतों के कारण मानकों की अनदेखी हो जाती है और साढ़े चार-पांच मीटर में ही एक्सप्रेस -वे बना दिया जाता है और उसके बाद हम यह उम्मीद करते हैं कि यह रोड एक्सप्रेस -वे के हिसाब से चलेगा तो वह संभव नहीं हो पाता है । इसका मतलब है कि अगर सड़क पर कॉम्प्रोमाइजिंग डिजाइन ही चलते रहेंगे तो हादसे कभी रुक नहीं सकते। इसके साथ-साथ पब्लिक अवेयरनेस तथा एनफोर्समेंट भी जरूरी है। ओवर स्पीड से हमेशा परहेज करना चाहिए। चालकों को हमेशा सड़क नियमों का पालन करना चाहिए। इसके अलावा सड़क हादसों के और भी कई कारण हैं जैसे-टायर में प्रेशर कम होना। यदि टायर की स्थिति सही नहीं है तो वह निश्चित रूप से दिक्कत करेगा ही।

कंक्रीट के रोड पर टायर जल्दी गर्म हो जाता है और उसके फटने की संभावना भी रहती है । नियमों के मुताबिक, हर 200 किलोमीटर के बाद चालक को ब्रेक लेना जरूरी होता है । लाइसेंस देने की प्रक्रिया में भी भारी भ्रष्टाचार होता है । बहुत सारे राज्यों में बिना प्रशिक्षण के ही लाइसेंस थमा दिया जाता है । कई ऐसे मामले भी देखने में आते हैं यदि कोई दोषी चालक सड़क हादसे के वक्त पकड़ा जाता है और उसका लाइसेंस छीन लिया जाता है तो वह जमानत लेने के बाद दूसरे राज्य की ओर पलायन कर जाता है तथा वहां नया लाइसेंस बनाकर गाड़ी फिर से दौड़ाता रहता है । सड़क हादसों से परेशान केंद्र सरकार अब शीघ्र ही मोटर व्हीकल एक्ट में संशोधन करने जा रही है, क्योंकि 1998 के मोटर व्हीकल एक्ट में बच्चों की सेफ्टी को लेकर कोई प्रावधान नहीं किया गया है । ऐसे में कानून का सख्त होना बेहद जरूरी है। सड़कों को लेकर बेशक हमारी इंजीनियरिंग अंतरराष्ट्रीय स्तर की हो और हमारी गाड़ियां भी ग्लोबल स्टैंडर्ड के अनुरूप हों, लेकिन यह गंभीर चिंतन का विषय है कि क्या हमारा सामाजिक परिवेश उस हिसाब से डेवलप हो पाया है या नहीं। दूसरा पहलू यह भी है कि केवल अंतरराष्ट्रीय स्तर की सड़क बना देने और बेहतर गाड़ियां ले आने से ही परिवर्तन नहीं आ सकता। अब सवाल यह है कि सड़क हादसों को रोका जाए तो आखिर कैसे ? इसका सीधा सा जवाब है कि हम सबको सड़क हादसों को रोकने के लिए एक अभियान के रूप में लेना होगा। किसी भी प्लानिंग में सफलता तब तक नहीं हो सकती जब तक उसमें लोगों की इंवॉल्वमेंट नहीं होती। जब मास मोबिलाइजेशन होता है तो लोग यह समझने लग पड़ जाते हैं कि यह वाकई उनकी जरूरत है। जहां तक सुरक्षा मानकों की बात है तो आजकल के हाईवे फॉरगिविंग होने चाहिए।

हादसों को हम शून्य नहीं कर सकते हैं, क्योंकि इसमें आखिर ह्यूमन फैक्टर मेजर है। न चाहते हुए भी कई बार कहीं न कहीं गलती होने की संभावना रहती है। हमारा इंफ्रास्ट्रक्चर ऐसा होना चाहिए कि यदि हादसा हो भी जाता है तो उससे नुकसान कम से कम हो और जान का नुकसान तो बिलकुल न हो । हम जो भी बनाएं बेशक कम बनाएं, लेकिन सुरक्षित बनाएं। सड़क सुरक्षा किसी पार्टिकुलर एजेंसी का काम नहीं है। जब तक इसमें सामूहिक प्रयास नहीं करेंगे तब तक सफलता नहीं मिल सकती। बच्चों को प्राइमरी एजुकेशन में सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में शुरू से ही बता देना चाहिए जिसका प्रभाव दूरगामी रहता है क्योंकि उससे बच्चों के माता-पिता भी जागरूक हो जाते हैं। यदि हादसा हो जाता है तो उसके बाद प्रभावित की देखभाल और आर्थिक सहायता सुचारु रूप से होनी चाहिए तथा उसमें जरा भी लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए। वाहन को चलाते वक्त यदि क्षतिग्रस्त होने से बचाना है तो दूसरे वाहन के बीच में कम से कम तीन सेकंड का गैप देना जरूर जरूरी होता है। यदि किसी कारणवश गाड़ी खराब हो जाती है तो उसका इंडिकेशन कैसे दें इस बात का ज्ञान भी वाहन चालकों को होना जरूरी है। इंडिकेशन के लिए अगर वाहन के ऊपर झाड़ या पत्ता लग रहे हैं तो उसे वाहन के ऊपर न लगाएं, बल्कि उसे वाहन से 65 गज पीछे लगाना चाहिए। जिन पड़ोसी देशों ने सड़क हादसों को काम किया है उन्होंने कानून के साथ-साथ एक पार्टिकुलर एजेंसी को भी जिम्मेदारी दे रखी होती है। एजेंसी को जिम्मेदारी देना इसलिए भी आवश्यक है क्योंकि वह हर चीज की व्यवस्था बना देती है। सड़क हादसों को रोकने के लिए टेक्नोलॉजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भी ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल होना चाहिए।

*रिस्पांस करें : editoranantgyaan@gmail.com*

## नजरिया

# बहुपयोगी पर्यावरण मित्र पनचक्की ( घराट )

घराट शब्द की उत्पत्ति संस्कृत भाषा के घरट्ट से हुई मानी जाती है जिसका अर्थ है घर्घर की आवाज करते हुए अन्न पीसना। पहाड़ी क्षेत्रों में नदियां और खड्डें-नाले अपने पूरे वेग से बहते हुए अपना अस्तित्व स्थापित करते हैं और यहां-वहां ऊंचाइयों से गिरकर अक्षय ऊर्जा के स्रोत बन जाते हैं। ऊर्जा के इन्ही स्रोतों का लाभ वैज्ञानिक व तार्किक सोच रखने वाले हमारे पुरखे सदियों से अन्न पीसने में पनचक्की ( घराट ) के रूप में करते आ रहे हैं। घराट एक ग्रामीण चक्की है जो भौतिक विज्ञान के सिद्धांत के अनुसार झरने या नदी के पानी की स्थितिज ऊर्जा को सैकड़ों मीटर की ऊंचाई से गिराकर गतिज ऊर्जा में परिवर्तित करने के फलस्वरूप अन्न पीसने के कार्य में काम आती है। घराट के लिए ऊपर नीचे दो मंजिले कच्चे / पक्के कमरे तैयार किए जाते हैं। फर्श के नीचे का भाग जलमग्न होता है तथा फर्श पर चक्की स्थिर होती है।

लेखक : रवि कुमार
घुमारवीं

चक्की के दोनों पाटों के बीच गोल सुराख में शाफ्ट से लकड़ी का एक पंखा लगाया जाता है जो पानी के ढलानदार तेज बहाव के कारण तेजी से घूमता है। इसी के परिणामस्वरूप चक्की का ऊपर वाला पाट ( वाट्ट ) घूमता है तथा चक्की के ऊपर लकड़ी की शंकुवाकार (कीपदार ) ओडली ( कंटेनर ) से अनाज का दाना दाना सतत क्रम से पाटों के बीच बारीक-बारीक ( महीन ) पिसा जा सकता है। घराट लगाने व चलाने का कार्य तकनीकी जानकारी वाला उद्यमी ही कर सकता है। घराट लगाने के लिए सर्वप्रथम सदाबहार नदी / नाले का चुनाव किया जाता है फिर नदी / नाले के पानी को घराट की क्षमता के अनुसार एक कूहल द्वारा पानी की आवाजाही इस प्रकार व्यवस्थित की जाती है ताकि पाटों से लगे साफ्टों वाले पंखे को पूरे वेग से घुमाएं। वैसे तो पनचक्की ( घराट ) बारहमासा लघुउद्योग है लेकिन बरसात / बारिस के मौसम में इसे अक्सर बाढ़ या मिट्टी की गाद जमा होने के भय से बंद कर दिया जाता है।



एक ही जलधारा से प्रतेक पनचक्की ( घराट ) की उचित ढ़लान बनाने पर अनेक घराट चलाए जा सकते हैं। आज पूरा विश्व पर्यावरण प्रदूषण की विकट समस्या से प्रभावित हो रहा है। अनवीकरणीय स्रोतों के अंधाधुंध प्रयोग से मानव का भविष्य अक्षय ऊर्जा के अधिकाधिक प्रयोग की पहल में ही सुरक्षित जान पड़ता है।

पनचक्की ( घराट ) चलाने में न बिजली की मोटर की जरूरत है न अधिक खर्च की। पहाड़ों में तो घराट को गरीब का कारखाना भी कहा जाता है। घराट का पिसा आटा मीठा, स्वादिष्ट व पौष्टिक होता है। इस आटे से बनाई गई रोटियां, बिजली की मोटर चलित आटा चक्की से पिसे आटे की बनी रोटियों की अपेक्षा अधिक समय तक मुलायम तो रहती ही है साथ ही साथ अधिक पौष्टिक व सुपाच्य भी होती है। घराट के आटा पिसाई दर भी आटा चक्कियों की पिसाई दर से आधे से भी कम है। लगातार एक सप्ताह तक अन्न पीसने के फलस्वरूप घराट के पाट व तोई के कुछ घिस जाने पर थोड़ू ( हथौड़े ) व छैनी के साथ इसे खुरदरा (राहणा ) किया जाता है।

इस राहणे की प्रक्रिया के बाद के प्रथम एक घंटे तक के अन्न को पीसने के बाद इसे फैंक दिया जाता है ताकि उसमें घराट के पाटों के पत्थर के बारीक कण शेष न रह जायें। तत्पश्चात घराट आटा पीसने के कार्य में पूर्ण रूप से तैयार हो जाता है। घराट के आटे की पिसाई दर भी बहुत कम है। 'मक्की की रोटी व सरसों का साग' पंजाब की रसोई का प्रसिद्ध उद्धाहरण है घराटों के सरंक्षण के कार्य में लगे व्यक्तियों को वित्तीय प्रोत्साहन के लिए भी योजनाएं बनाकर व उन्हें अमलीजामा पहनाकर पर्यावरण व पुरातन समृद्ध संस्कृति के संरक्षण में प्रयास समय की पुरजोर मांग है ।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## अपनी बात

**आज** के समय आबादी की वजह से काम करने की क्षमता रखने वाले लोगों की एक बड़ी संख्या भी खड़ी हो जाती है। इस बड़ी संख्या को रोजगार उपलब्ध करवाना एक बड़ी चुनौती के तौर पर उभरता है। आज की तारीख में भी भारत में बेरोजगारी एक ज्वलंत समस्या है। लगातार बढ़ रही जनसंख्या की वजह से यह समस्या भविष्य में एक विकराल रूप ले सकती है। रोजगार की कमी आर्थिक असमानता और गरीबी को बढ़ाने का काम काम कर सकते हैं। जिससे सामाजिक अशांति फैल सकती है। एक बड़ी आबादी को शिक्षित और कुशल बनाना चुनौतीपूर्ण हो सकता है, क्योंकि समय के साथ जितने लोगों को शिक्षित और कुशल बनाने की जरूरत होगी उतनी क्षमता शैक्षणिक संस्थानों के पास शायद नहीं होगी। **विपिन, टांडा**

# मानव का संतोष और संतुष्टि ही जीवन की असली पूंजी

संतोष सर का सारा दिन आज भाग दौड़ में ही बीत गया था। स्कूल से छुट्टी होने के बाद जब वह घर जाने के लिए बस में बैठे तो अत्यधिक थकान होने के कारण सीट में बैठते ही उनकी आंख लग गई। छुट्टी का समय था, इसलिए बस में बहुत भीड़ थी। आगे के स्टेशनों में भी बहुत सी सवारियां बस में चढ़-उतर रहीं थीं। आज सौभाग्य से उन्हें बैठने को सीट मिल गई थी वरना अक्सर खड़े-खड़े ही रोज का सफर तय होता था। पहाड़ी सड़क होने के कारण बस हिचकोले खाती हुई धीरे-धीरे आगे बढ़ रही थी।



लेखिका : आशा देवी
गुम्मा, जोगिंद्रनगर

जब भी बस कोई तीखा मोड़ काटती, बस में बैठी सवारियां जैसे सीट से गिरने लगतीं और बस का हैंडल और जोर से पकड़ लेतीं। बस के अधिकांश यात्री स्थानीय होने के कारण उन्हें इस तरह के सफर की आदत हो गई थी। संतोष सर भी कभी-कभी जब बस में ज्यादा ही शोर होता तो आंखें खोलकर देख लेते और फिर अपनी आंखें बंद कर लेते। तभी अचानक बस रुकती है और कॉलेज की लड़के लड़कियों की बहुत बड़ी टोली बस में चढ़ जाती है। जवानी के मद व जोश में युवक युवतियों की टोली जैसे पूरी बस में ही छा गई। उनकी हंसी, ठिठोली ने सारी बस के माहौल को ही बदल दिया। अपनी बुद्धि, बल, सौंदर्य व विवेक से हर कोई युवा दुनिया को बदलना चाहता है। जिंदगी की असलियत व वास्तविकता के थपेड़ों से अछूते युवाओं को अपनी सोच व सामर्थ्य पर इस उम्र में स्वयं पर जरूरत से ज्यादा विश्वास होता है। वह अपने अंदर दुनिया को बदलने का जज्बा लिए फिरते हैं। बस में पहले ही अत्यधिक भीड़ थी, इसलिए स्वाभाविक था कि उन्हें किसी को भी बैठने को सीट नहीं मिली।

भला इस उम्र में बैठना भी कौन चाहता है ...वह तो बस में झूलते हुए अपने सारे दिनभर की दिनचर्या के बारे में आपस में बातचीत कर रहे थे और एक दूसरे के साथ छेड़-छाड़ का आनंद ले रहे थे। लड़कियां भी अंगुलियों से अपने बालों को संवारते हुए उनको देखकर के मुस्कुरा देतीं, लेकिन इतनी भीड़ के बावजूद लड़के-लड़कियां बीच-बीच में अपने फोन की स्क्रीन देखना न भूलते। उन सभी की आपस में बातचीत व हंसी ठिठोली के बीच एक लड़के का ध्यान संतोष सर की ओर जाता है और वह अपने दूसरे दोस्त को कोहनी मार कर बोलता है देखो तो सही मास्टर महोदय के क्या मजे लगे हैं। सारा दिन स्कूल में कुर्सी तोड़ने का काम अब यहां भी देखो पूरी सीट पर पसर कर मास्टर जी घोड़े बेचकर सो रहे हैं। ऐसा सुनकर सभी लड़के-लड़कियां जोर-जोर से हंसने लगे। आजकल के अध्यापक मोटी तनख्वाह ले रहे हैं अपने बच्चों को तो प्राइवेट स्कूल में पढ़ाते हैं। इनके तो बस मजे लगे हुए हैं ,नेताओं के तलवे चाटते रहते हैं और अपनी पूरी जिंदगी घर के आसपास के स्टेशनों में ही काट देते हैं।'



इस सब के बीच संतोष सर की नींद खुल चुकी थी, लेकिन उन्होंने जानबूझकर अपनी आंखें बंद रखीं। वह चुपचाप उन सब की बातें सुनते रहे। कुछ क्षण के लिए उनका मन आहत तो हुआ, लेकिन उन्होंने मन ही मन अपनी उस दिन की दिनचर्या के बारे में सोचना शुरू कर दिया। पत्नी भी नौकरी पेशा होने के कारण वह घर के कार्यों में भी रोज उनका हाथ बंटाते थे और कोशिश करते थे कि समय से पहले प्रतिदिन स्कूल पहुंचें। आज वह प्रतिदिन की अपेक्षा कुछ जल्दी ही घर से निकल पड़े थे, क्योंकि आज पाठशाला में उनके सदन की बारी थी। सरकारी स्कूल के बच्चों के घर में समाचार पत्र नहीं आते, इसलिए उन्होंने बच्चों को सदन के लिए तैयार करवाने के लिए सामान्य ज्ञान के प्रश्न व ताजा समाचार बोर्ड में लिखवाने एवं सदन में करवाई जाने वाली अन्य गतिविधियों का भी जायजा लेने व बच्चों की तैयारी को जांचने के लिए वे रोज की अपेक्षा आज कुछ जल्दी ही स्कूल आ गए थे।

सहानुभूति, स्नेह, दया, परोपकार, समाजसेवा व नेकदिली की भावना से ओतप्रोत संतोष सर के मन में एक संतुष्टि भी थी कि आज के दिन में भगवान ने जरूरी समझ जो कार्य उन्हें सौंपा था उसका निर्वहन उन्होंने पूरी ईमानदारी से किया है। यह संतोष व संतुष्टि ही जीवन की असली पूंजी है। हमारे कार्यों का आकलन दुनिया अपनी दृष्टि से करती है, लेकिन भगवान ही भावना को समझता है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# दरिंदों को फांसी पर लटकाने से रुक सकते हैं सामूहिक दुष्कर्म !

आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में एक कानून की छात्रा से कथित गैंगरेप का मामला बहुत ही शर्मनाक घटना है चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एक और निर्भया कांड हो गया। विश्व गुरु की एक बार फिर फजीहत हुई है। दरिंदों को सरेआम फांसी पर लटकाना होगा तभी यह सामूहिक दुष्कर्म रुक सकते हैं।



लेखक : नरेंद्र भारती
स्वतंत्र पत्रकार

अभी कलकत्ता दुष्कर्म व हत्याकांड की स्याही भी नहीं सूखी थी कि यह कांड हो गया एक और दाग लग गया। देश में बेटियां हर जगह असुरक्षित महसूस कर रही हैं। 2024 के ग्यारह महीनों में देश में बहुत ही दुष्कर्म की वारदातें हुई हैं यह बदस्तूर जारी हैं। बेटियों की सुरक्षा के दावे कहां है। यह एक यक्ष प्रश्न है यह सुलगते प्रश्न है कि बेटियां कब सुरक्षित होगी। हर जगह दरिंदे दरिंदगी कर रहे हैं। अगस्त में कलकत्ता मेडिकल कालेज की एक ट्रेनी डाक्टर के साथ गैंगरेप व हत्या का मामला बहुत ही सगीन अपराध था, ऐसे दरिंदों को फांसी की सजा देनी चाहिए यह बहुत ही जघन्य अपराध है। गत वर्ष वाराणसी में घटित हुआ था जहां बीएचयू परिसर कुछ गुंडों द्वारा एक लड़की के साथ अश्लील हरकते करना व और वीडियो बनाने की घटना सामने आई थी। साल के 365 दिन महिलाओं पर अत्याचार होते रहते हैं। आज कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक महिलाओं पर अनगिनत अत्याचार हो रहे हैं, मगर सरकारों की कुंभकरणी नींद नहीं टूट रही है।

आज कोई भी विश्वास के योग्य नहीं रहा है किस पर विश्वास करें अपने ही हैवान बन रहे हैं। आज बाबुल की गलियां ही नरक बन गई हैं। अपने रक्षक ही भक्षक बन गए हैं बहु-बेटियां घर में ही असुरक्षित हैं समय पर ऐसे घिनौने कर्म होते हैं कि कायनात कांप उठती है कि आदमी इतने नीच काम क्यों कर रहा है। महिलाएं कही भी महफूज नहीं है। महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। देश में प्रतिदिन घटित हो रही वारदातों से महिलाओं की सुरक्षा पर प्रश्नचिन्ह लगता जा रहा है कि महिलाएं कहीं भी सुरक्षित नहीं है। इन वारदातों से हर भारतीय उद्वेलित है। सुरक्षा के दावों की पोल खुल गई है।




महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुख्ता इतंजाम करने होंगें, तभी इन पर रोक लग सकती है। जघन्य व दिल दहला देने वाली दुष्कर्म की घटनाओं से जनमानस खौफजदा है। आखिर कब तक बेटियां दरिंदगी का शिकार होती रहेगी। ऐसी बारदातें बहुत ही चिंतनीय हैं। बेखौफ दरिंदें अराजकता फैला रहे हैं। दरिदों की दरिंदगी की वारदातें कब रुकेगी, अपराध की तारीख बदल जाती है ,मगर तस्वीर नहीं बदलती। बेशक प्रतिवर्ष 8 मार्च को विश्व महिला दिवस मनाया गया।

मगर ऐसे आयोजन केवल मात्र औपचारिकता भर रह गए है, क्योंकि हर वर्ष एक संकल्प लिया जाता है कि महिलाओं कों अत्याचारों से मुक्ति दिलाई जाएगी अत्याचारों का खात्मा किया जाएगा, सुरक्षा के लिए बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, मगर धरातल की सच्चाइयां बेहद ही खौफनाक तस्वीरें प्रस्तुत कर रही है। आधी दुनिया पर बढ़ते अत्याचार देश के लिए अशुभ संकेत है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में सफलता की बुलंदियां छू रही हैं चांद तक अपनी काबिलियत का परचम लहरा रही है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए सैकड़ों कड़े कानून बनाए गए है मगर यह कानून सरकारी फाइलों की धूल चाट रहे हैं। दहेज हत्या व हिंसा के मामलों को रोकना होगा। दहेज के लालचियों को हवालात भिजवाना होगा। सरकारों को चाहिए कि महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए हर गांव लेकर शहर तक जागरूकता शिविर लगाने चाहिए। महिला संगठनों को भी आवाज उठानी चाहिए तथा महिलाओं की रक्षा करनी चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### एनसीसी दिवस हर्षोल्लास से मनाया



**ऊना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रायसरी में एनसीसी अधिकारी मधु ठाकुर के मार्गदर्शन में एनसीसी दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। कैडेट्स ने एनसीसी परेड उत्तीर्ण की और विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। 10वीं कक्षा की छात्रा दिव्यांशी ने एनसीसी पर एक अद्भुत भाषण दिया। मधु ठाकुर ने छात्रों से संबोधित किया और एनसीसी दिवस के महत्व के बारे में बताया। प्राचार्य प्रदीप सिंह ने एनसीसी कैडेट्स की गतिविधियों की सराहना की।

### कृषि सहकारी सभा बंडा तनोह की कार्यकारिणी चुनी



**विनोद शर्मा, लठियाणी।** दी बंडा कृषि सरकारी सभा तनोह के सचिव अमन पाल ने बताया कि सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रधान अधिवक्ता राकेश राणा, उपप्रधान रजनी देवी को बनाया गया। सभा के सचिव अमन पाल ने बताया कि यह कार्यकारिणी 5 वर्ष के लिए चुनी गई है। इस अवसर पर तनोह पंचायत की प्रधान शकुंतला देवी, राम आसरा, अंकित शर्मा, बलवंत सिंह, आशीष कुमार, किशन चंद, अशोक कुमार, गौरव वार्ड पंच, नंदलाल, शिशु एवं दीपक उपस्थित थे।

### स्वयंसेवियों ने गोंदपुर बनेहड़ा से निकाली प्रभात फेरी

**गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोंदपुर बनेहड़ा में सात दिवसीय एनएसएस शिविर के दौरान एनएसएस के स्वयंसेवियों द्वारा सुबह प्रभातफेरी निकाली गई। स्वयंसेवियों ने स्कूल से लेकर बाजार तक की परिक्रमा की, जिसमें उन्होंने बढ़-चढ़कर भाग लिया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोंदपुर बनेहड़ा से पिछले वर्ष एनएसएस के आरडी शिविर के लिए भी छात्र चयनित हुए थे और इस पाठशाला में गत वर्ष एनएसएस का राज्य स्तरीय शिविर भी आयोजित किया गया था, जो कि स्वयंसेवियों के एनएसएस के प्रति उनके उत्साह को बढ़ाने का काम करता है।

### ऊना की पंचायतों में विशेष ग्राम सभा कल

**ऊना।** डीसी जतिन लाल ने बताया कि 26 नवंबर को संविधान दिवस के सफल आयोजन को लेकर ऊना जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्रामसभाएं आयोजित की जाएंगी। इस दौरान सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए पंचायतीराज संस्थाओं/ ग्राम पंचायतों में विशेष ग्रामसभा, संवैधानिक मूल्यों पर प्रश्नोत्तरी, स्वयं सहायता समूहों के साथ जुड़ाव व जनजातीय समुदायों में क्षमता निर्माण जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

### राजेंद्र ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दिए 31 हजार

**अंब।** रविवार को हिमाचल नंबरदार जन कल्याण संघ अंब की बैठक विश्राम गृह अंब में हुई। बैठक में चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुदर्शन सिंह बबलू मुख्यातिथि उपस्थित रहे। खंड अध्यक्ष दीपक शर्मा ने शाल व टोपी पहनाकर मुख्यातिथि सुदर्शन सिंह बबलू का स्वागत किया। अध्यक्ष दीपक शर्मा ने काफी वक्त से रुके नंबरदारों के मानदेय मिलने पर मुख्यमंत्री सुक्खू और विधायक सुदर्शन सिंह बबलू का धन्यवाद किया। नंबरदारों ने विधायक के सामने अपनी मांग रखी और कहा कि उन्हें मिलने वाला प्रतिमा दिया जाए और निशानदेही रजिस्ट्री में पहचान ओर पटवार व्रत में उपस्थिति निश्चित की जाए। जिला सचिव राजेंद्र कहोल ने विधायक सुदर्शन सिंह बबलू को मानदेय के 31000 रुपए का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए दिया।

# डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से वसाल स्कूल में बनेगा साइंस भवन : विवेक

## बसाल और बदोली स्कूल के वार्षिक पारितोषिक समारोह में बतौर मुख्यातिथि शामिल रहे कुटलैहड़ के विधायक

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र के नेता जी सुभाष मैमोरियल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बसाल और बदोली में रविवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में कुटलेहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करके अव्वल रहे छात्रों को इनाम वितरित किए।

स्कूल पहुंचने पर मुख्यातिथि विवेक शर्मा का स्कूल स्टाफ एवं स्थानीय जनता ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम का आगाज ज्योति प्रज्वलित करके सरस्वती वंदना के साथ किया गया। स्कूली छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से सबका मन मोह लिया और भांगड़ा कार्यक्रम में मुख्यातिथि विवेक शर्मा ने छात्रों संग भांगड़े में खूब ठुमके भी लगाए। इस दौरान विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि 1.50 करोड़ की लागत से वसाल स्कूल में साइंस भवन बनेगा और इसके लिए बजट का प्रावधान भी हो चुका है। बहुत जल्द साइंस भवन का कार्य भी शुरू कर दिया जाएगा।



कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा छात्रों के साथ।

उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में छात्रों के लिए हर सुविधाएं मुहैया करवाना मेरी प्राथमिकता है, लेकिन स्कूल स्टाफ पढ़ाई के साथ-साथ छात्रों को अच्छे संस्कार और खेलकूद प्रतियोगताओं में भी रुचि बढ़ाने का काम करे। विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र के हर स्कूल को मॉडल बनाने का काम किया जा रहा है औरड करोड़ों रुपए छात्रों की सुविधाओं को देने पर खर्च हो रहे हैं। स्कूल स्टाफ भी अपने स्कूलों में बेहतर शिक्षा के साथ संस्कार देने पर बल दे ताकि सभी अभिभावक प्राइवेट स्कूलों में बच्चों को भेजने की बजाए सरकारी स्कूलों का रुख करें और कुटलैहड़ में सरकारी स्कूलों की संख्या बढ़े। वहीं, स्कूल की चारदीवारी के लिए पांच लाख और पांच लाख बैडमिंटन कोट संस्कृत कार्यक्रमों के लिए दोनों स्कूलों बसाल ओर बदोली के लिए 5100, 5100 रुपए औरप्राइमरी बिंग के लिए 2100, 2100 रुपए देने की घोषणा की। इस मौके पर कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, देसराज गौतम, शोभित गौतम, स्थानीय प्रधान प्रशासनिक अधिकारी, स्कूल स्टाफ एवं अभिभावक मौजूद रहे।

**हर स्कूल में छात्रों के लिए बनेगा बढ़िया खेल स्टेडियम :** विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद प्रतियोगिताएं भी छात्रों के जीवन का अभिन्न अंग हैं और उसे ध्यान में रखते हुए हमने कुटलैहड़ विस क्षेत्र के हर सरकारी स्कूल में बेहतर खेल मैदान बनाने की मुहिम शुरू कर दी है ताकि छात्र पढ़ाई के साथ खेलकूद में भी अपनी रुचि बढ़ाकर मनपसंद खेल को चुनकर उसकी प्रेक्टिस करें और अपनी प्रतिभा का लोहा मनमाएं। (अनंत ज्ञान)

# एनएसएस शिविर का डिप्टी डायरेक्टर ने किया औचक निरीक्षण, जांचीं व्यवस्थाएं



**अनंत ज्ञान, ऊना**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला समूर कलां में चल रहे एनएसएस स्पेशल कैंप का पांचवें दिन डिप्टी डायरेक्टर हायर एजुकेशन राजेंद्र कौशल ने शाम के समय स्कूल आकर निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में उन्होंने प्रतिदिन खाने में बनने वाले अलग-अलग व्यंजनों की सूची देखी और अन्य दस्तावेज भी चेक किए और बच्चों से कैंप में क्या कुछ नया सीखा, उसके बारे में विस्तृत चर्चा की।

बच्चों को एनएसएस की जिंदगी में क्या महत्वता है, उसके बारे में ज्ञान दिया। उन्होंने बच्चों को नैतिक शिक्षा से संबंधित बातें समझाईं। जिस प्रकार से आप अपने अध्यापकों का यहां पर कहना मान रहे हो, उनके द्वारा निर्देशित हर कार्य कर रहे हो, इसी प्रकार जब आप यहां से जाएंगे तो माता-पिता का भी इसी प्रकार से कहना मानना है और फोन का कम से कम इस्तेमाल करना है। इसके साथ-साथ उन्होंने शाम के समय बने व्यंजनों को खुद चखकर देखा, जिसमें मटर पनीर, चना चपाती और मिष्ठान में खीर इत्यादि बने हुए थे।

उन्होंने कहा कि खाना बिलकुल सही बना हुआ है, जिस पर उन्होंने बच्चों की प्रशंसा भी की। इस मौके पर उनके साथ प्रवक्ता नीरज सैनी और प्रवक्ता रवींद्र भी आए हुए थे और स्कूल स्टाफ की तरफ से मेल प्रोग्राम ऑफिसर शशि सैनी, फीमेल प्रोग्राम ऑफिसर कुसुम, डीपी रविंद्र, प्रवक्ता अरुणा चंदेल निर्मला इत्यादि उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

# नेशनल प्रतियोगिता के लिए भंजाल के आदित्य का चयन

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भंजाल के जमा दो के छात्र आदित्य ने स्टेट लेवल एथलेटिक गेम्स में ऊंची कूद में सिल्वर मेडल जीतने के बाद अब राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए लखनऊ के लिए रवाना हो गया है।



इस उपलब्धि के लिए स्थानीय विधायक राकेश कालिया ने आदित्य व स्कूल प्रशासन को बधाई दी है। स्कूल के कार्यकारी प्रधानाचार्य राजन शर्मा ने बताया कि ये स्कूल के डीपीई विनोद ठाकुर की मेहनत का परिणाम है कि आज स्कूल के बच्चे नेशनल लेवल पर चयनित हो रहे हैं। उधर गांव के प्रधान राजेश ठाकुर बिट्टू और एसएमसी प्रधान महेश कुमार पिंटा ने स्कूल स्टाफ को बधाई दी है, वहीं स्कूल के डीपीई विनोद ठाकुर ने बताया कि आदिया अब लखनऊ में 26 नवंबर को होने वाली नेशनल लेवल एथलेटिक प्रतियोगिता में भाग ने रवाना हो गया है।

# जूनियर नेशनल थ्रो-बॉल प्रतियोगिता की तैयारी के लिए किया अभ्यास

**विनोद शर्मा, लठियानी**

हिमाचल प्रदेश की जूनियर नेशनल थ्रोबॉल टीम ने आगामी 34वीं जूनियर नेशनल थ्रो-बॉल प्रतियोगिता के लिए विशेष अभ्यास मैच का आयोजन किया गया।

इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार राकेश राणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अभ्यास मैच में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी कड़ी मेहनत और खेल भावना का परिचय दिया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार राकेश राणा ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और उन्हें प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश के लिए गर्व की बात है कि हमारे युवा खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रोशन करने के लिए तैयार हैं।

इस अवसर पर हिमाचल थ्रो बॉल चैरिटेबल ट्रस्ट पंजीकृत हिमाचल सरकार के अध्यक्ष अमन शर्मा, कोच यशवीर सिंह सहित कई स्थानीय खेल प्रेमी और सम्मानित अतिथि भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय भावना और टीम को बढ़ावा देने वाले संदेश के साथ किया गया।



34वीं जूनियर नैशनल थ्रो-बॉल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीम।

# धूमधाम से मनाया कृष्ण जन्मोत्सव



**विनोद शर्मा, लढियानी।** 'कंदां कौले कच्चे सी, पर रिश्ते पक्के सी' का भाव है कि पुराने जमाने में घर पक्के होते थे और रिश्ते भी सच्चे होते थे, लेकिन आजकल घर तो पक्के हैं, लेकिन रिश्ते नाम के रह गए हैं। उपमंडल बंगाणा के गांव रिवाड़ में हो रही श्रीमद् भागवत कथा पंडित सुमन शर्मा प्रवचनों की अमृतवर्षा करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन पांच भगवानों की पूजा करनी चाहिए, तभी हम अपने द्वारा की गई गलतियों का पश्चाताप कर सकते हैं। सुमन शर्मा ने कहा कि सत्संग में बड़ी ताकत होती है। जब हम अच्छे लोगों के साथ समय बिताते हैं या उच्च विचारों और सकारात्मक ऊर्जा से जुड़े रहते हैं, तो इसका हमारे जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। सत्संग हमें आत्मिक शांति, ज्ञान और सही दिशा प्रदान करता है। जैसा कि संतों ने कहा है 'जैसा संग वैसा रंग' अर्थात, हमारा चरित्र और विचार उस संगति पर निर्भर करते हैं, जिसमें हम रहते हैं। इसलिए, सदैव अच्छे और प्रेरणादायक संगति का चयन करना चाहिए। आज कृष्ण जन्मदिन भी धूमधाम से मनाया गया। इस कथा का संसार चंद, नरेश कुमार, नीलम कुमारी, नवीन कुमार, ज्योति ब्रजाता, हंसराज ब्रजाता, प्यारेलाल, पवन शर्मा, कमलेश कुमारी, मनीष शर्मा, मन्नत, बीना देवी, मिशेल सहित अन्य ने श्रवण किया। (अनंत ज्ञान)

# युवा मोर्चा नेता ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं

**हीना पठानिया, बड़ूही**

**सुमेश बिट्टू ने कहा विधायक विकास कार्य करवाने में हो रहे नाकाम**

चिंतपूर्णी मंडल भारतीय जनता युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष सुमेश बिट्ठू ने गांव स्तोथर के तहत पड़ते मोहल्ला कचार-चोह में ग्रामीणों से बैठक की और उनकी समस्याओं को सुना। ग्रामीणों ने अपनी मुख्य समस्या रास्ते की बताई। ग्रामीणों का कहना है कि प्रदेश सरकार हर तरह के विकास कार्यों को ठप करने में लगी हुई है।

सुमेश बिट्टू ने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के समय सितंबर 2022 में विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत धुसाड़ा और स्तोथर के बीच पुल का निर्माण करने के लिए आधारशिला रखी थी, लेकिन मौजूदा प्रदेश सरकार ने पूर्व सरकार के विकास कार्यों को रोकने की षड्यंत्र के तहत इस पुल के निर्माण को बुरी तरह लटका दिया है। सुमेश बिट्ठू ने यह भी कहा कि पुल का निर्माण कार्य राजनीति की भेंट चढ़ गया है, जो पुल महज कुछ महीने में बनकर तैयार होने वला था, उसके अभी तक दो साल में मात्र दो पिल्लर ही खड़े किए जा सके हैं, जबकि इस पुल के निर्माण के लिए 2.83 करोड़ रुपए का बजट भी मुहैया करवाया गया था।

उन्होंने कहा कि पुल का निर्माण नहीं होने के चलते दोनों ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों को बरसात के दिनों में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके चलते ग्रामीण में सरकार के प्रति गहरा रोष है। जब भी ग्रामीण मौजूदा सरकार के विधायक से बात करते हैं तो मौजूदा विधायक जल्द काम शुरू होने की लॉलीपॉप दे देते हैं।

सुमेश बिट्ठू ने कहा कि मौजूदा विधायक भी विकास कार्य को अमलीजामा पहनाने में पूरी तरह नाकाम रहे हैं। यदि अब भी सरकार ने इस निर्माण कार्य को पूरा करने में देरी की तो ग्रामीणों को साथ लेकर मोर्चा खोला जाएगा। इसकी जिम्मेदारी स्थानीय विधायक और प्रदेश सरकार की होगी। इस मौके पर दिनेश शर्मा, अनिल शर्मा, रवि शर्मा, राम कुमार, जुगल किशोर, तरसेम शर्मा, सुनील कुमार सहित गणमान्य मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के लिए 13 दिसंबर तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, घनारी**

रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व आंगनबाड़ी सहायिकाओं के 15 पदों को भरने के लिए महिला उम्मीदवार 13 दिसंबर तक आवेदन कर सकती हैं। सीडीपीओ गगरेट विजय कुमार ने बताया कि इन पदों के लिए कम से कम जमा दो उत्तीर्ण 18 से 35 आयुवर्ग और आंगनबाड़ी सर्वे क्षेत्र की स्थायी निवासी की महिलाएं पात्र होंगी। उम्मीदवार के परिवार की वार्षिक आय सभी संसाधनों से 50,000 रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। आय प्रमाण पत्र संबंधित तहसील के तहसीलदार अथवा नायब तहसीलदार द्वारा जारी ही मान्य होगा।

उम्मीदवार का चयन मेरिट के आधार पर 25 अकों में होगा, जिसमें जमा दो में प्राप्त अंक प्रतिशतता में भाग दस में अधिकतम 7, स्नातक को 2 अतिरिक्त अंक और इससे अधिक योग्यता के लिए एक अतिरिक्त अंक शामिल होगा। उन्होंने बताया कि गगरेट की विभिन्न गांवों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व आंगनबाड़ी सहायिकाओं के पद भरें जाएंग।

उन्होंने कहा की मवा सिंधिया गांव में अप्पर कोपारेटिव सोसायटी वा संघनेई गांव में माटियालिका में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का एक-एक पद और रायपुर अप्पर बुखायपुर, रायपुर कुम्हार बस्ती, लोअर मंदवाड़ा, घनारी चांग बस्ती, पिरथीपुर महिला मंडल, पिरथीपुर लोहार बस्ती, मैदानगढ़, बड़ोह लोअर भट्टियां, हरिजन बस्ती, भरवाईं रोड, ओयल आश्रम, लोअर भंजाल-2 पठवाल, भद्रकाली के बाणदू-2, लोहरली कुआं वाला मोहल्ला, मवा कोहलां रोड़ साइड में आंगनबाड़ी सहायिका के पद भरे जाएंगे। वे उम्मीदवार जिन के पास एक वर्ष का आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, बाल सेविका, बालवाड़ी टीचर, नर्सरी टीचर, सिलाई टीचर जो उसी पंचायत में कार्यरत हो तथा 10 माह के लिए शिशुपालक केंद्र चलाने का अनुभव हो, को अनुभव के प्रत्येक वर्ष के लिए एक अंक तथा अधिकतम 3 अंक, ये अंक तभी मान्य होगें, जब प्रार्थी को नर्सरी ट्रेनिंग टीचर का मान्यता प्राप्त संस्थान से डिप्लोमा कोर्स से संबंधित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेगा।

प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत अनुभव प्रमाण पत्र शिक्षा विभाग के उपनिदेशक या जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित होना अनिवार्य है, प्रार्थी द्वारा संबंधित ग्राम पंचायत के अंतर्गत स्थित नर्सरी स्कूल में अध्यापन कार्य का अनुभव हो। प्रार्थी को कार्य अनुभव के अंक उसी अवस्था में देय होंगे, यदि उनके पास उपरोक्त प्रमाण पत्र उपलब्ध है। इसके अलावा अपंग उम्मीदवार जिस की अपंगता 40 प्रतिशत या अधिक हो, बशर्ते उसकी अपंगता आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन के कार्य करने में बाधक सिद्ध न हो, के दो अंक मिलेंगे। एससी/एसटी/ओबीसी के उम्मीदवार के लिए 2 अंक, स्टेट होम आवासी, बालिका आश्रम अवासी, अनाथ, विधवा, असहाय, परित्यकता, तलाकशुद्दा और शादीशुदा महिला जिसके पति पिछले 7 वर्षों से लापता हो 3 अंक। वे परिवार जिन्होंने एक या दो कन्या के जन्म के उपरांत स्थायी परिवार नियोजन करवा लिया हो, 2 अतिरिक्त अंक मान्य होंगे, जबकि साक्षात्कार में 3 अंक देय होंगे। इन पदों के लिए पात्र महिलाएं 13 दिसंबर सायं 5 बजे तक सादे कागज पर आयु, शैक्षणिक योग्यता, आय, स्थायी निवासी, परिवार नकल, जाति, अनुभव, अपंगता, विधवा, अनाथ, परित्यकता प्रमाण पत्र यदि प्रार्थी इस श्रेणी में आता हो, हिमाचली प्रमाण पत्र, आवेदक की केवल दो बेटियां हैं तथा कोई बेटा नहीं है, का प्रमाण पत्र जो कि संबंन्ति ग्राम पंचायत के सचिव से जारी किया गया हो तथा स्थायी परिवार नियोजन करवाने का चिकित्सा अधिकारी से प्राप्त प्रमाण पत्रों की प्रतियों सहित आवेदन कर सकती हैं।

इच्छुक उम्मीदवार 20 दिसम्बर को मूल दस्तावेजों सहित बाल विकास परियोजना अधिकारी गगरेट कार्यालय में उपस्थित होना है। अन्य किसी प्रकार की जानकारी पाने के लिए कार्यालय बाल विकास परियोजना अधिकारी गगरेट सम्बन्धित वृत पर्यवेक्षक अथवा संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अथवा सहायिका से संपर्क करें।

**सम्मान** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल गगरेट में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

# विधायक राकेश ने मेधावियों को किया पुरस्कृत

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल गगरेट में रविवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में विधायक राकेश कालिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर शैक्षणिक व खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। समारोह में स्कूली विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की ऐसी सतरंगी छटा बिखेरी कि पंडाल में बैठा हर कोई मंत्रमुग्ध हो गया।



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल गगरेट में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में विधायक राकेश कालिया छात्रों के साथ।

समारोह का शुरूआत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए स्वागत गीत से हुई। इसके बाद छठी कक्षा की छात्रा द्वारा अपनी मनमोहक आवाज में प्रस्तुत किया गया पहाड़ी गीत माए नी मेरिए शिमले दी राह चंबा कितनी की दूर ने हर किसी को अपनी ओर आकर्षित किया। उक्त बच्ची के इस गीत से मुख्यातिथि इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने उक्त बच्ची को एक हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत की गई नृत्य नाटिका भारत का रहने वाला हूं ने भी खूब वाहवाही लूटी। नशे पर करारी चोट करते हुए प्रस्तुत किए गए लघु नाटक को भी खूब सराहा गया। इस नाटक के जरिए पथ भ्रष्ट हो रही युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। पंजाबी गिद्दा व भांगड़ा ने भी हर किसी को प्रभावित किया। प्रिंसिपल ज्ञान प्रकाश शर्मा ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि स्कूल के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। स्कूल का दस जमा दो व दसवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम शानदार रहा है।

स्कूल में मैदान की उपलब्धता न होने के बावजूद स्कूल के विद्यार्थियों ने जोनल टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कबड्डी में उपविजेता का खिताब हासिल कर सबको आश्चर्यचकित किया है। मुख्यातिथि राकेश कालिया ने स्कूल की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि स्कूल का रिकार्ड बता रहा है कि यहां का स्टाफ कितना मेहनतकश है। गगरेट में भी नकली समाजसेवी आए थे, जिन्होंने शिक्षा में शक्ति का नारा देकर विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति बांटने का ढोंग रचा, लेकिन जब चुनाव खत्म हो गए तो छात्रवृत्तियां भी समाप्त हो गईं। अब उनके कई कारनामें खुलकर सामने आ रहे हैं। गरीब व्यक्ति के लिए उनके दरवाजे सदैव खुले हैं। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को पांच हजार रुपए देने का ऐलान किया।

# स्कूल 30 नवंबर तक ही मनाएं वार्षिक समारोह

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने क्षेत्र के स्कूलों में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह 30 नवंबर से पहले आयोजित कराकर एक अनोखी मिसाल पेश की है। उनका यह कदम छात्रों की पढ़ाई को प्राथमिकता देते हुए लिया गया, ताकि बोर्ड परीक्षाओं और वार्षिक परीक्षा की तैयारी में छात्रों को कोई बाधा न आए।



विवेक शर्मा ने कहा कि पारितोषिक वितरण समारोह का उद्देश्य छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित करना है, लेकिन यह भी जरूरी है कि इस आयोजन से उनकी पढ़ाई प्रभावित न हो। उन्होंने बताया कि सभी स्कूलों को निर्देश दिए गए हैं कि समारोह समय पर आयोजित हों और छात्रों को तैयारी के लिए पर्याप्त समय मिले। अक्सर वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह फरवरी और मार्च तक खिंच जाते हैं, जिससे छात्रों का ध्यान परीक्षा से भटक सकता है।



## बर्फ की चांदी से चमके पहाड़



बर्फबारी के दूसरे दिन जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में गिरी बर्फ की चांदी से चमके पहाड़।

## न्यूज ब्रीफ

### 284 ग्राम चरस के साथ यूपी का युवक गिरफ्तार



**कुल्लू।** पुलिस थाना मणिकर्ण की टीम ने एक युवक को 284 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस की जानकारी के अनुसार कसोल के जैनाला में नाकाबंदी के दौरान एक वॉल्वो बस (न. एचआर 38 डब्ल्यू 6397) को चैकिंग के लिए रोका, तो तलाशी के दौरान संजय (25 वर्ष) पुत्र बुध राम निवासी गांव नागल रामदासपुर जिला सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) के कब्जे से 284 ग्राम चरस बरामद किया है। उधर, एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना मणिकर्ण में धारा 20 मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला पंजीकृत कर गिरफ्तार किया गया है। मामले की आगामी जांच जारी है।

### समिति नवोदय प्रवेश परीक्षा की करवा रही तैयारी



**कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के साथ लगते ढालपुर ब्वॉयज स्कूल में शिक्षक कल्याण समिति द्वारा घाटी के 50 बच्चों को नवोदय प्रवेश परीक्षा के चयन को लेकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण रविवार से शुरू हो गया है और पांचवीं कक्षा के बच्चे इसमें भाग ले रहे हैं, जो छठी कक्षा में नवोदय विद्यालय की चयन परीक्षा में भाग लेंगे। ऐसे में रविवार से घाटी के अध्यापकों द्वारा उनके लिए इस प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। शिक्षक रवींद्र ने बताया कि वर्ष-2016 से लगातार शिक्षक कल्याण समिति बच्चों को प्रशिक्षण दे रही है और अभी तक करीब 28 बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त कर जवाहर नवोदय विद्यालय स्कूल में अपनी पढ़ाई कर रहे हैं। शिक्षक कल्याण समिति की ओर से छात्रों को यह परीक्षण निशुल्क प्राप्त करवाया जाता है, ताकि बच्चे प्रतियोगी परीक्षाओं में आगे आकर अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकें।

### देव संस्कृति हमारी रीढ़ है : छविंद्र ठाकुर



**कुल्लू।** सेव मनाली फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता छविंद्र ठाकुर ने कहा कि देव संस्कृति हमारी रीढ़ है। इसके संरक्षण और संवर्धन के लिए युवा पीढ़ी को आगे आना चाहिए। छविंद्र रविवार को कुल्लू के देवसदन में प्रसिद्ध लोकगायक आईएस चांदनी द्वारा निर्मित एक लघु फिल्म का विमोचन करने पहुंचे थे। उन्होंने इस मौके पर कहा कि हमारे पुरखों ने देव संस्कृति को अक्षुण बनाए रखा है। इसी तर्ज पर आज के युवा वर्ग को ज्यादा से ज्यादा अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। ज्ञानतुल्य श्रीकृष्णा कला संस्थान की ओर से लगवैली महाकुंभ, जिसमें लोक गायक आईएस चांदनी द्वारा थान देवता भुट्टी के भव्य मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा पर बनाई गई लघु फिल्म का विमोचन छविंद्र ने किया। इसमें मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे छविंद्र का संस्थान के पदाधिकारियों के द्वारा स्वागत किया गया। विशेषातिथि के तौर पर भाजपा जनजातीय मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवराज बोध का भी संस्थान के पदाधिकारियों के द्वारा स्वागत किया गया। मंच का संचालन शमशेर सिंह और लेखराज ठाकुर ने किया। इस अवसर पर पर्यावरणविद्व किशन लाल ठाकुर, ब्राह्मण पंचायत की प्रधान प्रोमिला ठाकुर और वार्ड पंच लोभी देवी आदि मौजूद रहे।

### कैडेट अभिनव, तनवी और स्वरित सार्जेंट



**मनाली।** डीएवी स्कूल मनाली ने एनसीसी एयर विंग जूनियर कैडेटों के लिए विदाई-सह-रैंक समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान, स्नातक करने वाले वरिष्ठ कैडेटों को उनके प्रमाणपत्र ए और वार्षिक प्रशिक्षण शिविर प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त, कैडेट अभिनव, कैडेट तनवी और कैडेट स्वरित को क्रमशः सार्जेंट, कॉरपोरल और लांस कॉरपोरल के रैंक से सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि, विंग कमांडर कुणाल शर्मा, नंबर-1 एचपी एयर स्क्वाड्रन, एनसीसी कुल्लू के कमांडिंग ऑफिसर ने कैडेटों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी। उन्होंने उन्हें एनसीसी के साथ अपने अनुभवों को प्रतिबिंबित करने और भविष्य में रक्षा सेवाओं में शामिल होने की आकांक्षा रखने के लिए प्रोत्साहित किया। डीएवी पब्लिक स्कूल मनाली के प्रधानाचार्य आरएस राणा ने कैडेटों को अपनी शुभकामनाएं दीं।

# लगघाटी के तिउन में अग्निकांड की घटना में 5 घर जलकर राख

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

कुल्लू जिले के लगघाटी के अंतर्गत आने वाले दुर्गम गांव तिउन के पांच घरों में गत रात पेश आई आगजनी की घटना में पांच घर जलकर राख हो गए हैं। इस घटना में 5 गाय व 25 भेड़ भी जिंदा जल गई हैं। शनिवार को शाम के समय करीब 6 बजे तिउन गांव में एक मकान में आग लगी, जहां से आग भीषण रूप से फैलते हुए अन्य चार घरों में भी लग गई।

जानकारी के अनुसार आगजनी की घटना सबसे पहले तिउन निवासी पार्वती के घर में लगी, जहां से आग ने शिवी राम, संजीव, फूली राम और लुहारू राम के घर को भी अपने चपेट में ले लिया। इस आगजनी की घटना में करीब पीड़ित परिवारों को 78 लाख का नुकसान हुआ, जिसमें 5 गाय और 25 भेड़ें भी शामिल हैं। इस आगजनी की घटना में करीब 2 करोड़ को संपत्ति को बचाया गया है। हांलाकि इस आगजनी की घटना के दौरान अग्निशमन दमकल विभाग को तिउन गांव में पहुंचने के लिए वाहन द्वारा 17 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद पैदल 9 किलोमीटर की यात्रा तय करनी पड़ी। अग्निशमन विभाग के अधिकारी प्रेम सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि लगघाटी के तिउन में शनिवार को अज्ञात कारणों से लगी आग में प्रभावित ग्रामीणों को भारी नुकसान हुआ है। हालांकि विभाग की तरफ से की गई त्वरित कार्रवाई से करीब 2 करोड़ की संपत्ति को बचाया गया है। (अनंत ज्ञान)





लगघाटी के तिउन गांव में घटी आगजनी की घटना में हुआ नुकसान (दाएं) एसडीएम कुल्लू प्रभावित परिवारों से चर्चा करते हुए।

### पैदल चल अग्निकांड प्रभावित परिवार से मिलने पहुंचे एसडीएम कुल्लू

**रविवार** को एसडीएम कुल्लू विकास शुक्ला मौके का निरीक्षण करने पहुंचे। नौ किलोमीटर दूर पहाड़ी पर स्थित गांव में एसडीएम विकास शुक्ला पैदल यात्रा कर पहुंचे और ग्रामीणों से मुलाकात की और उन्हें हर संभव सहायता देने का भी आश्वासन दिया। सड़क सुविधा न होने के चलते एसडीएम पैदल गांव तक पहुंचे उनके साथ प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। इस दौरान नुकसान का आकलन किया गया और नियमानुसार हर संभव सहायता देने की बात एसडीएम की ओर से कही गई। एसडीएम कुल्लू विकास शुक्ला ने कहा कि अग्नि प्रभावित परिवारों को नियमानुसार 20-20 हजार की फौरी राहत दी गई है और अन्य मदद भी की जाएगी।

# पारशा गांव में मकान में लगी आग, 30 लाख का नुकसान

**अनंत ज्ञान, मनाली**

मनाली के समीप पारशा गांव में रविवार दोपहर ग्रामीण शेष राम के काठकुणी शैली के मकान में आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई।

ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़े, लेकिन पानी की कमी के कारण आग पर काबू पाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। सूचना मिलते ही मनाली से अग्निशमन विभाग की टीम भी घटनास्थल पर पहुंच गई, लेकिन तब तक आग मकान के चारों ओर फैल चुकी थी। अग्निशमन विभगा की टीम ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। काठकुणी मकान में हालांकि कोई रहता नहीं था, लेकिन उसमें 200 सेब की खाली करेट व स्लीपर रखे हुए थे। आग से सारा सामान जलकर राख हो गया है। अग्निशमन मनाली के प्रभारी शरणपत ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। शेष राम पुत्र बेलू राम को लगभग 30 लाख का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि करोड़ों की संपत्ति को जलने से बचाया गया है। प्रशासन की ओर से एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को फौरी राहत दी जा रही है।



मनाली के समीप पारशा गांव में लगी आग को बुझाते हुए ।

# मनाली से अंजनी महादेव तक की एडवेंचर यात्रा

**अनंत ज्ञान, मनाली**

राजकीय महाविद्यालय हरिपुर मनाली के एडवेंचर क्लब द्वारा रोमांचक साहसिक यात्रा का आयोजन किया गया।

इस यात्रा में 20 छात्रों और चार शिक्षकों ने भाग लिया। यात्रा का नेतृत्व एडवेंचर क्लब के संयोजक डॉ. रोमेश चंदर और क्लब समन्वयक प्रोफेसर विरोचन ठाकुर ने किया यात्रा की शुरुआत ओल्ड मनाली से हुई। यहां से ट्रैकिंग करते हुए, सभी प्रतिभागी सोलांग नाला पहुंचे। वहां से अंजनी महादेव टॉप तक की कठिन और रोमांचक यात्रा की। इस मार्ग पर छात्रों ने ट्रैकिंग, पर्वतारोहण और कैंपिंग जैसी साहसिक गतिविधियों का आनंद लिया।



हरिपुर कॉलेज के स्टूडेंट्स व स्टाफ साहसिक यात्रा के आयोजन पर मौजूद।

डॉ. रोमेश चंदर ने बताया कि इस प्रकार की यात्राएं छात्रों को न केवल शारीरिक रूप से सशक्त बनाती हैं, बल्कि उनके भीतर आत्मविश्वास और टीमवर्क की भावना भी विकसित करती हैं। साथ ही यह यात्रा उन्हें प्रकृति के बीच जीवन के असली संघर्षों को समझने का अवसर देती है। प्रोफेसर विरोचन ने भी इस यात्रा के महत्व को साझा करते हुए कहा कि यह यात्रा छात्रों के लिए न केवल एक शारीरिक चुनौती थी, बल्कि यह उन्हें धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर से भी जोड़ने का अद्भुत अनुभव प्रदान करती है। अंजनी महादेव टॉप पर पहुंचकर, छात्रों ने भगवान अंजनी के मंदिर में पूजा की और इस स्थान की धार्मिक महत्ता को महसूस किया। इस ट्रैकिंग यात्रा के दौरान, छात्रों ने ओल्ड मनाली से लेकर सोलांग नाला तक और अंजनी महादेव टॉप तक की यात्रा की। रास्ते में बर्फीली चोटियां, घने जंगल और शीतल नदियां विद्यार्थियों के साहस और उत्साह को बढ़ाती रही। अंजनी महादेव टॉप पर पहुंचकर छात्रों ने इस पवित्र स्थल पर आस्था और श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना की और यह यात्रा उनके लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बन गई। यात्रा के अंत में सभी प्रतिभागियों ने इस साहसिक यात्रा को अपने जीवन का एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक अनुभव बताया।

### लाहौल-स्पीति की विधायक ने किया मयाड़ घाटी का दौरा

# छालिंग पहुंचकर जानी ग्रामीणों की समस्याएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने रविवार को मयाड़ घाटी का दौरा किया। घाटी में गत रात हुई बर्फबारी से मौसम ठंडा हो गया है।

बर्फबारी के बीच विभागीय टीम, पार्टी कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों सहित विधायक पैदल उडगौस व छालिंग गांव पहुंची और उन्होंने जनसंपर्क किया और समस्याओं को जाना साथ ही उनका समाधान भी किया। उन्होंने प्रशासन को मौके पर समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक ने बताया कि विकास के कार्यों को समय अवधि में पूरा करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सर्दियों में भी मयाड़ घाटी को उदयपुर से जोड़े रखने के हर संभव प्रयास किए जाएंगे। ग्रामीणों की समस्याओं को समय पर पूरा करने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सूक्खू के आशीर्वाद से लाहौल-स्पीति जिले का एक समान विकास किया जा रहा है और विकास के कार्यों को गति दी गई है। अनुराधा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उन्होंने आज तिंगरेट चांगुट और करपट सहित उडगौस व छालिंग गांव पहुंचकर जनसंपर्क किया और ग्रामीणों की समस्याओं को सुना व उनका समाधान किया।

# मृदुल का ऑल इंडिया एनसीसी ट्रैकिंग कैंप के लिए हुआ चयन

**अनंत ज्ञान, आनी**

गुजरात के नर्मदा जिले में एनसीसी राष्ट्रीय ट्रैकिंग कैंप का आयोजन होने जा रहा है। इस कैंप के लिए आनी के कशोली स्कूल के छात्र मृदुल का भी चयन हुआ है। 2 दिसंबर तक आयोजित होने जा रहे इस राष्ट्रीय कैंप में छात्र मृदुल 8 एचपी बीएन एनसीसी यूनिट रामपुर की तरफ से भाग लेंगे। स्कूल के प्रधानाचार्य प्रवीण गुप्ता ने मृदुल सिंह वैदिक व एनसीसी सहायक अधिकारी रामकृष्ण गौतम व समस्त विद्यालय परिवार को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। शिक्षा खंड निरमंड के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कशोली कक्षा 9वीं के छात्र मृदुल सिंह वैदिक का चयन ऑल इंडिया सरदार पटेल नर्मदा ट्रैकिंग कैंप के लिए हुआ है। विद्यालय के कंप्यूटर शिक्षक व मीडिया प्रभारी अजीत डोगरा ने बताया कि 25 से 2 दिसंबर तक राष्ट्रीय स्तर का यह कैंप गुजरात के नर्मदा जिले में आयोजित होगा, जिसमें देश भर के



510 एनसीसी कैडेट भाग लेंगे, जिनमें एसडी ग्रुप के 300 व जेडी ग्रुप के 210 कैडेट शामिल हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवीण गुप्ता ने मृदुल सिंह वैदिक को ऑल इंडिया कैंप में चयन होने के लिए बधाई दी है साथ ही विद्यालय के एनसीसी सहायक अधिकारी रामकृष्ण शास्त्री को भी बधाई दी, जिनकी कड़ी मेहनत से यह सफलता हासिल हुई है इन आठ दिनों में देश भर से आए हुए एनसीसी कैडेट्स विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में भाग लेंगे, जिसमें ट्रैकिंग, वन्य जीव संरक्षण, प्रकृति के साथ स्नेह की भावना रखना, स्थानीय वेशभूषा संस्कृति और इतिहास की जानकारी हासिल करन आदि गतिविधियां शामिल हैं।

# सुदर्शन को सार्जेंट का रैंक, चेतना बनी लीडिंग फ्लाइट कैडेट

**अनंत ज्ञान, सैंज**

सैंज स्थित पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एनसीसी के 76वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सोहन लाल ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की तथा प्रधानाचार्य मनोज कुमार महाजन ने अध्यक्षता की। मुख्यातिथि का स्वागत स्कूल के स्टॉफ ने फूल-मालाओं से किया तथा एनसीसी की टुकड़ी ने गॉर्ड ऑफ ऑनर के साथ मुख्यातिथि व अन्य अतिथियों का कार्यक्रम में अभिनंदन किया। एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर मनोज शर्मा ने सभी अतिथिगणों का स्वागत करते हुए एनसीसी रिपोर्ट पेश की। उन्होंने बताया कि सैंज स्कूल में वर्ष 2016 में एनसीसी का गठन हुआ है और वर्तमान शैक्षणिक सत्र में एनसीसी ने अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं। मनोज शर्मा ने रिपोर्ट के माध्यम से









सैंज स्कूल में एनसीसी के स्थापना दिवस पर कैडेट को पुरस्कृत करते मुख्यातिथि (दाएं) कार्यक्रम में प्रस्तुति देती सैंज की एनसीसी कैडेट ।

बताया कि कैडेट वेलफेयर सोसायटी के तहत एनसीसी यूनिट 1 एचपी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी कुल्लू द्वारा सैंज स्कूल की मोनिका कुमारी को छात्रवृत्ति मिली।

वहीं, राष्ट्रीय स्तर के हिमट्रैक कैंप में चार कैडेट ने भाग लिया। वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (एटीसी) में सैंज स्कूल के कैडेट ने ड्रिल, एरोमॉडलिंग, ग्रुप डांस व वॉलीबाल आदि गतिविधियों में उपविजेता का स्थान हासिल करते हुए रिकॉर्ड बनाया। एनसीसी अधिकारी ने कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट व अन्य स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीसी का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्रनिर्माण, समाजसेवा, अनुशासित व व्यक्ति को चरित्रवान बनाना है। कार्यक्रम में एनसीसी गीत सहित पंजाबी, हिमाचली व योग नृत्य पर सभी कैड्टों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी। एनसीसी कैडेट भारती दुगल, प्रिया, चेतना, समीर व पीयूष आदि ने भाषण के माध्यम से एनसीसी के इतिहास व उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। वहीं, नशे के दुष्प्रभावों व इसकी रोकथाम का संदेश देते हुए लघुनाटक भी पेश किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं स्कूल प्रधानाचार्य मनोज ने एनसीसी स्थापना दिवस की बधाई देते हुए एनसीसी के कार्यक्रमों की भरपूर प्रशंसा की। इस दौरान द्वितीय वर्ष के कैडेट को पदोन्नत किया, जिसमें कैडेट सुदर्शन नेगी को कैडेट सार्जेंट, कैडेट गोपाल को कैडेट कॉर्पोरल तथा कैडेट चेतना कुमारी को लीडिंग फ्लाइट कैडेट के रैंक से नवाजा गया। इस अवसर पर एसएमसी सदस्य एवं पूर्व पंचायत प्रधान लता देवी, कांता देवी तथा वीना देवी आदि उपस्थित रहे।

**नुकसान** रुना, लामीसेरी, शरणधार के किसानों को नहीं मिल रहा लाभ, फसलें हो रही तबाह

# 2 माह ही चल पाई एक करोड़ से बनी सिंचाई योजना

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

जलशक्ति विभाग के आनी मंडल के अंतर्गत देवरी खड़ से लामिसेरी सिंचाई योजना का रुना, लामिसेरी, शरण धार आदि गांवों की जनता को पांच साल से लाभ नहीं मिल पा रहा है, जहां किसानों की फसलें तबाह हो रही हैं। वहीं, किसानों में जलशक्ति विभाग के प्रति रोष भी पनपने लगा है।

नतीजतन पंचायत आनी के रुना, लामीसेरी और शरणधार की प्रभावित जनता ने पंचायत कार्यालय आकर प्रधान लाल सिंह से मदद की गुहार लगाई। इस वर्ष समय पर बारिश न होने और सिंचाई योजना के खराब पड़े होने के कारण दालों सहित कई फसलें नष्ट हुई हैं। रुना, लामिसेरी और शरणधार आदि गांवों के लोगों का कहना है कि समस्या को लेकर उन्होंने जलशक्ति विभाग को पहले भी कई बार अवगत करवाया है, लेकिन आज तक समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ। (अनंत ज्ञान)



सिंचाई योजना।

> **इस** पेयजल लाइन का लोगों को कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है, फलस्वरूप लोगों की जमीन बंजर हो गई है। ग्रामीणों ने पंचायत से समाधान की गुहार लगाई है, जिसका प्रस्ताव पारित कर जलशक्ति विभाग को भेजा गया है।
>
> **लाल सिंह, प्रधान, ग्राम पंचायत, आनी।**

> **यह** पाइप लाइन बरसों से बंद पड़ी है, जिसे ठीक करने का टेंडर ठेकेदार को दे दिया गया है। जल्द ही इस पाइप लाइन को सुचारू कर लोगों को लाभान्वित किया जाएगा।
>
> **इंजी. किशोर कुमार, अधिशाषी अभियंता, जलशक्ति विभाग आनी।**

### 5 साल पहले तैयार हुई थी योजना

**देवरी** खंड से लामीसेरी तक यह सिंचाई योजना करीब 5 साल पहले 1 करोड़ 11 लाख 74 हजार रुपए की लागत से बनकर तैयार हुई थी। करीब साढ़े 6 किलोमीटर लंबी इस सिंचाई योजना से रुना, लामीसेरी, शरणधार के अलावा झरोहन, जिउंडी, रझौड़ी, पनेउ, गुरुवा, नागधार, खोड़ा, चरका आदि कई अन्य गांवों को लाभ मिलना है। लोगों का कहना है कि इस योजना के अंतिम छोर पर होने के कारण रुना, लामिसेरी और शरणधार के अलावा बाकी सभी गांवों को सिंचाई योग्य जल उपलब्ध करवा जा रहा था। लोगों का कहना है कि जलशक्ति विभाग द्वारा उनकी जमीन में बनाए गए भंडारण टैंक खाली पड़े हैं। जलशक्ति विभाग की इस योजना को लोगों ने खुशी-खुशी इस आस में अपनी जमीन में टैंक बनवाने और पाइपें बिछाने दी थी कि वर्षा पर आधारित होने के चलते मौसम की मार झेल रही उनकी फसलों को पर्याप्त सिंचाई योग्य जल मिल सकेगा, लेकिन जलशक्ति विभाग की ढिलाई के चलते उनके सपनों पर पानी फिर गया। उन्होंने बताया कि विभाग और ठेकेदार की लापरवाही के कारण इस योजना में शुरू से निर्माण के दौरान ही कई खामियां हैं। फलस्वरूप जगह-जगह से पाइप लाइन में रिसाव होता था, जिसे ग्रामीणों ने उस वक्त अपने ही खर्च पर ठीक करवाया था, जिसमें करीब 20 हजार खर्च हुआ था, लेकिन बार-बार लीकेज हो जाने पर अब ग्रामीणों के हाथ भी खड़े हो चुके हैं। भंडारण टैंक के आगे पानी को वितरित करने के लिए कोई भी पाइप विभाग ने नहीं बिछाई है, जबकि ग्रामीणों द्वारा खुद ही बिछाई गई अलकाथिन की पाइपें भी बीते कई सालों से पानी की आपूर्ति न होने के कारण खराब हो गई हैं। ग्रामीणों ने जलशक्ति विभाग से इस समस्या के जल्द समाधान की एक बार फिर पंचायत के माध्यम से गुहार लगाई है।

# एनसीसी ने रॉक क्लाइंबिंग कैंप में अर्जित की एक बड़ी सफलता




रॉक क्लाइंबिंग कैंप के आयोजन के बाद कमांडर व एनसीसी के कैडेट्स।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

एनसीसी ग्रुप मुख्यालय शिमला के अंतर्गत एनसीसी यूनिट 1 एचपी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी, कुल्लू ने 2 बीएन आईटीबीपी बबेली के कुशल प्रशिक्षकों के साथ एक रोमांचक रॉक क्लाइंबिंग कैंप का सफलतापूर्वक आयोजन किया। एनसीसी महानिदेशालय की ओर से आयोजित इस कैंप का उद्देश्य आउटडोर मनोरंजन, टीम वर्क, व्यक्तिगत विकास, उत्तरजीविता कौशल को बढ़ावा देना और प्राकृतिक आपदाओं के दौरान एनसीसी कैडेटों को राष्ट्र की संपदा के रूप में विकसित करना था।

कैंप तीन बैचों में आयोजित किया गया था, जिसमें प्रत्येक बैच में एनसीसी निदेशालय, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल व चंडीगढ़ के 30 कैडेट शामिल थे। 14 से 20 तक आयोजित पहले बैच में शिमला समूह के 30 कैडेटों ने भाग लिया। 4 से 10 नवंबर तक आयोजित दूसरे बैच में



पटियाला, अंबाला और रोहतक समूहों के कैडेट शामिल थे। 18 से 24 तक चल रहे तीसरे बैच में लुधियाना, अमृतसर, शिमला और चंडीगढ़ समूहों के कैडेट शामिल हैं। कैंप कमांडेंट विंग कमांडर कुनाल शर्मा, सीओ 1 एचपी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी ने पहले दो बैचों का नेतृत्व किया, जबकि कैंप कमांडेंट कर्नल एएस बैंस, डिप्टी कमांडर एनसीसी ग्रुप मुख्यालय, शिमला ग्रुप तीसरे बैच का नेतृत्व कर रहे हैं। कमांडरों ने इस बात पर जोर दिया कि रॉक क्लाइंबिंग कैंप सिर्फ एक गंतव्य नहीं है, बल्कि एक ऐसी प्रेरक यात्रा है, जो कैडेटों के अधिक मजबूत व फुर्तीले व्यक्तित्व को आकार देती है।



# सोलन अस्पताल में बायोमेट्रिक सिस्टम खराब, मशीन से नहीं लग रही हाजिरी

## समय पर नहीं पहुंचता स्टाफ, मरीजों को झेलनी पड़ती है परेशानी, रजिस्टर में ही मेंटेन की जा रही हाजिरी

**आर मोहन चौहान, सोलन**

सरकार ने सरकारी विभागों में कार्यरत स्टाफ की बायोमेट्रिक सिस्टम से हाजिरी लगाना जरूरी तो किया पर इसे गंभीरता से लागू नहीं किया जाता।

यही कारण है कि क्षेत्रीय अस्पताल में कई दिनों से बायोमेट्रिक सिस्टम खराब चल रहा पर इसे ठीक करने के बजाए अटेंडेंस रजिस्टर में मेंटेन किया जा रहा है। समस्या ये है कि डॉक्टरों के साथ अन्य स्टाफ अपनी मर्जी से ड्यूटी पहुंच रहा है। इस मनमानी से रोगियों को परेशानी झेलनी पड़ती है। डॉक्टर अपने हिसाब से ओपीडी में पहुंच रहे हैं, जबकि हॉस्पिटल के अन्य स्टाफ कर्मी की भी बायोमेट्रिक मशीन में हाजिरी न लगने से मौज हुई है। हालांकि हॉस्पिटल के ही उच्च अधिकारियों के डर के चलते क्लास फ्लोर कर्मी फिर भी समय पर अस्पताल पहुंच रहे हैं, लेकिन अन्य सभी डॉक्टर पर चैकिंग के लिए कोई भी विकल्प नजर नहीं आ रहा। कई डॉक्टर तो वार्ड में विजिट के नाम पर ही लेट पहुंच रहे हैं। इस खामियाजा मरीज को भुगतना पड़ रहा है, जब हॉस्पिटल में बायोमेट्रिक मशीन सुचारु रूप से काम कर रही थी, तो कोई भी समय के बाद हॉस्पिटल में नहीं पहुंच पा रहा था, लेकिन अब मशीन खराब होने के चलते सब अपनी मनमर्जी के हो गए हैं। जानकारी के अनुसार सोलन हॉस्पिटल में लगी बायोमेट्रिक मशीन खराब पड़ गई है। ऐसे में सभी हॉस्पिटल के कर्मियों के अलावा डॉक्टर की हाजिरी भी रजिस्टर में ही मेंटेन की जा रही है।


फाइल फोटो।

> बायोमेट्रिक मशीन में आई खराबी को जल्द ठीक कर दिया जाएगा। फिलहाल सभी डॉक्टर सहित अन्य स्टाफ कार्यों की अटेंडेंस रजिस्टर में हाजिरी मेंटेन की जा रही है। किसी भी स्टाफ के देरी से आने पर जवाब तलब किया जाएगा।
> **डॉ. संदीप जैन, एमएस, अतिरिक्त कार्यभार सोलन हॉस्पिटल।**

ऐसे में कई डॉक्टर ओपीडी में समय पर नहीं पहुंच रहे हैं। इससे मरीज परेशान होने लगे हैं। बता दें कि सोलन अस्पातल में उपचार के लिए जिला सोलन के अलावा सिरमौर और शिमला के मरीज भी बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। ऐसे में यदि डॉक्टर समय पर ओपीडी में न मिले, तो मरीजों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। (अनंत ज्ञान)

# गुरुद्वारा अखंड चौकड़ा ने मनाया गुरुपर्व लगाया लंगर

**परवाणू।** देवभूमि हिमाचल के प्रवेश द्वार पर स्थित गुरुद्वारा अखंड चौकड़ा साहिब द्वारा श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विधिवत शबद-कीर्तन गायन किया गया।

इस मौके पर कालका के पूर्व कांग्रेस नेता संगत सिंह नंदा व उनके परिवार ने भी गुरुद्वारा में हाजिरी दी। कीर्तन के उपरांत लंगर का आयोजन किया गया, जिसमे लोगों ने लंगर के रूप में गुरु का प्रशाद ग्रहण किया। लंगर में विशेष रूप से पंजाब के जाने माने समाजसेवी बेअंत सिंह भंगू अपने साथियों मनजोत सिंह चीमा, जोश प्रताप सिंह, रणजीत सिंह भंगू, हरनूर सिंह भंगू, गगनदीप सिंह व जतिन प्रीत सिंह के साथ सेवा में शामिल होने पहुंचे। गुरुद्वारा प्रबंधक बलबीर सिंह ने गुरुद्वारा प्रबंधन की ओर से सबको गुरुपर्व की बधाई दी तथा लंगर सेवा के लिए बचित्र सिंह को सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर बलबीर सिंह ने बताया कि उनका परिवार पिछले 50 वर्षों से अधिक समय से यहां सेवा कर रहे है तथा हर वर्ष गुरुद्वारा प्रबंधन की ओर से नियमित लंगर का आयोजन अपनी समर्था के अनुसार लगाया जाता है।

## किन्नौर के बचत भवन में पर्यावरण फिल्म फेस्टिवल आयोजित

# पर्यावरण संरक्षण के प्रति करें जागरूक

**अनिल नेगी, रिकांगपिओ**

पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन पर जनजातीय जिला किन्नौर के लोगों को जागरूक करने के लिए पर्यावरण, विज्ञान एवं तकनीकी विभाग हिमाचल प्रदेश, जिला प्रशासन किन्नौर व जेडटेल्स संस्था द्वारा रिकांगपिओ स्थित बचत भवन में पर्यावरण फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया गया, जिसमें वृत्तचित्रों व फिल्मों के माध्यम से उपस्थित जनों को पर्यावरण के बचाव बारे विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

डीसी किन्नौर. डॉ अमित कुमार शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए कहा कि बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग के कारण पर्यावरण में जो बदलाव आ रहा हैं, इसे ठीक करने के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि सर्वप्रथम लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाए, जिसमें इस प्रकार के फिल्म फेस्ट अहम भूमिका निभाते हैं। डॉ. अमित कुमार शर्मा ने बताया कि पेड़ों का अत्याधिक कटान, विभिन्न स्तर पर होने वाला प्रदूषण, वनों में आगजनी की घटनाएं, लोगों का शहरों की और पलायन, केमिकल फर्टिलाइजर्स का उपयोग आदि ऐसी वजह हैं जिससे पर्यावरण में बदलाव होता है।

इसे रोकने के लिए हम सभी को जागरूक होना पड़ेगा व अपने-अपने स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करना पड़ेगा। उन्होंने उपस्थित जनों से आग्रह किया कि सभी अपने स्तर पर प्रदूषण को रोकने का प्रयास करें व अन्य को भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करें। उन्होंने इस दौरान पर्यावरण संरक्षण पर लगाई गई विभिन्न प्रदर्शनियों व पेंटिंग्स का अवलोकन किया। इस दौरान उपस्थित लोगों से पर्यावरण संरक्षण पर उनके विचारों को सुना तथा लोगों ने पर्यावरण संरक्षण के विशेषज्ञों से ऑनलाइन संवाद स्थापित किया व अपने संशयों को दूर किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक शेखर, पंचायत समिति कल्पा की अध्यक्षा ललिता पंचारस, एसडीएम कल्पा डॉ. मेजर शशांक गुप्ता, सहायक आयुक्त ओपी यादव व पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधियों सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।


फिल्म फेस्टिवल में डीसी किन्नौर प्रदर्शनियों का अवलोकन करते हुए।

# एम्स में 'ग्रुप ए अफसर' बनी लाहौल-स्पीति की मीना कुमारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जिला लाहौल-स्पीति के उदयपुर उपमंडल के नामू-मडग्राम गांव के किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाली मीना कुमारी की नियुक्ति 'ग्रुप ए' ऑफिसर ट्यूटर/क्लिनिकल प्रशिक्षक (नर्सिंग) के पद पर एम्स में हुई है।



मीना कुमारी अपनी सेवाएं राजस्थान के जोधपुर एम्स में देंगी। उनकी चयन प्रक्रिया ग्रुप ए अफसर ट्यूटर/क्लिनिकल प्रशिक्षक (नर्सिंग) के लिए हुई, जिसमें पे-स्केल 56100-1,77,500 रुपए है। इस पद के लिए अखिल भारतीय स्तर पर केवल तीन पोस्ट्स के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। मीना कुमारी ने अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए अपने माता-पिता, गुरुजनों और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मीना की माता, तारा देवी, जो गृहिणी हैं, उन्होंने बताया कि उनकी बेटी शुरू से पढ़ाई में तेज थी। हालांकि, आर्थिक स्थिति के कारण वे उसे अंग्रेजी माध्यम के स्कूल में नहीं भेज सके, लेकिन बेटी ने कभी पढ़ाई में कोई कमी नहीं छोड़ी। मीना की प्रारंभिक शिक्षा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मडग्राम से हुई। इसके बाद जमा दो की शिक्षा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उदयपुर से उत्तीर्ण की। फिर, दिल्ली के सर्वश्रेष्ठ नर्सिंग कॉलेजों में से एक, होली फैमिली कॉलेज ऑफ नर्सिंग से नर्सिंग की पढ़ाई की। इसके बाद उन्होंने नई दिल्ली स्थित जामिया हमदर्द विश्वविद्यालय से बीएससी नर्सिंग (पोस्ट बेसिक) का कोर्स पूरा किया। मीना ने पेडियाट्रिक नर्सिंग में पोस्ट-ग्रेजुएट डिग्री भी जामिया हमदर्द विश्वविद्यालय से प्राप्त की है।

# देवभूमि में बेटी का किया अपमान, तो यूपी में कांग्रेस को मिली करारी हार

## भाजपा प्रत्याशी ने कहा था हिमाचल में कांग्रेस सरकार ने यूपी की आईपीएस बेटी को रातों-रात घर भेजने को किया मजबूर

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

एसपी बद्दी इल्मा अफरोज के एकाएक नाराज होकर हिमाचल से अपने गृह प्रदेश जाने का असर उनकी गृह विधानसभा सीट कुंदरकी में देखने को मिला।

यहां पर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी रामवीर सिंह ठाकुर ने एक तरफा जीत दर्ज करते हुए सपा-कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी मोहम्मद रिजवान को 1.43 लाख मतों से हराया। उत्तर प्रदेश के जिला मुरादाबाद की कुंदरकी विधानसभा सीट पर उपचुनाव था, जो कि एसपी बद्दी का गृह विधानसभा क्षेत्र है। यह विस क्षेत्र 60 फीसदी मुस्लिम बहुल है। वहीं, यहां पर 40 फीसदी आबादी हिंदू है। यहां पर 1994 के बाद कभी भी हिंदू प्रत्याशी नहीं जीता। इस सीट पर हिमाचल में कार्यरत एसपी कुमारी इल्मा अफरोज जो कि कुंदरकी विधानसभा जहां उपचुनाव हुआ उसकी रहने वाली है, जब एसपी बद्दी को हिमाचल से एक पूर्व सीपीएस से टकराव के कारण जबरन छुट्टी पर जाना पड़ा, तो उसकी पूरे देश में चर्चा हुई।

इस मामले की पूरे देश में निंदा की गई। वहीं, राज्य के पूर्व भाजपा मुख्यमंत्री शांता कुमार ने भी इसको घृणित कृत्य करार दिया था और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से स्पष्टीकरण मांगा था।



**60 फीसदी मुस्लिम आबादी वाले क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी 1.43 लाख वोटों से जीता**

### भाजपा प्रत्याशी ने बनाया प्रताड़ना का मुद्दा लाभ मिला- वोट अच्छे, बेटी बुरी?

**जिला** मुरादाबाद के कुंदरकी विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी रामवीर सिंह ठाकुर ने अपने चुनावों में स्थानीय बेटी इल्मा अफरोज की प्रताड़ना का मुद्दा बनाकर सपा-कांग्रेस को घेरा था और उनसे सवाल उठाए थे। कुंदरकी में इल्मा अफरोज के परिवार का पुराना रसूख है क्योंकि वह अपने क्षेत्र की पहली बेटी है, जिसने बाप का साया बचपन में छिन जाने के बाद बेहद गरीबी में पढ़ाई कर आईपीएस का पद बिना कोचिंग प्राप्त किया था। भाजपा प्रत्याशी रामवीर सिंह ठाकुर के इस नारे का कुंदरकी में अच्छा खासा असर हुआ और मुस्लिम समाज ने इस बात का बुरा माना कि कहने को ही कांग्रेस मुस्लिम हितैषी है क्योंकि जब हमारी बेटी पर उनके सत्ता वाले राज्य में विपदा आई तो उसको न सत्ता न संगठन ने सहारा दिया। इस बात से मुस्लिमों का एक धड़ा भाजपा की ओर हो गया और मुस्लिम बहुल सीट पर भगवा प्रत्याशी ने धमाकेदार जीत दर्ज की। कहीं न कहीं हिमाचल में मुस्लिम समाज की होनहार व मेधावी बेटी इल्मा अफरोज की अनदेखी व प्रताड़ना का गुस्सा वोटरों ने मतों के माध्यम से निकाला। वोटरों की नाराजगी हिमाचल सरकार के प्रति नहीं था, बल्कि इस बात का था कि उनकी बेटी को रातों-रात हिमाचल से उत्तर प्रदेश क्यों आना पड़ा?

### यह रहा कुंदरकी उपचुनाव का रिजल्ट

भाजपा प्रत्याशी रामवीर सिंह ठाकुर एकतरफा मुकाबले में जीते, उन्होंने सपा के रिजवान को 1.43 लाख से हराया। कुंदरकी विधानसभा उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी रामवीर सिंह ने 32वें राउंड की गिनती के बाद ऐतिहासिक जीत हासिल की। रामवीर सिंह ने सपा के उम्मीदवार मोहम्मद रिजवान को हराकर कुंदरकी सीट पर विजय प्राप्त की। रामवीर सिंह को 168526 वोट, जबकि रिजवान को 25334 वोट मिले। रामवीर ने सपा के उम्मीदवार को 143192 वोटों से हराया।

### मुद्दा बना था इल्मा का देवभूमि छोड़ना

**हिमाचल** के कुछ सियासी नेताओं की कथित प्रताड़ना का शिकार हुई यूपी की होनहार बेटी व हिमाचल की एसपी अफरोज को जिस प्रकार देवी-देवताओं की भूमि से जिस प्रकार अपना सामान रातों-रात समेट कर यूपी जाना पड़ा था, वो देश में बड़ा मुद्दा बन गया। सोशल मीडिया पर प्रदेश कांग्रेस सरकार ने भी इल्मा का किसी मुद्दे पर बचाव नहीं किया। वहीं, एक अल्पसंख्यक परिवार से ताल्लुक रखने वाली अफरोज को हिमाचल के मुस्लिम समाज का सहारा नहीं मिला और उनको जबरन छुट्टी पर भेजे जाने की खबरें आई थी। खबरों में कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी जिन्होंने लड़की हूं लड़ सकती हूं पर भी बीजेपी नेताओं ने निशाना साधा कि उनके सत्ता वाले राज्य में एक बेटी को कथित तौर पर प्रताड़ित किया जाता है, लेकिन वो सामने नहीं आती।

# एलुमनाई क्रिकेट बैश में लारेंस स्कूल सनावर की लगातार जीत

**अनंत ज्ञान, सोलन**

चंडीगढ़ पीसीए मुल्लांपुर स्टेडियम में खेले जा रहे नौवे एलुमनाई क्रिकेट बैश-2024 में लारेंस स्कूल सनावर कसौली ने बेक-टू-बेक दो जीत दर्ज कर फाइनल में पहुंचने के लिए अपनी उम्मीद कायम रखी है।

स्कूल ने अब तक तीन मैचों में से दो में शानदार जीत दर्ज की है। अंतिम लीग मैच में यदि सनावर जीतता है, तो टीम का फाइनल में प्रवेश लगभग तय है। इससे पूर्व दिन के पहले मैच में लॉरेंस स्कूल सनावर ने दून स्कूल, देहरादून को रोमांचक मुकाबले में एक विकेट से हराया। टास जीतकर दून ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 137 रन बनाए, जिसमें अपूर्व माहेश्वरी (27) टाप स्कोरर रहे। अपूर्व लाखिया, अंगदबीर और संग्राम सिंह ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में पांच गेंदें शेष रहते एलएसएस ने दिए लक्ष्य को नौ विकेट गवांकर पार किया। नाबाद संग्राम सिंह ने 51 रन बनाए, जबकि कुनाल शर्मा ने 27 रन जोड़े। लंच के बाद एलएसएस ने सिंधिया स्कूल, ग्वालियर को डकवर्थ लुईस मेथड के चलते 16 रनों से हराया।

एलएसएस ने टास जीतकर विपक्षी टीम को बल्लेबाजी का न्योता दिया। सिंधिया स्कूल ने निर्धारित 20 ओवर में 173/6 रन बनाए जिसमें कार्तिक चौहान ने 51 और आयुष अग्रवाल ने 47 रनों का योगदान दिया। शिखर बैरी और अपूर्व लाखिया ने दो-दो विकेट चटकाए। जवाब में संग्राम सिंह ने दिन का दूसरा अर्धशतक जड़कर टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचाया। कम रोशनी के चलते 14वें ओवर में 140/4 के स्कोर पर मैच रोका गया, जिसके बाद एलएसएस को विजेता घोषित किया गया। कुनाल शर्मा ने संग्राम सिंह का बखूबी साथ दिया। एक अन्य लीग मुकाबले में मेयो कॉलेज, अजमेर ने डेली कॉलेज, इंदौर को 20 रनों से हराया। मेया कॉलेज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 191/8 रन बनाए, जिसमें कुनाल जेतवानी ने 50 रन बनाए। जवाब में डेली कॉलेज 151/8 रन ही बना सका, जिसमें नीतिराज सिंह (55) का महत्वपूर्ण योगदान रहा। दिन के चौथे मैच में सिंधिया स्कूल ने मेयो कॉलेज को दस रन से हराया। सिंधिया स्कूल के 180/6 के जवाब में मेयो कॉलेज 170/5 ने जुटाए।



चंडीगढ़ पीसीए मुल्लांपुर स्टेडियम में खेले जा रहे नौवे एलुमनाई क्रिकेट बैश में खेले गए मैच की झलकियां।

## एईआईआई की जिला स्तरीय मीटिंग डॉ. अजय पाठक की अध्यक्षता में हुई संपन्न

# एईआईआई की मीटिंग में शिशु वैक्सीन पर मंथन

**अनंत ज्ञान, सिरमौर**

एईआईआई की जिला स्तरीय मीटिंग मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय पाठक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमिताभ जैन (बाल रोग विशेषज्ञ), मेडिकल स्पेशलिस्ट, ग्यनोकोलोगिस्ट, फॉरेंसिक स्पेशलिस्ट, मिक्रोबिओलोगिस्ट, पैथोलोजिस्ट, जिला स्वास्थ्य अधिकारी, खंड चिकित्सा अधिकारी, जिला टीकाकरण अधिकारी उपस्थित रहे।

गांव द्रबिल में 18 को हुए वैक्सीन सेशन के बाद हुई एक शिशु की मृत्यु पर चर्चा हुई। इस शिशु को 19 को मेडिकल कॉलेज नाहन में लाया गया, जहां उसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। कमेटी में सारे रिकॉर्ड एवं साक्ष्यों पर चर्चा हुई। इस दौरान कमेटी ने पाया कि बच्चे को टीका पूरी तरह से उचित तरीके से किया गया। बच्चे को कोई वैक्सीन की डोज दो बार नहीं दी गई। वैक्सीन लगाने में सभी आवश्यक सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पालन करते हुए अपने कार्य का निर्वहन किया। उस दिन 11 और बच्चों का भी टीकाकरण किया गया, जो कि स्वस्थ हैं। सीएमओ ने लोगों से अपील की है कि वैक्सीन पूरी तरह से सुरक्षित है और स्वास्थ्य विभाग बेहतरीन सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है।


एईआईआई की जिला स्तरीय मीटिंग की अध्यक्षता करते सीएमओ।

## समुराई कराटे-डू शितोरियु इंडिया की ग्रेडिंग में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

# 12 कराटे खिलाड़ियों ने हासिल की येलो बेल्ट

**अनंत ज्ञान, कसौली**

कसौली स्थित एयर फोर्स स्टेशन में कराटे की लोकल अकादमी के 15 खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रकार की बेल्ट हासिल की।

समुराई कराटे-डू शितोरियू इंडिया की ओर से आयोजित यह बेल्ट ग्रेडिंग कोच सेंसई अनिल सकलानी ने ली। अनिल ने बताया कि ग्रेडिंग में सभी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। ग्रेडिंग में खिलाड़ियों ने कराटे बेसिक, काता, स्पायरिंग के जबरदस्त नमूने दिखाए। इस दौरान 12 खिलाडियों ने येलो बेल्ट हासिल की, जबकि दो खिलाडियों ने ऑरेंज बेल्ट और एक ने ग्रीन बेल्ट हासिल की। ग्रीन बेल्ट हासिल करने वाले एकलौते खिलाड़ी अंश ने अपनी प्रतिभा से सभी को चौंका दिया, जबकि प्रतीक और अरमान खजुरिया ने भी खूब पसीना बहाया व ऑरेंज बेल्ट की परीक्षा पास की। इसके अलावा खुशनूर सिंह, आदर्श कुमार, आयुष कुमार, रेहान रहमान, रकीव रहमान, गुरसीरत कौर, सुंदर थापा, नितिन सुथार, ऋषिका सुथार, तेजश्री, जतिन मिश्रा और अरुयु चौहान ने भी येलो बेल्ट हासिल करने में पूरी ताकत झोंकी। अनिल ने बताया कि समुराई कराटे-डू शितोरियू इंडिया के टेक्निकल डॉयरेक्टर शिहान संजीव ठाकुर ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और भविष्य में इसी तरह हार्ड वर्क करते रहने का आह्वान किया।


समुराई कराटे-डू शितोरियू इंडिया की ग्रेडिंग में खिलाड़ियों ने हासिल की येलो बेल्ट।

# करियाना की दुकान से 12 बोतलें देसी शराब बरामद

**आनी।** पुलिस थाना आनी के अंतर्गत कंडुगाड़ में छापेमारी के दौरान एक करियाना की दुकान से 12 बोतलें देसी शराब बरामद की गई। डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर आनी से करीब 8 किलोमीटर दूर कंडुगाड़ में एक करियाना की दुकान की तलाशी के दौरान 12 बोतलें देसी शराब बरामद की है। इस संदर्भ में ओम प्रकाश निवासी गांव कंडुगाड़ तहसील आनी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धार 39 (1) ए के तहत थाना आनी में मामला दर्ज किया गया है।

# रोटरी रॉयल ने सोलन अस्पताल को एयर गद्दे किए दान

**अनंत ज्ञान, सोलन**

मरीजों की देखभाल में सुधार लाने के उद्देश्य से एक हृदयस्पर्शी कदम उठाते हुए रोटरी रॉयल सोलन ने क्षेत्रीय अस्पताल सोलन को पांच एयर गद्दे दान किए हैं।

अस्पताल के भीतर बढ़ती जरूरतों के जवाब में किया गया यह दान इनडोर मरीजों, खास तौर पर उन मरीजों के आराम और सेहत को बढ़ाएगा, जिन्हें लंबे समय तक बिस्तर पर आराम की जरूरत होती है। अस्पताल के कर्मचारियों ने एयर गद्दे की बहुत सराहना की, जिन्हें इस जरूरी उपकरण की कमी का सामना करना पड़ रहा था। नए गद्दे के साथ, मरीजों को बेहतर आराम का लाभ मिलेगा, शैय्या व्रण के जोखिम को कम करने और अस्पताल में रहने के दौरान बेहतर समग्र रिकवरी की स्थिति सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। रोटरी जिला 3080 के जोन 2 के सहायक गवर्नर रो. अनिल चौहान बतौर वशिष्टातिथि उपस्थित रहे। रोटरी रॉयल सोलन, वैश्विक रोटरी आंदोलन का एक स्थानीय अध्याय है, जो विभिन्न स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा तथा कल्याण संबंधी योजनाओं में भाग लेकर समुदाय में सकारात्मक प्रभाव डालने की दिशा में कार्यरत है। रोटरी रॉयल सोलन के अध्यक्ष डॉ. कमल अटवाल ने कहा कि हमें क्षेत्रीय अस्पताल सोलन का सहयोग करने और हमारे समुदाय में मरीजों की देखभाल की बेहतरी में योगदान देने में खुशी हो रही है। मरीजों का स्वास्थ्य और आराम हमारी प्राथमिकता है और हमें उम्मीद है कि यह दान उन लोगों के जीवन में सार्थक बदलाव लाएगा, जो अस्पताल की सेवाओं पर निर्भर हैं। क्षेत्रीय अस्पताल सोलन के कर्मचारियों ने समय पर किए गए दान के लिए आभार व्यक्त किया और रोगी देखभाल पर इसके प्रभाव को स्वीकार किया। क्षेत्रीय अस्पताल सोलन के वरिष्ठ मेडिकल अधीक्षक डॉ. संदीप जैन ने रोटरी रॉयल सोलन के उनके विचारशील योगदान के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि गद्दे हमारे रोगियों के आराम को बढ़ाने तथा उनके ठीक होने के अनुभव को बेहतर बनाने में बहुत सहायक होंगे।



रोटरी रॉयल सोलन के पदाधिकारी क्षेत्रीय अस्पताल सोलन को एयर गद्दे भेंट करते हुए।

# गोपाल को सिरमौर रत्न अवॉर्ड

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

जिला सिरमौर के गिरि पार क्षेत्र गाताधार में 111 रत्नों को बीएसएन फाउंडेशन द्वारा सम्मानित किया। बीएनएस फाऊंडेशन के संस्थापक के अथक प्रयासों के बाद जिला सिरमौर से देश और दुनिया भर में विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को इस समारोह में सिरमौर रत्न से नवाजा गया।

विश्व प्रसिद्ध रेसलर दलीप सिंह राणा उर्फ ग्रेट खली व सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता एवं संविधान विशेषज्ञ डॉक्टर एचसी गणेशिया ने इस समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और लोगों को सिरमौर रत्न से नवाजा। इसी कड़ी में हिमाचल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट के प्रदेश संगठन मंत्री राजगढ़ से संबंध रखने वाले गोपाल दत्त शर्मा को भी सिरमौर रत्न पुरस्कार से नवाजा गया। गोपाल दत्त शर्मा पिछले 25 वर्षों से प्रिंट व लगभग 8 वर्षों से इलेक्ट्रॉनिक मिडिया में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इनकी उपलब्धियों की फेहरिस्त बहुत लंबी है। गोपाल दत्त शर्मा को आधा दर्जन मंच पर विभिन्न सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है।



**सम्मान** ऑल इंडिया मदन पाल सोलंकी मेमोरियल फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन, उद्योग मंत्री ने विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

# दून वैली देहरादून ने जालंधर को 2-0 से हराकर जीती ट्रॉफी

**अनंत ज्ञान, सिरमौर**

उद्योग, संसदीय मामले, श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने नाहन चौगान में चल रही पहली ऑल इंडिया मदन पाल सोलंकी मेमोरियल फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

इस अवसर पर उन्होंने ऑल इंडिया पीएम मेमोरियल फुटबाल टूर्नामेंट नाहन के आयोजकों को इस फुटबाल प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि सिरमौर के नाहन से लगभग 60 से भी अधिक फुटबॉल खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है, जिसमें नाहन से संबंध रखने वाले भूपेंद्र रावत का नाम विशेष है जिन्होंने फुटबाल में भारत का नेतृत्व कर प्रदेश ही नहीं देश का नाम भी रोशन किया है। उन्होंने कहा कि किसी समय नाहन के इस ऐतिहासिक चौगान मैदान में फुटबॉल की अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती थी, तब फुटबॉल प्रेमियों में इस खेल को लेकर बहुत उत्साह देखने का मिलता था, लेकिन समय के साथ फुटबाल का स्थान क्रिकेट ने ले लिया।

उन्होंने कहा कि फुटबाल एक बहुत ही तेज खेल है, जो खिलाड़ी को चुस्त और फूर्तिला बनाता है। इससे पूर्व मुख्यातिथि ने स्व. मदन पाल सोलंकी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इससे पहले नाहन विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजय सोलंकी, ऑल इंडिया पीएम मेमोरियल फुटबाल टूर्नामेंट नाहन के अध्यक्ष शिवराज शर्मा तथा महासचिव नरेंद्र थापा ने मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

नाहन विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजय सोलंकी ने मुख्यातिथि का स्वागत किया तथा अपने विचार रखे। इस प्रतियोगिता में फाइनल मुकाबला दून वैली देहरादून और सपाली विला फुटबाल अकादमी जालंधर की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें दून वैली देहरादून की टीम 2-0 से विजेता रही। मुख्यातिथि ने विजेता और उपविजेता टीम को क्रमशः 51 हजार और 31 हजार रुपए तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। उद्योग मंत्री ने फुटबाल क्लब नाहन को एक लाख रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर एसडीएम नाहन राजीव सांख्यान, सचिव हिमाचल कांग्रेस रूपेंद्र ठाकुर, मंडल अध्यक्ष नाहन ज्ञान चौधरी, मंडल अध्यक्ष शिलाई सीता राम शर्मा, नरेंद्र तोमर अध्यक्ष रोड सेफ्टी क्लब तथा मदन सूर्यवंशी मीडिया प्रभारी सिरमौर कांग्रेस उपस्थित थे।


सोलंकी मेमोरियल फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन पर खिलाड़ियों के साथ उद्योग मंत्री व अन्य।

## न्यूज ब्रीफ

### हिमाचली एकता मंच ने लगाया चेकअप कैंप



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** गुरु तेग बहादुर सिंह की शहीदी दिवस पर हिमाचली एकता मंच ने चिराग होम सेक्टर-12 3 में स्वास्थ्य चेकअप कैंप लगाया। इस दौरान अध्यक्ष संजीव मेहता, धर्म सिंह, वैशाली वर्मा, दवेंद्र कटोच, अनिल शर्मा अन्य सदस्य मोजूद रहे।

### राउंडग्लास फाउंडेशन फुटबॉल कप संपन्न

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** राउंडग्लास फाउंडेशन फुटबॉल कप 2024 (आरएफएफसी) का आज लड़कों और लड़कियों की टीमों द्वारा खेले गए रोमांचक फाइनल के साथ समापन हुआ, जिसमें पंजाब के ग्रामीण युवाओं ने अपनी प्रतिभा और जुनून का शानदार प्रदर्शन किया। मोहाली के सेक्टर 78 स्थित गमाडा कॉम्प्लेक्स में आयोजित अंडर-16 लड़कों के फाइनल में गुरदासपुर जिले के फजुलाचक गांव की टीम ने जीत हासिल की और अंडर-16 लड़कियों के फाइनल में लुधियाना जिले के चक माफी गांव की टीम ने जीत हासिल की। फाइनल में मुख्य अतिथि हरजोत सिंह बैंस, तकनीकी शिक्षा और औद्योगिक प्रशिक्षण, उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा और सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री, पंजाब सरकार ने पंजाब में युवा विकास के लिए राउंडग्लास फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि राउंडग्लास फाउंडेशन फुटबॉल कप फुटबॉल जैसे टीम खेलों के माध्यम से हमारे बच्चों की शारीरिक और मानसिक तंदरूस्ती में बेहतरी लाने की एक शानदार पहल है। खेलों में युवाओं के जीवन को बदलने की शक्ति है, उन्हें आत्मविश्वास, अनुशासन और मज़बूती प्रदान करके सशक्त बनाता है। पंजाब के गांवों के बच्चों को आत्मविश्वास और जुनून के साथ इतना अच्छा खेलते देखना उत्साहजनक है। प्रत्येक श्रेणी में विजेताओं और उपविजेताओं को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।

# अमृतसर में पुलिस स्टेशन के बाहर मिला आईईडी, मची अफरा-तफरी

**एजेंसी, अमृतसर**

पंजाब के अमृतसर में इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) मिला है। बम मिलने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने जांच करते हुए पूरे इलाके को सील कर दिया है। हैरत की बात यह है कि यह बम पुलिस स्टेशन के बाहर मिला है।

जिला देहाती के थाना अजनाला से कुछ ही दूरी पर रविवार की सुबह इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बरामद की गई है।

वहां से गुजर रहे लोगों की नजर बम पर पड़ी तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। पुलिस हरकत में आई और बम को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। इस घटना के पीछे बड़ी साजिश हो सकती है।

जांच में सामने आया है कि इस आईईडी में विस्फोटक मात्रा काफी ज्यादा थी। फिलहाल पुलिस ने इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव




**पुलिस जांच में सामने आया आइईडी में विस्फोटक की मात्रा काफी ज्यादा**

डिवाइस को कब्जे में ले लिया है। इसके साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए जा रहे हैं। ताकि पता चल सके इस बम को यहां पर किन लोगों ने रखा था। बता दें कि फरवरी 2023 में इसी थाने पर खालिस्तानी समर्थक अमृतपाल सिंह और उसके समर्थकों ने अपने सहयोगी लवप्रीत तूफान की रिहाई के लिए अजनाला पुलिस स्टेशन पर हमला किया था। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने तलवारों, लाठियां और हथियारों का इस्तेमाल करते हुए पुलिस बैरिकेड तोड़े और पुलिस स्टेशन पर कब्जा कर लिया।

मोहाली, तरन तारन के बाद अब अमृतसर के अजनाला थाने के बाहर आइईडी मिलना सुरक्षा एजेंसी के लिए चुनौती बन गया है। अभी तक की जांच में ये सामने आया है कि ये आईईडी पाकिस्तान की तरफ से ड्रोन की मदद से भेजा गया है। इस घटना को लेकर पुलिस विभाग और सुरक्षा जांच एजेंसियां सक्रिय हो गई है।

### अमृतसर में बॉर्डर पर हेरोइन और 2 ड्रोन मिले

**चंडीगढ़।** पंजाब के अमृतसर जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास दो ड्रोन और हेरोइन का एक पैकेट बरामद किया गया है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक प्रवक्ता ने रविवार को यह जानकारी दी। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि शनिवार को दाओके गांव के निकट एक खेत से 570 ग्राम हेरोइन से भरा एक पैकेट सहित एक ड्रोन जब्त किया गया। इसके अलावा महावा गांव के पास शनिवार को गश्त कर रहे सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने एक खेत से एक और ड्रोन बरामद किया।प्रवक्ता ने बताया कि ऐसा माना जा रहा है कि सीमा पर तैनात तकनीकी जवाबी उपायों के सक्रिय होने के कारण दोनों ड्रोन दुर्घटनाग्रस्त हुए।

## प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम हमेशा प्रेरणादायक : सीएम धामी

**अनंत ज्ञान, देहरादून**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को हाथीबड़कला में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का 116वां संस्करण सुना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम हमेशा प्रेरणादायक होता है।




देश के सामूहिक प्रयासों, युवा सपनों और नागरिकों की आकांक्षाओं की बात को प्रधानमंत्री सबसे साझा कर, बेहतर कार्यों के लिए देशवासियों को प्रेरित करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने युवाओं को एनसीसी से जोड़ने के लिए आग्रह किया है।

एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और सेवा की भावना पैदा करती है। उन्होंने प्रदेश के युवाओं से अपील की है कि वे एनसीसी से अवश्य जुड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा चलाया गया 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान अब अन्य देशों में भी फैल रहा है, यह हमारे लिए गर्व का विषय है। उत्तराखंड में भी इस अभियान के तहत व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया गया है।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, गणेश जोशी, सुबोध उनियाल, राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, लोकसभा सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, विधायक खजान दास, उमेश शर्मा काऊ, सहदेव सिंह पुण्डीर, सविता कपूर एवं अन्य जन प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## कांगड़ा वैली वेल्फेयर ने वार्षिक उत्सव मनाया



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

कांगड़ा वैली वेल्फेयर एसोसिएशन ने रसेक्टर 25 स्थित आईएमए सभागार में अपना 20वां वार्षिक उत्सव आयोजित किया। कार्यक्रम में लगभग 250 सदस्यों व उनके परिवार ने भाग लिया।

सभा के सभा एग्जीक्यूटिव सदस्यों ने मुख्यातिथि संजय भटनागर का स्वागत किया, जिसके बाद कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत हुई। मंच का संचालन कर रही सुनीशा ने आए दर्शकों को क्विज के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न पहलूओं से अवगत करवाया।

इस दौरान महासचिव अनुज महाजन ने ऐसोसियेशन की वार्षिक रिपोर्ट पेश की जवकि वित्त सचिव प्रदीप कुमार नेएसोसिएशनका लेखा-जोखा पेश किया। समारोह के दौरान पर्यटन स्थल कांगड़ा की संस्कृति को बच्चों, युवाओं और महिलाओं ने संगीत, नृत्य, नाटी और कविता के रुप में प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।

कार्यक्रम के अंत में हिमाचल के पारम्परिक भोज कांगड़ी धाम आए लोगो को लंच के रूप में परोसा गया। यह धाम नगरोटा से विशेष रुप से आमंत्रित रसोईयों द्वारा तैयार की गई थी।

## बीमा क्षेत्र के निजीकरण के विरोध में एकजुट हुए सरकारी बीमाकर्मी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

बीमा क्षेत्र में सरकार की महत्वकांक्षी योजना 'इंश्योरेंस फार आल' तभी संभव है जब वह सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों को सशक्त बनाने के प्रयास करे न कि उनका निजीकरण कर।




यह भाव जनरल इंश्योरेंस इम्पलाईल एसोसिएशन उत्तरी क्षेत्र की वर्किंग कमेटी की मीटिंग के दौरान प्रकट किए। सेक्टर 17 स्थित एक निजी होटल में आयोजित इस अधिवेशन में राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार सहित उत्तरी भारत के लगभग 80 प्रतिनिधियों ने भाग लिया और निजीकरण के प्रति अपना रोष व्याप्त किया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए एसोसिएशन के महासचिव त्रिलोक सिंह ने बताया कि 25 नवंबर से शुरु होने वाले संसद के शीतकालीन अधिवेशन के मद्देनजर एसोसिएशन ने पब्लिक सेक्टर इंश्योरेंस कंपनियों के निजीकरण और बीमा क्षेत्र में सौ फीसदी एफडीआई के खिलाफ एक आंदोलनात्मक प्रोग्राम तैयार किया है।

## भावना अरोड़ा की पुस्तक 'नगरोटा अंडर सीज' रिलीज

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

भावना अरोड़ा की बहुप्रतीक्षित पुस्तक 'नगरोटा अंडर सीज', जो भारतीय सेना की वीरता और बलिदान का एक शक्तिशाली गाथा है, को पेंगुइन ने रविवार को प्रेस क्लब चंडीगढ़ में रिलीज किया। इस अवसर पर मेजर जनरल नीरज बाली एसएम, लेफ्टिनेंट जनरल ए के शर्मा, यूवाईएसएम, वाईएसएम, एसएम; लेफ्टिनेंट जनरल दीपेंद्र सिंह हुड्डा, पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, वीएसएम एंड बार, एडीसी और मीनू शेखावत उपस्थित थे। भारतीय सेना की अदम्य भावना के प्रति श्रद्धांजलि के रूप में, 'नगरोटा अंडर सीज' 29 नवंबर, 2016 की दर्दनाक घटनाओं को याद कराती है, जब जम्मू-कश्मीर में नगरोटा सैन्य बेस पर एक क्रूर आतंकवादी हमला हुआ था। दो महीने पहले ही



भारतीय सेना के सफल सर्जिकल स्ट्राइक के बाद प्रतिशोध से प्रेरित भारी हथियारों से लैस घुसपैठियों ने शिविर पर निर्दयी हमला किया। बेस के भीतर रहने वाले परिवारों और जीवन को दांव पर लगाने के साथ, सेना के जवानों ने बलिदान की सच्ची भावना व असाधारण साहस दिखाया। बेस्टसेलिंग लेखिका भावना अरोड़ा की यह पुस्तक पाठकों को उस दुर्भाग्यपूर्ण दिन की गहराई में ले जाती है। (अनंत ज्ञान)

### मणिपुर आगजनी मामला: 7 और लोग गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर की इंफाल घाटी में विधायकों के आवासों पर 16 नवंबर को हुई तोड़फोड़ और आगजनी की घटना में शामिल होने के आरोप में सात और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि दो दिनों में ये गिरफ्तारियां की गईं। काकचिंग जिले से शुक्रवार को तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसमें कहा गया कि इस मामले में सात और लोगों की गिरफ्तारी के साथ अब तक कुल 41 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### बरेली में पुल से गिरी कार, तीन की मौत

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली जिले के फरीदपुर थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक निर्माणाधीन पुल से गुजर रही कार नीचे रामगंगा नदी में गिर गई, जिससे उसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह हादसा फरीदपुर थाना क्षेत्र के खल्लपुर-दातागंज मार्ग पर बन रहे रामगंगा पुल पर हुआ। घटना की सूचना मिलते ही फरीदपुर और बदायूं जिले के दातागंज थाना की पुलिस मौके पर पहुंच गई। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने कार और उसमें सवार तीन लोगों के शव नदी से बाहर निकाले। अधिकारियों के मुताबिक, तीनों कार सवार रविवार सुबह करीब 10 बजे बरेली से दातागंज जा रहे थे और वे मार्गदर्शन के लिए जीपीएस की मदद ले रहे थे। उन्होंने बताया कि बाढ़ के चलते पुल का अगला हिस्सा नदी में बह गया था, लेकिन जीपीएस नेविगेशन में यह जानकारी अपडेट नहीं की गई थी, जिससे पुल से गुजर रहे कार सवार नीचे नदी में गिर गए और बड़ा हादसा हो गया।

### नेपाल के साथ रक्षा सहयोग पर सार्थक चर्चा

**नई दिल्ली।** भारतीय थल सेनाध्यक्ष (सीओएएस) जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने नेपाल की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा के दौरान नेपाली सेना के साथ रणनीतिक चर्चा की। सेनाध्यक्ष ने यहां गोरखा दिग्गजों के साथ बातचीत की। उन्होंने नेपाली सेना प्रमुख को भारत आने का औपचारिक निमंत्रण भी दिया। रक्षा मंत्रालय का मानना कि सेनाध्यक्ष की यह नेपाल यात्रा काफी सफल रही।



जनरल उपेंद्र द्विवेदी रविवार को भारत लौट आए। इस यात्रा ने दोनों देशों के बीच मजबूत रक्षा सहयोग, सांस्कृतिक संबंधों और आपसी सम्मान को मजबूत किया है। दोनों सेनाओं के बीच दोस्ती के संकेत के रूप में, भारतीय सेना ने नेपाली सेना को वेलोर माउंट घोड़े और सेंटिनल डॉग भेंट किए हैं।

## देश-विदेश

# दिल्ली की वायु गुणवत्ता में मामूली सुधार, एक्यूआई 357

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**राष्ट्रीय** राजधानी की वायु गुणवत्ता में रविवार को मामूली सुधार हुआ और इससे संबंधित सूचकांक 'गंभीर' श्रेणी से घटकर 'बहुत खराब' श्रेणी में आ गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, दिल्ली में सुबह आठ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 357 दर्ज किया गया, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है, जबकि शनिवार शाम चार बजे 24 घंटे का औसत एक्यूआई 412 था।

हालांकि, आनंद विहार में वायु गुणवत्ता फिर भी 'गंभीर' श्रेणी में ही रही और एक्यूआई 404 दर्ज किया गया। राजधानी की वायु गुणवत्ता लगभग एक महीने से खतरनाक बनी हुई है। यहां 30 अक्टूबर को पहली बार एक्यूआई 'बहुत खराब' श्रेणी में दर्ज किया



गया था, जिसके बाद लगातार 15 दिन तक यह इसी श्रेणी में रहा। दिल्ली में पिछले रविवार को वायु गुणवत्ता और भी खराब होकर 'गंभीर' श्रेणी में पहुंच गई थी तथा सोमवार एवं मंगलवार को भी यह इसी श्रेणी में रही। राजधानी में बुधवार को वायु गुणवत्ता 'बेहद गंभीर' श्रेणी में पहुंच गई थी।

### महाराष्ट्र चुनाव में मिली हार पर आत्मचिंतन करेंगे : केसी वेणुगोपाल

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि महा विकास आघाडी (एमवीए) के अन्य सहयोगी दल महाराष्ट्र विधानसभा में मिली हार पर सामूहिक आत्मचिंतन करेंगे।



चुनाव के नतीजे चौंकाने वाले और अविश्वसनीय हैं। वेणुगोपाल ने कहा कि महाराष्ट्र और हरियाणा में हार के बाद वह पूरी चुनाव प्रक्रिया को लेकर हैरान हैं। महाराष्ट्र चुनाव के नतीजों में किसी तरह की गड़बड़ी के सवाल पर कहा कि वे हार के तुरंत बाद ऐसा कोई आरोप नहीं लगा रहे।

## पूर्व सीजेआई ने राजनीतिक दलबदलुओं के मन से कानून का डर समाप्त किया : राउत

**एजेंसी, मुंबई**

शिवसेना नेता संजय राउत ने रविवार को पूर्व प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने महाराष्ट्र में दल-बदल करने वाले नेताओं के मन से कानून का डर खत्म कर दिया था।



राउत ने दावा किया कि अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय नहीं करके चंद्रचूड़ ने दलबदल के लिए दरवाजे और खिड़कियां खुली रखीं। शिवसेना (उबाठा) के नेता राउत का यह बयान राज्य विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी की करारी हार के बाद आया है, जहां महा विकास आघाडी (एमवीए) के तहत उसने 95 सीट पर चुनाव लड़ा था, लेकिन केवल 20 सीट पर ही जीत हासिल कर सकी। एमवीए के अन्य गठबंधन सहयोगियों का प्रदर्शन भी कुछ बेहतर नहीं रहा। कांग्रेस ने 101 में से केवल 16 सीट जीतीं और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) ने 86 सीट में से केवल 10 सीट जीतीं। राउत ने पत्रकारों के साथ बातचीत में आरोप लगाया कि उन्होंने (चंद्रचूड़) दलबदलुओं के मन से कानून का डर खत्म कर दिया। उनका नाम इतिहास में काले अक्षरों में लिखा जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव के नतीजे पहले से तय थे। उन्होंने कहा कि अगर तत्कालीन पूर्व न्यायाधीश ने अयोग्यता याचिकाओं पर समय पर फैसला किया होता, तो परिणाम अलग होते।

## राकांपा ने अजित पवार को महाराष्ट्र विधानसभा में पार्टी का नेता चुना

**एजेंसी, मुंबई**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने पार्टी अध्यक्ष अजित पवार को रविवार को विधानसभा में पार्टी का नेता चुना।



पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष और लोकसभा सदस्य सुनील तटकरे की अध्यक्षता में हुई बैठक में पवार को विधायक दल का नेता नियुक्त किया गया और उनके सहयोगी अनिल पाटिल को फिर से मुख्य सचेतक नियुक्त किया गया। पाटिल सदन के सत्रों के दौरान विधायकों की उपस्थिति पर नजर रखेंगे और विभिन्न विषयों पर बोलने के उनके अनुरोध पर विचार करेंगे।

### इसराइल दूतावास के पास गोलीबारी करने के आरोपी ढेर

**अम्मान।** जॉर्डन में इसराइली दूतावास के पास पुलिस दल पर गोलीबारी करने के आरोपी को ढेर कर दिया है। दूतावास के पास गोलीबारी की घटना में तीन पुलिस अधिकारी घायल हो गए थे। गोलीबारी की यह घटना रविवार तड़के जॉर्डन की राजधानी अम्मान के रबियाह इलाके में हुई।

## दिल्ली पुलिस कांस्टेबल हत्याकांड का मुख्य आरोपी ढेर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली पुलिस के एक कांस्टेबल की चाकू घोंपकर हत्या किए जाने की घटना के एक दिन बाद मामले का मुख्य आरोपी दक्षिणी दिल्ली के संगम विहार इलाके में पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के गोविंदपुरी इलाके में रात्रि गश्त के दौरान कांस्टेबल किरण पाल की तीन लोगों ने चाकू घोंपकर हत्या कर दी थी। दो आरोपियों दीपक मैक्स और कृष गुप्ता को उसी दिन गिरफ्तार कर लिया गया था। तीसरा आरोपी राघव संगम विहार में छिपा हुआ था। आरोपी की पहचान कर उसे आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया लेकिन उसने पुलिस के अनुरोध को अनसुना करते हुए पुलिस कर्मियों पर गोलियां चलाईं जिसके बाद पुलिसकर्मियों ने भी जवाबी कार्रवाई की जिसमें आरोपी घायल हो गया। अधिकारी ने कहा कि उसे तुरंत ओखला के ईएसआईसी अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस मुठभेड़ में कोई पुलिस अधिकारी घायल नहीं हुआ है और उन्होंने एक पिस्तौल और दो कारतूस जब्त किए हैं।

## नाटो के खिलाफ साइबर हमले की तैयारी में रूस : ब्रिटेन

**एजेंसी, लंदन**

**रूस** यूक्रेन के समर्थन को कमजोर करने के लिए यूनाइटेड किंगडम और अन्य नाटो सदस्यों पर साइबर हमले करने की तैयारी कर रहा है। ब्रिटिश सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री ने यह दावा किया है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक डची ऑफ लैंकेस्टर के चांसलर पैट मैकफैडेन नाटो की अगले हफ्ते होने वाले एक बैठक में यह जानकारी साझा करेंगे कि क्रेमलिन ब्रिटेन को निशाना बना सकता है और लाखों लोगों की बिजली को गुल कर सकता है। लैंकेस्टर हाउस में नाटो साइबर डिफेंस कॉन्फ्रेंस के लिए अपने भाषण में मैकफैडेन के इस बात पर जोर देने की उम्मीद है कि रूस अपने जियो-



पॉलिटिकल एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए पश्चिमी साइबर सुरक्षा, विशेष रूप से यूके की कमजोरियों का फायदा उठाने में संकोच नहीं करेगा। लैंकेस्टर नाटो सदस्यों से अपील करेंगे कि वे खतरे की गंभीरता को कम न आंकें। मैकफैडेन ने कहा कि साइबर हमले से रूस लाखों घर की बिजली गुल कर सकता है। वह बिजली ग्रिड को बंद कर सकता है। यह वह गुप्त युद्ध है जो रूस यूक्रेन के साथ लड़ रहा है।

## सीओपी29 : भारत ने 300 अरब अमेरिकी डॉलर के नए जलवायु वित्त समझौते को किया खारिज

**एजेंसी, बाकू (अजरबैजान)**

**भारत** ने 'ग्लोबल साउथ' के लिए सालाना कुल 300 अरब अमेरिकी डॉलर मुहैया कराने का लक्ष्य 2035 तक हासिल करने के जलवायु वित्त पैकेज को रविवार को यहां संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन में खारिज कर दिया और इसे 'बहुत कम एवं बहुत दूर की कौड़ी' बताया।

वित्तीय मदद का 300 अरब अमेरिकी डॉलर का आंकड़ा उस 1.3 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से बहुत कम है, जिसकी मांग 'ग्लोबल साउथ' देश जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए पिछले तीन साल से कर रहे हैं। 'ग्लोबल साउथ' का संदर्भ दुनिया के कमजोर या विकासशील देशों के लिए दिया जाता है। आर्थिक मामलों के विभाग की सलाहकार चांदनी रैना ने भारत की ओर से बयान देते हुए कहा कि उन्हें समझौते को अपनाने से पहले अपनी बात नहीं रखने दी गई जिससे प्रक्रिया में उनका विश्वास कम हो गया है। उन्होंने कहा कि यह समावेशिता का पालन न करने, देशों के रुख का सम्मान न करने जैसी कई घटनाओं की पुनरावृत्ति है। हमने अध्यक्ष को सूचित किया था, हमने सचिवालय को सूचित किया था कि हम कोई भी निर्णय लेने से पहले बयान देना चाहते हैं।

### 2030 तक प्रति वर्ष 1.3 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की आवश्यकता होगी

**रैना** ने कहा कि हमें 2030 तक प्रति वर्ष कम से कम 1.3 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की आवश्यकता होगी। 300 अरब अमेरिकी डॉलर विकासशील देशों की जरूरतों और प्राथमिकताओं के अनुरूप नहीं हैं। यह सीबीडीआर (साझा लेकिन अलग-अलग जिम्मेदारी) और समानता के सिद्धांत के साथ अनुरूप नहीं है। इस दौरान राजनयिकों, नागरिक समाज के सदस्यों और पत्रकारों से भरे कक्ष में भारतीय वार्ताकार को जोरदार समर्थन मिला। रैना ने कहा कि हम इस प्रक्रिया से बहुत नाखुश और निराश हैं और इस एजेंडे को अपनाए जाने पर आपत्ति जताते हैं।

### दिल्ली दंगे : 25 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगा मामले में 25 आरोपियों के खिलाफ हत्या, आगजनी और डकैती समेत कई आरोप तय करने का आदेश दिया है। यह मामला पुलिस दल पर उस हमले से संबंधित है जिसमें हेड कांस्टेबल रतन लाल की मौत हो गई थी।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला ने यह भी कहा कि संविधान किसी भी प्रदर्शनकारी को हिंसा, हमला, हत्या या किसी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का कोई अधिकार नहीं देता, इसलिए यह तर्क पूरी तरह से अनुचित है कि आरोपी अपने संवैधानिक अधिकारों का इस्तेमाल कर रहे थे। अदालत ने 27 लोगों के खिलाफ मामले की सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया।

## डिजिटल पेमेंट में वर्ल्ड लीडर बन रहा भारत : आरबीआई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**अंतरराष्ट्रीय** स्तर पर यूपीआई नेटवर्क के तेजी से विस्तार के कारण भारत डिजिटल पेमेंट टेक्नोलॉजी में वर्ल्ड लीडर के रूप में उभर रहा है। यह जानकारी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की एक रिपोर्ट में दी गई।

यूपीआई के जरिए अक्तूबर में 16.6 अरब लेनदेन हुए हैं। साथ ही इस दौरान इंस्टेंट डेबिट रिवर्सल 86 प्रतिशत रहा है, जो कि पिछले साल की समान अवधि में 77 प्रतिशत था। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा ने रिपोर्ट में कहा है कि भारत का यूपीआई एक ओपन-एंडेड सिस्टम है। इसमें एक सिंगल एप्लीकेशन के जरिए एक



व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति या फिर व्यक्ति से व्यापारी के बीच आसानी से लेनदेन किए जा सकते हैं। पात्रा के अनुसार, डिजिटल क्रेडिट परिदृश्य में इनोवेशन जैसे अकाउंट एग्रीगेटर्स, ओसीईएन और ओएनडीसी पर वित्तीय सेवाओं ने भी उत्पादकता बढ़ाने में योगदान दिया है। ओएनडीसी मार्च 2024 तक 720 से ज्यादा शहरों में काम कर रहा है। इसके पास 49.72 मिलियन ऑर्डर हैं।

## स्पोर्ट्स विंडो

### कपिल ने टीम की अगुआई करने के लिए बुमराह की सराहना की



**मुंबई।** महान ऑलराउंडर कपिल देव ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रहे पर्थ टेस्ट में आगे बढ़कर भारत की अगुवाई करने के लिए रविवार को जसप्रीत बुमराह की प्रशंसा की और कहा कि मेहमान टीम ने अब तक उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया है। पर्थ टेस्ट के कार्यवाहक कप्तान बुमराह ने पहली पारी में 30 रन देकर पांच विकेट चटकाकर टीम को 46 रन की महत्वपूर्ण बढ़त दिलाई। ऑस्ट्रेलिया की टीम महज 104 रन पर आउट हो गई।बुमराह ने टेस्ट क्रिकेट में 11वीं बार पांच विकेट चटकाए और दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया (सेना) देशों में 7वीं बार यह उपलब्धि हासिल की। वह इन देशों में सर्वाधिक बार पांच विकेट लेने के मामले में कपिल के बराबर पहुंच गए। कपिल ने कहा, ''बुमराह को विशेष बधाई दी जानी चाहिए क्योंकि ऐसा बहुत कम होता है कि गेंदबाजों को कप्तान चुना जाए उन्हें जिस तरह से नेतृत्व करते हुए देखा है वह बहुत अच्छा लगता है।'' कपिल ने देश में तेज गेंदबाजी को फिर से चर्चा में लाने के लिए बुमराह की सराहना की। उन्होंने कहा, ''मुझे कुछ कहने की जरूरत नहीं है - उनके रिकॉर्ड बताते हैं (कि वह कितने अच्छे हैं। वह दुनिया के शीर्ष गेंदबाज हैं, हमें और क्या चाहिए?'' कपिल ने कहा, ''मैंने पहले कभी नहीं सोचा था कि भारत में एक तेज गेंदबाज के बारे में इतनी चर्चा होगी, लेकिन आज ऐसा हो रहा है और मुझे इस पर खुशी और गर्व है।'' कपिल ने कहा कि भारत का प्रदर्शन शानदार है क्योंकि टीम को हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर 0-3 से हार का सामना करना पड़ा।

### स्टाइल के वजह से चर्चा में रहती प्रिया पूनिया

**नई दिल्ली ।** भारतीय महिला क्रिकेटर प्रिया पूनिया अक्सर अपनी खूबसूरती और स्टाइल के वजह से चर्चा में रहती हैं। प्रिया पुनिया बेहद खूबसूरत क्रिकेटरों में से एक हैं। सोशल मीडिया पर भी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर इनके लाखों फॉलोवर हैं।



### ग्रीव्स का शतक, वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश को शुरुआती झटके दिए

**नॉर्थ साउंड (एंटीगा)।** जस्टिन ग्रीव्स ने अपने तीसरे ही टेस्ट में पहला शतक जड़ा जिससे वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी नौ विकेट पर 450 रन बनाकर घोषित की। ग्रीव्स ने नाबाद 115 रन बनाए। इससे पहले टेस्ट क्रिकेट में उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 33 रन था और 43 प्रथम श्रेणी मुकाबलों में उन्होंने सिर्फ एक शतक जड़ा था। उन्होंने छठे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 206 गेंद की अपनी पारी में चार चौके मारे। वेस्टइंडीज की ओर से इससे पहले मिकाइल लुई (97) और एलिक अथानाजे (90) शतक जड़ने से चूक गए। बांग्लादेश ने इसके जवाब में दिन का खेल खत्म होने तक सलामी बल्लेबाजों महमूदुल हसन जॉय (05) और जाकिर हसन (15) के विकेट गंवाकर दो विकेट पर 40 रन बनाए। दिन का खेल खत्म होने पर शहादत हुसैन 10 जबकि मोमीनुल हक सात रन बनाकर खेल रहे थे।

### भारतीय खो-खो महासंघ को फिक्की का 'इंडिया स्पोर्ट्स अवार्ड'

**नई दिल्ली।** उद्योग मंडल फिक्की ने भारतीय खो-खो महासंघ (केकेएफआई) को खेलों में उसके सराहनीय योगदान के लिए 'इंडिया स्पोर्ट्स अवार्ड-2024' से सम्मानित करने की घोषणा की है। फेडरेशन ऑफ इंडिया चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) ने बयान में कहा कि केकेएफआई को 'बेस्ट नेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन-2024' चुना गया है। यह पुरस्कार 14वें 'ग्लोबल स्पोर्ट्स' सम्मेलन के दौरान 30 नवंबर को केकेएफआई के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल को प्रदान किया जाएगा। उद्योग मंडल ने केकेएफआई को भेजे गए पत्र में कहा है, ''खेलों में आपके योगदान और समर्पण ने न केवल उत्कृष्टता के मानक स्थापित किए हैं बल्कि असंख्य खिलाड़ियों को जीवन में ऊंचाइयां छूने के लिए प्रेरित किया है।''

### हमने विराट कोहली के खिलाफ सब-कुछ आजमाया : हेजलवुड

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने रविवार को कहा कि उनके गेंदबाजों ने भारतीय दिग्गज विराट कोहली के खिलाफ दूसरी पारी में स्टंप्स के सामने, ऑफ स्टंप के बाहर और



शॉट गेंदों के साथ कुछ और पैंतरे अपनाए, लेकिन उनकी कोई भी योजना कारगर नहीं रही। कोहली ने 143 गेंद में नाबाद 100 रन की पारी खेली। भारत ने छह विकेट पर 487 पर अपनी दूसरी पारी घोषित की जिससे ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 534 रन का अनुभव जैसा लक्ष्य मिला। भारत ने दिन के समापन से पहले ऑस्ट्रेलिया के 12 रन तक तीन विकेट झटक लिए। हेजलवुड ने माना कि उनकी टीम को इस मैच को बचाने के लिए किसी करिश्मे की जरूरत होगी। हेजलवुड ने दिन के खेल के बाद कहा, '' हमने कुछ योजनाओं पर काम किया। उन्होंने वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी की। वह शानदार खिलाड़ी है। हमने उसके खिलाफ ऑफ स्टंप के बाहर गेंदबाजी करने की योजना को काफी देर तक आजमाया। हमने विकेटों को निशाना बनाकर गेंदबाजी की, शॉट गेंदों का इस्तेमाल किया लेकिन उन्हें श्रेय दिया जाना चाहिऐ। उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की।

### सुल्तानोव ने बोबरोव को हराकर आईटीएफ कलबुर्गी ओपन जीता

**कलबुर्गी (कर्नाटक)।** उज्बेकिस्तान के शीर्ष वरीय खुमोयुन सुल्तानोव ने रविवार को यहां रूस के बोगडान बोबरोव को एकतरफा फाइनल में हराकर आईटीएफ कलबुर्गी ओपन खिताब जीत लिया। सुल्तानोव ने पूरे एक घंटे तक चले फाइनल में बोबरोव को 6-2, 6-1 से मात दी। यह उज्बेकिस्तान के खिलाड़ी का सत्र का पांचवां और भारत में दूसरा खिताब था। उन्होंने साल के शुरू में चंडीगढ़ में खिताब जीता था। सुल्तानोव को इस खिताब जीतने के लिए 3,600 डॉलर का चेक और 25 एटीपी रैंकिंग अंक मिले। रोव को 2,120 डॉलर और 16 एटीपी अंक प्राप्त हुए।

## पर्थ टेस्ट ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 522 रन जबकि भारत को सात विकेट की दरकार

# कोहली ने लगाया 30वां टेस्ट शतक

**एजेंसी, पर्थ**

युवा यशस्वी जायसवाल और अनुभवी विराट कोहली के 'बहु प्रतीक्षित' शतक से ऑस्ट्रेलिया को 534 रन का रिकॉर्ड लक्ष्य देने के बाद भारत ने मेजबान टीम का स्कोर तीन विकेट पर 12 रन करके रविवार को यहां पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन अपना पलड़ा भारी रखा। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने 4.2 ओवर में ऑस्ट्रेलिया को तीन झटके देकर भारत को शानदार शुरुआत दिलाई।

बुमराह ने पारी के पहले ही ओवर में नाथन मैकस्वीनी को पगबाधा किया, जिसके बाद सिराज ने कप्तान पैट कमिंस को स्लिप में कोहली के हाथों कैच कराया। बुमराह ने स्टार बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन (03) को पगबाधा किया जो दिन की आखिरी गेंद साबित हुई। दिन का खेल खत्म होने पर सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा तीन रन बनाकर खेल रहे थे।

ऑस्ट्रेलिया को अब जीत के लिए 522 रन जबकि भारत को सिर्फ सात विकेट की दरकार है। जायसवाल ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा की झलक पेश करते हुए ऑस्ट्रेलिया में अपने पहले ही टेस्ट में 161 रन बनाए। दिसंबर में 23 बरस के होने जा रहे जायसवाल ने अपनी पारी के दौरान 297 गेंद का सामना करते हुए 15 चौके और तीन छक्के जड़े। जायसवाल ने दुनिया को दिखा दिया है कि भारत का भविष्य सुरक्षित हाथों में है। वह तेंदुलकर के बाद पर्थ में शतक जड़ने वाले दूसरे सबसे युवा भारतीय बल्लेबाज हैं। ठीक 32 साल पहले 17 साल के सचिन तेंदुलकर ने वाका की टूटती पिच पर अंतिम दो दिन बल्लेबाजी करते हुए शतक जड़कर दुनिया का ध्यान खींचा था।

उन्होंने लोकेश राहुल (77) के साथ पहले विकेट के लिए रिकॉर्ड 201 रन की साझेदारी की। जायसवाल के आउट होने के बाद भारतीय टीम जब संकट में घिरी तो मोर्चा 36 साल के कोहली (नाबाद 100) ने संभाला और जुलाई 2023 के बाद अपना पहला और कुल 30वां टेस्ट शतक जड़ा। उन्होंने वॉशिंगटन सुंदर (29) के साथ छठे विकेट के लिए 89 जबकि नीतिश कुमार रेड्डी (नाबाद 38) के साथ 7वें विकेट की 77 रन की अटूट साझेदारी की।

पिच से असमान उछाल मिल रहा है, जिससे भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह और उनके साथी गेंदबाज खुश होंगे। ऑस्ट्रेलिया को रिकॉर्ड लक्ष्य मिला है।

लक्ष्य का पीछा करते हुए सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के नाम है, जिसने मई 2003 में सेंट जोंस में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सात विकेट पर 418 रन बनाकर जीत दर्ज की थी। ऑस्ट्रेलिया में लक्ष्य का पीछा करते हुए सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड दक्षिण अफ्रीका के नाम है जिसने दिसंबर 2008 में पर्थ के ही वाका मैदान पर चार विकेट पर 406 रन बनाकर जीत दर्ज की थी।



''जब आप अच्छा नहीं खेलते है तो आपके दिमाग बहुत कुछ चल रहा होता है, आप क्रीज पर समय बिताने के बाद कुछ गलतियां कर देते हैं। मैं सिर्फ टीम के हित में योगदान देना चाहता था, मैं सिर्फ समय काटने के लिए क्रीज पर डटे रहना नहीं चाहता था।''
-विराट कोहली

**ऑस्ट्रेलिया में सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने वाले भारतीय**

| | |
|---|---|
| विराट कोहली | 07 (27 पारी) |
| सचिन तेंदुलकर | 06 (38 पारी) |
| सुनील गावस्कर | 05 (19 पारी) |
| वीवीएस लक्ष्मण | 04 (29 पारी) |
| चेतेश्वर पुजारा | 03 (21 पारी) |

### सर डॉन ब्रैंडमैन से आगे निकले विराट कोहली

**काफी** समय बाद विराट कोहली अपने चिर परिचित अंदाज में नजर आए। उन्होंने 143 गेंदों पर अपना 30वां शतक पूरा किया। शतक तक पहुंचने में विराट ने 8 चौके और 2 छक्के मारे। विराट टेस्ट में 30 शतक तक पहुंचने वाले भारत के चौथे बल्लेबाज बन गए हैं। उससे पहले सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर और राहुल द्रविड़ भारत की तरफ से 30 या उससे ज्यादा शतक मार चुके हैं। महान सर डॉन ब्रैडमैन के टेस्ट में 29 शतक हैं।



### 161 रनों की पारी जायसवाल ने खेली,जोकि ऑस्ट्रेलियाई घरती पर उनका पहला टेस्ट शतक है

**स्कोर बोर्ड**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **भारत (पहली पारी)** | | | **150/10** |
| **ऑस्ट्रेलिया (पहली पारी)** | | | **104/10** |
| **भारत (दूसरी पारी)** | **रन** | **गेंद** | **4/6** |
| जायसवाल क. स्मिथ ब. मार्श | 161 | 297 | 15/3 |
| राहुल क. केरी ब. स्टॉर्क | 77 | 176 | 5/0 |
| पड्डिकल क. स्मिथ ब. हेजलवुड | 25 | 71 | 2/0 |
| विराट (नाबाद) | 100 | 143 | 8/2 |
| पंत स्टं. केरी ब. लियोन | 01 | 04 | 0/0 |
| जुरेल पगबाधा ब. कमिंस | 01 | 06 | 0/0 |
| वॉशिंगटन ब. लियोन | 29 | 94 | 0/1 |
| नीतिश (नाबाद) | 38 | 27 | 3/2 |
| **अतिरिक्त** | 55 | | |
| **कुल : ( 134.3 ओवर)** | **487/6(घोषित)** | | |

**विकेट पतन** : 1-201, 2-275, 3-313, 4-320, 5-321, 6-410.
**गेंदबाजी :** स्टॉर्क 26-2-111-1, हेजलवुड 21-9-28-1, कमिंस 25-5-86-1, मार्श 12-0-65-1, लियोन 39-5-96-2, लाबुशेन 6.3-0-38-0, हेड 5-0-26-0.

| | | | |
|---|---|---|---|
| **ऑस्ट्रेलिया (दूसरी पारी)** | **रन** | **गेंद** | **4/6** |
| मैकस्वीनी पगबाधा ब. बुमराह | 00 | 04 | 0/0 |
| ख्वाजा (नाबाद) | 03 | 09 | 0/0 |
| कमिंस क. कोहली ब. सिराज | 02 | 08 | 0/0 |
| लाबुशेन पगबाधा ब. बुमराह | 03 | 05 | 0/0 |
| **अतिरिक्त** | 04 | | |
| **कुल : (4.2 ओवर)** | **12/3** | | |

**विकेट पतन** : 1-0, 2-9, 3-12,
**गेंदबाजी :** बुमराह2.2-1-1-2, सिराज 2-0-7-1.

## जायसवाल ने कहा–निडर मानसिकता के साथ खेला

**एजेंसी, पर्थ**

भारत के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने रविवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रहे पहले टेस्ट में शानदार शतकीय पारी के लिए निर्भीक मानसिकता और साहसिक फैसले लेने की काबिलियत को अहम बताया। जायसवाल ने ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर अपनी दूसरी ही पारी में 161 रन बनाए और केएल राहुल (77 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 201 रन जोड़कर भारत को 533 रन का लक्ष्य देने की नींव रखी।

जायसवाल ने तीसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''यह मेरे लिए बहुत विशेष पल था। मैं हमेशा से ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना चाहता था और इसमें अच्छा प्रदर्शन करना चाहता था। यह पारी मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है।'' उन्होंने कहा, ''मैं हमेशा निडर मानसिकता के साथ खेलना चाहता था। मुझे खुद पर भरोसा है और मैं साहसिक फैसले लेता हूं। इसलिए ऑस्ट्रेलिया में इतने बेहतरीन गेंदबाजों के खिलाफ खेलना एक अद्भुत अनुभव था। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों के खिलाफ शतक बनाना बहुत खास है। '' जायसवाल ने कहा कि उनका फोकस ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजों की नयी गेंद के स्पैल के खिलाफ डटे रहने पर था।

## नीतिश ने सभी को चुप कर दिया : प्रसाद

**एजेंसी, विशाखापत्तनम**

चयनकर्ताओं के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एमएसके प्रसाद का मानना है कि नीतिश कुमार रेड्डी के शानदार टी–20 प्रदर्शन के आधार पर भारतीय टेस्ट टीम में जगह बनाने को लेकर आशंकाएं थी, लेकिन पर्थ में उनकी निर्भिक बल्लेबाजी ने सभी आलोचकों को चुप करा दिया है। प्रसाद ने इस ऑलराउंडर को 12



साल की उम्र से खेलते हुए देखा है। उन्होंने कहा, ''हम शुरू में टेस्ट क्रिकेट में उनके जल्दी शामिल होने को लेकर आशंकित थे, लेकिन नीतिश ने ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में शानदार शुरुआत करके सभी तरह का संदेह खत्म कर दिया।''

प्रसाद ने कहा, ''नीतिश कुमार रेड्डी के शानदार पदार्पण को देखकर खुशी हो रही है जो आंध्र क्रिकेट संघ की अकादमियों के माध्यम से व्यवस्थित तैयारी प्रक्रिया के बाद आए हैं।''

## 40 युवक–युवतियों ने पूरा किया वॉटर स्पोर्ट्स का साहसिक कोर्स



कोर्स के समापन मौके पर प्रतिभागियों व शिक्षकों के साथ मुख्यातिथि व आयोजक।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण संस्थान एवं राफ्टिंग सेंटर पिरडी के सौजन्य से पिरडी में वॉटर स्पोर्ट्स साहसिक कोर्स का आयोजन किया गया। 10 दिवसीय इस वॉटर स्पोर्ट्स साहसिक कोर्स के समापन मौके पर एडीएम कुल्लू अश्वनी कुमार बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे।

इस मौके पर उन्होंने देश के चार राज्यों से आए प्रतिभागियों को बैज देकर सम्मानित किया। राफ्टिंग सेंटर व कोर्स प्रभारी प्रशिक्षक गिमनर सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के माध्यम से गुजरात, जम्मू–कश्मीर, पंजाब एवं ओड़िसा राजय से 40 प्रतिभागियों ने इस प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। इस कोर्स में 20 युवतियां व 20 एनएसएस स्वयंसेवियों ने स्विमिंग, वाइट वाटर राफ्टिंग, वाइट वाटर कायाकिंग, रिवर क्रॉसिंग, रेपलिंग, जुम्मारिंग, आर्टिफिशियल ब्रिज मेकिंग, आपदा प्रबंधन एवं रेस्क्यू तकनीक के गुर सीखे। चार राज्यों से आए प्रतिभागियों के साथ उनके टीचर भी साथ आए थे। उन्होंने 10 दिनों तक कुल्लू घाटी की सभ्यता संस्कृति का भी नजदीकी से अवलोकन किया। प्रतिभागियों को एक दिन बिजली महादेव पहाड़ पर ट्रैकिंग कर ले जाया गया।

उधर, कोर्स के सफल समापन पर अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण संस्थान के निदेशक अविनाश नेगी ने सभी प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

**चार राज्यों से आए प्रतिभागियों को बैज देकर सम्मानित किया**

## भारत शतरंज में तेजी से आगे बढ़ रहा : स्विडलर

**सिंगापुर।** रूस के ग्रैंडमास्टर पीटर स्विडलर ने कहा कि उन्हें निकट भविष्य में विश्व शतरंज चैंपियनशिप के खिताब के लिए दो भारतीय खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा करते हुए देखकर आश्चर्य नहीं होगा, क्योंकि इस खेल में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है।

भारत के डी गुकेश सोमवार से शुरू हो रही विश्व चैंपियनशिप में मौजूदा चैंपियन चीन के डिंग लिरेन का सामना करने के लिए तैयार हैं। दो भारतीयों के खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर स्विडलर ने कहा, ''निश्चित रूप से यह कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी।''

उन्होंने कहा, ''विश्व चैंपियनशिप मैच के लिए क्वालीफाई करना मुश्किल है। यहां तक कि इस साल अर्जुन (एरिगेसी) जैसे खिलाड़ियों का दबदबा रहा, वह जहां भी खेला काफी अंक जुटाए, वह बिल्कुल अविश्वसनीय है लेकिन वह भी विश्व चैंपियनशिप चक्र का हिस्सा नहीं है।'' स्विडलर ने कहा कि हालांकि विश्व चैंपियनशिप 'अतिरिक्त दबाव' लाती है।

## फुटबॉल : वाईएफसी पंजावर ने सलोह को 2–0 से दी पटकनी

**अनंत ज्ञान, संतोषगढ़**



नगर परिषद संतोषगढ़ के वीरेंद्र गौतम मेमोरियल स्कूल के खेल मैदान में तीन दिवसीय छठा अंगदानी संजय महे मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन हुआ। इसमें मुख्यतिथि के रूप में समाजसेवी आशु पुरी ने शिरकत की। फाइनल मैच में पंजावर और सलोह की टीमों के बीच जबरदस्त भिड़ंत हुई, जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए पंजावर की तीन विजयी रही। पंजावर ने 2–0 से विजय परचम लहराया।

मुख्यातिथि आशु पुरी ने अंगदानी संजय महे को याद किया। उनके माता–पिता बलराम महे और माता निर्मला देवी की सराहना कि बेटे के अंगदान कर कई जिंदगियों को जीवन दान दिया है। उन्होंने कहा कि किसी भी खेल में विजय आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है और पराजय एक अनुभव सीख देकर जाती है। आयोजकों में जसवीर सिंह व परमजीत सिंह कसाना ने बताया कि फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम दिन चार मैच खेले गए। इसमें पहला सेमीफाइनल मैच संतोखगढ़ व सलोह की टीमों के बीच खेला गया। सलोह की टीम 1 गोल से विजयी रही। दूसरा सेमीफाइनल वाईएफसी पंडोगा व वाई एफसी पंजावर की टीमों के बीच हुआ।

पंजावर की टीम ने 2 गोल से मैच को अपने कब्जे में कर लिया, जबकि खिताब के लिए फाइनल मैच में पंजावर और वाईएफसी सलोह के बीच जोरदार मैच हुआ। इसमें वाईएफसी सलोह को पछाड़कर बाई एफसी पंजावर ने 2–0 गोल से मैच जीत कर ट्रॉफी हासिल की। प्रथम स्थान पर आए पंजावर की टीम को 11, 000 रुपए व ट्राफी तथा द्वितीय स्थान पर आए सलोह की टीम को 7, 100 व ट्राफी देकर नवाजा गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से सेवानिवृत डीपीआई भगत राम ने भी खिलाड़ियों का उत्साह बर्धन किया। इस मौके पर समाजसेवी मुकेश पूरी, रवि बस्सी, नवीन महें, ठेकेदार बंटी सैनी, योगेश पुरी, संजू पूरी, शिव सैनी, दलीप डोजी, कैलाश आदि मौजूद रहे।

## फुटबॉल स्पेनिश लीग में बार्सीलोना 14 मैच में 34 अंक के साथ शीर्ष पर कायम


# सेल्टा विगो ने बार्सीलोना को ड्रॉ पर रोका

**एजेंसी, बार्सीलोना**

सेल्टा विगा ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे बार्सीलोना के खिलाफ स्पेनिश लीग फुटबॉल मैच में अंतिम मिनटों में दो गोल दागकर मुकाबले को 2–2 से ड्रॉ कराया।

राफिन्हा (15वें मिनट) और रॉबर्ट लेवानदोवस्की (61वें मिनट) के गोल की बदौलत बार्सीलोना की टीम जीत की ओर से बढ़ रही थी, लेकिन अंतिम 10 मिनट में मैच का रुख बदल गया। बार्सीलोना के डिफेंसिव मिडफील्डर मार्क कसाड को 81वें मिनट में दूसरी बार पीला कार्ड दिखाकर मैच से बाहर कर दिया गया।

बार्सीलोना का एक खिलाड़ी कम होने का फायदा उठाते हुए अल्फोंसो गोंजालेज (84वें मिनट) और ह्युगो अल्वारेज (86वें मिनट) ने दो गोल दागकर सेल्टा विगो को 2–2 बराबरी दिला दी। इस ड्रॉ के बावजूद



बार्सीलोना 14 मैच में 34 अंक के साथ शीर्ष पर है। टीम ने दूसरे स्थान पर मौजूद एटलेटिको मैड्रिड पर पांच अंक की बढ़त बना रखी है। बार्सीलोना तीसरे स्थान पर मौजूद रीयाल मैड्रिड से सात अंक आगे है लेकिन उसने दो मैच कम खेले हैं।

सेल्टा विगो की टीम 14 मैच में 18 अंक के साथ 11वें स्थान पर है। अन्य मुकाबलों में एटलेटिको मैड्रिड ने अलावेस को 2–1 से हराया जबकि वेलेंसिया ने रीयाल बेटिस को 4–2 से शिकस्त दी।

गिरोना ने एकतरफा मुकाबले में एस्पानयोल को 4–1 से हराया जबकि मालोर्का ने लास प्लेमास को 3–2 से पछाड़ा।

**इंटर मिलान ने वेरोना को हराकर सिरी ए में बढ़त बनाई:** मार्कस थुराम के दो गोल की मदद से गत चैंपियन इंटर मिलान ने हेलास वेरोना को 5–0 से हराकर सिरी–ए फुटबॉल टूर्नामेंट में बढ़त बना ली। इंटर ने अंक तालिका के शीर्ष में नेपोली पर दो अंक की बढ़त बना ली है।

## विश्व चैंपियनशिप बनने की जंग शुरू करेंगे गुकेश और लिरेन

**एजेंसी, सिंगापुर**

ग्रैंडमास्टर डी गुकेश पर उम्मीदों का बोझ कम है और वह सोमवार से यहां शुरू हो रही विश्व चैंपियनशिप में चीन के डिंग लिरेन से भिड़ेंगे तो उनका लक्ष्य विश्वनाथन आनंद के बाद यह प्रतिष्ठित खिताब जीतने वाला पहला भारतीय बनना होगा। अधिकांश शतरंज जगत गुकेश का समर्थन कर रहा है क्योंकि यह 18 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी चैंपियन बनने वाला धैर्य दिखा चुका है।



अब यह देखना होगा कि वह एक पखवाड़े तक चलने वाले इस टूर्नामेंट के दौरान बड़े अवसर के दबाव से कैसे निपटते हैं। शनिवार दोपहर हुई पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस को अगर संकेत माना जाए तो दोनों खिलाड़ी एक–दूसरे का बहुत सम्मान करते हैं, लेकिन साथ ही दोनों अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। लिरेन ने 2023 में रूस के इयान नेपोमनियाची के खिलाफ उतार–चढ़ाव भरे मुकाबले में जीत के साथ विश्व चैंपियन का ताज पहना था, लेकिन तब से चीन का खिलाड़ी मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से भी ग्रस्त रह चुका है और पिछले एक साल में गुकेश की तुलना में बहुत कम प्रतिस्पर्धा की है।